CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम : 19°C


मुजफ्फरनगर, शनिवार 18 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 90 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 29 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में अपराध नियंत्रण के लिए 500 फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स तैयार पेज 2



बेंगलुरु-दिल्ली के बीच बड़े मुकाबले में विराट पर रहेंगी सबकी नजरें खेल टाइम्स



धरोहरों में धड़कता भारतीय इतिहास सम्पादकीय



ईरान से समझौते के लिए खुद पाकिस्तान जाएंगे ट्रम्प! पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में भीषण गर्मी का दौर शुरू, बांदा में पारा 44 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** देश के मैदानी राज्यों में भीषण गर्मी जारी है। यूपी के बांदा में पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस, एमपी के नर्मदापुरम में 43 डिग्री सेल्सियस, राजस्थान के बाड़मेर में 42.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच है। इधर, राजस्थान के हनुमानगढ़ में बारिश के साथ ओले गिरने से मंडी में रखा अनाज भीग गया। मौसम विभाग के मुताबिक, जयपुर समेत 5 से ज्यादा जिलों में बरसात हो सकती है। हरियाणा में भी शुक्रवार दोपहर को बारिश और ओले गिरे। छत्तीसगढ़ में हीटवेव के कारण 11 दिन पहले स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। मध्य प्रदेश के अनूपपुर-डिंडोरी में भी स्कूलों का समय बदलकर सुबह 7 से 12 बजे तक कर दिया गया है। गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड में अगले 3 दिन लू का अलर्ट है।

### सबरीमाला मंदिर केस में 5वें दिन भी सुनवाई जारी रही

**नई दिल्ली।** केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 5वें दिन भी सुनवाई जारी रही। याचिकाकर्ता की तरफ से एडवोकेट राजीव धवन ने कोर्ट से कहा कि आस्था या विश्वास समय के साथ हमेशा बदलते रहते हैं। यह बदलाव सिर्फ किसी कानून के बन जाने से नहीं आता, बल्कि यह बदलाव तो लोगों के बीच से ही उभरकर आता है। इससे पहले 9 जजों की बेंच ने 15 अप्रैल की सुनवाई में कहा था कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। वहीं मंदिर प्रशासन त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने कहा कि सबरीमाला कोई खिलौने की दुकान या रेस्टोरेंट का मामला नहीं है। यहां के देवता ब्रह्मचारी हैं। भारत में अयप्पा के लगभग 1,000 मंदिर हैं। अगर महिलाओं को दर्शन करना है, तो वहां जाएं।

### सेना को सशक्त बनाने व रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल

**नई दिल्ली।** सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे सैन्य संघर्षों और ऑपरेशन सिंदूर के अनुभवों के आधार पर सेना को हर तरह से सशक्त बनाने तथा उसकी जरूरतों को देश में ही पूरा करने के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दिया गया। सैन्य नेतृत्व ने मानव रहित हवाई प्रणालियों और ड्रोन रोधी प्रणालियों के उपयोग सहित संचालन क्षमता बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को वक्तव्य जारी कर कहा कि सेना के कमांडरों के 13 अप्रैल से शुरू हुए चार दिन के सम्मेलन की अध्यक्षता सेना प्रमुख ने की और इसमें शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया। सम्मेलन को कैबिनेट सचिव, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, रक्षा सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष तथा नौसेना प्रमुख सहित सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने संबोधित किया। 'भविष्य के लिए तैयार बल' बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप, सेना ने वर्ष 2026 को नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता का वर्ष घोषित किया है।

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट खोला, डोनाल्ड ट्रम्प बोले शुक्रिया

**तेहरान/वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और लेबनान में लागू युद्धविराम के बीच ईरान ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। ईरान ने सीजफायर के दौरान होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खोल दिया है।

विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि सभी कमर्शियल जहाजों को गुजरने की इजाजत होगी। यह फैसला लेबनान में युद्धविराम के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे, जिसे ईरान के पोर्ट्स और मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने पहले से तय कर रखा है, ताकि सफर के दौरान कोई खतरा न हो। अराघची ने कहा कि इस दौरान जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो। विदेश मंत्री के अनुसार, यह निर्णय युद्धविराम अवधि के शेष समय के लिए लागू रहेगा और पहले से घोषित समन्वित मार्ग के तहत सभी व्यापारिक जहाजों को गुजरने की अनुमति दी जाएगी। यह मार्ग ईरान के पोर्ट्स एंड मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन द्वारा निर्धारित किया गया है। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। ऐसे में इस मार्ग को खोलने का निर्णय अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा बाजार और शिपिंग उद्योग के लिए राहत भरा माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम क्षेत्रीय तनाव को कम करने और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखने की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को शुक्रिया कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही होर्मुज स्ट्रेट खुल गया है, लेकिन ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी और यह सिर्फ ईरान पर लागू होगी। ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है।




- लेबनान में युद्धविराम के बाद फैसला, लेकिन ईरान की नाकाबंदी जारी रहेगी
- जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे

### ट्रम्प ने दिल्ली के एलजी बनने पर तरनजीत संधू को दी बधाई

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को दिल्ली के उपराज्यपाल का पदभार संभालने पर तरनजीत संधू को बधाई दी।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि दिल्ली के नए उपराज्यपाल बनने पर तरनजीत संधू को बधाई। एक अनुभवी राजनयिक और अमेरिका में पूर्व राजदूत के रूप में तरनजीत संधू ने हमेशा अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने के लिए गहरी प्रतिबद्धता दिखाई है। दिल्ली की प्रगति का नेतृत्व करने और वैश्विक संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी सफलता की कामना करता हूं। तरनजीत सिंह संधू, जो दिल्ली के 21वें उपराज्यपाल के रूप में कार्यरत हैं, फरवरी 2020 से जनवरी 2024 तक अमेरिका में भारत के 28वें राजदूत रहे।

### भाजपा नेता की हत्या में कांग्रेस एमएलए को उम्रकैद

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के भाजपा नेता योगेश गौड़ा गौदार हत्याकांड में बेंगलुरु के स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी समेत 17 दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है। कोर्ट ने सभी दोषियों पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कर्नाटक के धारवाड़ में 15 जून 2016 को बीजेपी नेता और जिला पंचायत सदस्य योगेश गौड़ा की उनके जिम में हत्या कर दी गई थी। शुरुआत में स्थानीय पुलिस ने जांच की, लेकिन राजनीतिक दबाव और आरोपों के चलते 2019 में मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था।

# महिला आरक्षण से जुड़ा बिल गिरा

## 21 घंटे हुई बिल पर चर्चा , पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े


**54 वोट से गिरा बिल, 11 साल के शासन के दौरान पहली बार मोदी सरकार बिल पास नहीं करा पाई, बेअसर रही शाह की एक घंटा स्पीच**

**परिसीमन संशोधन संविधान बिल 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून ( संशोधन ) बिल 2026 पर सरकार ने वोटिंग कराने से किया इन्कार**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण बिल से जुड़े संविधान के 3 संशोधन बिल सरकार लोकसभा में पास नहीं करा पाई। 21 घंटे की चर्चा के बाद सबसे पहले संविधान संशोधन बिल पर वोटिंग हुई। संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026 के जरिये 850 सीटें करने का प्रावधान था। इसके पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े।

लोकसभा में 528 सांसदों ने वोट डाले। बिलों को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह बहुमत नहीं मिलने से ये बिल 54 वोट से गिर गया। इसके बाद सरकार ने बाकी 2 बिल- परिसीमन संशोधन संविधान बिल 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल 2026 पर वोटिंग कराने से इन्कार कर दिया। 11 साल के शासन में यह पहला मौका जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई। इससे पहले अमित शाह ने एक घंटा स्पीच दी थी। कहा कि अगर ये बिल पास नहीं होते हैं, तो इसकी जिम्मेदारी विपक्ष की होगी। देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनकी राह का रोड़ा कौन है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने संविधान पर हुए इस हमले को हरा दिया है। हमने साफ तौर पर कहा है कि यह महिला आरक्षण बिल नहीं है, बल्कि यह भारत की राजनीतिक संरचना को बदलने का एक तरीका है। शाह ने कहा कि मैं टीवी पर विपक्ष के नेता का भाषण सुन रहा था। आपकी जिम्मेदारी है कि सदन की गरिमा बनी रही। वे कहते हैं कायर हैं, सरेंडर कर रहे हैं।



### विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया, बहुत खेद की बात: किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने से जुड़ा ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण विधेयक था। इसी पर यह नतीजा आया है। विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया। बहुत खेद की बात है। आपने एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया। महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने का हमारा अभियान जारी रहेगा और हम उन्हें अधिकार दिलाकर ही रहेंगे।

### देर रात जारी हुआ नोटिफिकेशन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण कानून यानी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' को 16 अप्रैल 2026 से लागू कर दिया था। संसद में गुरुवार से ही इसके संशोधन पर 3 दिनों के लिए बहस शुरू हुई। इस बीच, आधी रात को मूल कानून लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसका मतलब यह है कि महिला आरक्षण के जिस कानून में संशोधन की बात की जा रही है, वह लागू ही नहीं हुआ था। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, कानून में बदलाव तभी हो सकता है जब वह लागू हो चुका हो। अचानक सरकारी नोटिफिकेशन की यही वजह है।

# पवन खेड़ा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की मांग खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को बड़ा झटका देते हुए उनकी ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की अर्जी ठुकरा दी है।

यह मामला असम पुलिस द्वारा असम के मुख्यमंत्री सरमा की पत्नी की शिकायत पर दर्ज की गई एक प्राथमिकी से जुड़ा है। श्री खेड़ा का आरोप था कि श्री सरमा की पत्नी के पास अलग-अलग देशों के कई पासपोर्ट हैं। श्री खेड़ा की उस अर्जी को भी अदालत ने ठुकरा दिया, जिसमें उन्होंने ट्रांजिट जमानत को अगले मंगलवार तक बढ़ाने की मांग की थी, ताकि वह सोमवार को असम की अदालत में पेश हो सकें। यह घटनाक्रम शीर्ष अदालत द्वारा उनकी अग्रिम जमानत पर रोक लगाने के दो दिन बाद सामने आया है। यह अग्रिम जमानत उन्हें तेलंगाना उच्च न्यायालय ने दी थी। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और अतुल एस. चांदुरकर की पीठ ने टिप्पणी की कि यदि संबंधित अदालत काम नहीं कर रही है, तो मामले की सुनवाई के लिए अनुरोध किया जा सकता है, जिस पर मौजूदा चलन के अनुसार विचार किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि न तो वह और न ही तेलंगाना उच्च न्यायालय असम की उस अदालत के काम में कोई दखल देगा, जो पवन खेड़ा के खिलाफ मामले की सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि 5 अप्रैल को एक संवाददाता सम्मेलन में श्री खेड़ा ने आरोप लगाया था कि श्री सरमा के पास कई पासपोर्ट हैं और कई देशों में उनकी संपत्तियां हैं, जिनका जिक्र असम के सीएम ने अपने चुनावी हलफनामे में नहीं किया था।

- सुप्रीम कोर्ट ने किया स्पष्ट, वह मामले में दखल नहीं देगा

# उप्र सरकार ने श्रमिकों का न्यूनतम वेतन बढ़ाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ ।** प्रदेश सरकार ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के विरोध और मजदूरी बढ़ाने की मांग के बाद न्यूनतम मजदूरी दरों में वृद्धि कर दी है। एक अप्रैल 2026 से नई दरें लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

नई व्यवस्था के तहत प्रदेश को तीन श्रेणियों में बांटकर अलग-अलग मजदूरी दरें तय की गई हैं। सरकार के फैसले में नोएडा-ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद को श्रेणी-1 में रखा गया है, जबकि अन्य नगर निगम वाले जिले श्रेणी-2 और शेष जिले श्रेणी-3 में शामिल किए गए हैं। नई दरों के लागू होने से सबसे अधिक लाभ श्रेणी-1 के श्रमिकों को मिलेगा। नई दरों के अनुसार, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में कुशल श्रमिकों का मासिक वेतन 13,940 रुपये से बढ़ाकर 16,868 रुपये कर दिया गया है, यानी करीब 3,288 रुपये की वृद्धि होगी। वहीं अर्द्धकुशल श्रमिकों का वेतन 12,445 रुपये से बढ़कर 15,059 रुपये और अकुशल श्रमिकों का वेतन 11,313 रुपये से बढ़कर 13,690 रुपये हो जाएगा। अन्य नगर निगम वाले जिलों में भी मजदूरी में बढ़ोतरी की गई है, जहां कुशल श्रमिकों का वेतन 16,025 रुपये तक पहुंचेगा। जबकि बाकी जिलों में कुशल श्रमिकों को 15,224 रुपये, अर्द्धकुशल को 13,591 और अकुशल को 12,356 प्रतिमाह मिलेंगे। इस तरह प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी न्यूनतम मजदूरी में कम से कम 1,300 रुपये से अधिक की वृद्धि सुनिश्चित की गई है। प्रदेश सरकार ने 13 अप्रैल को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की थी, जिसने विभिन्न पक्षों से विचार-विमर्श के बाद संशोधित दरों की सिफारिश की। साथ ही श्रमिकों के वेतन से केवल ईपीएफ और ईएसआई की ही कटौती मान्य होगी। श्रम विभाग ने यह भी निर्देश दिए हैं कि श्रमिकों को ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से, साथ ही बोनस और ग्रेच्युटी का भुगतान नियमानुसार किया जाए। यदि किसी संविदाकार द्वारा समय पर वेतन नहीं दिया जाता या कम भुगतान किया जाता है, तो उस पर न केवल वसूली की कार्रवाई होगी, बल्कि लाइसेंस निरस्त कर ब्लैकलिस्ट भी किया जाएगा।

- एक अप्रैल 2026 से नई दरें लागू करने की अधिसूचना जारी

# दोहरी नागरिकता मामले में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

इसके बाद अब राहुल गांधी की मुश्किल बढ़ गई है। दोहरी नागरिकता के मामले में शुक्रवार को लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। यह मामला निचली अदालत के उस फैसले के खिलाफ है, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया था। यूपी सरकार की तरफ से वकील ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई करे। इस पर जज ने मंजूरी दी। कहा कि एफआईआर करके मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रकरण की जांच सीबीआई करेगी। गौरतलब है कि कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने यह याचिका दाखिल की थी। याची ने लखनऊ की विशेष एमपी/एमएलए अदालत के 28 जनवरी 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की उसकी अर्जी खारिज कर दी थी।

- इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने कहा: ब्रिटिश नागरिकता की जांच करे सीबीआई

# गौतम अडानी बने एशिया के सबसे अमीर इंसान

## अडानी की संपत्ति का शुद्ध मूल्य 92.6 अरब डॉलर आंका गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी एशिया के सबसे अमीर इंसान बन गए हैं। ब्लूमबर्ग के दुनिया के 500 सबसे अमीर अरबपतियों के दैनिक सूचकांक में श्री अडानी की संपत्ति का शुद्ध मूल्य 92.6 अरब डॉलर आंका गया है।

पिछली सूची के बाद उनकी संपत्ति 3.56 अरब डॉलर बढ़ी है और वह दुनिया में 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। साथ ही वह एशिया के सबसे धनाढ्य व्यक्ति भी बन गए हैं। श्री अडानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। पिछली सूची के बाद श्री अंबानी की संपत्ति में 7.67 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ है और यह 90.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। वह वैश्विक सूची में अब 20वें स्थान पर हैं। इस सूची में पहले आठ स्थान पर अमेरिका का कब्जा है और ये सभी प्रौद्योगिकी कंपनियां हैं। जाने-माने उद्योगपति एलन मस्क 656 अरब डॉलर के साथ पहले स्थान पर हैं। उनके बाद क्रमश: लैरी पेज, जेफ बेजोस, सर्गेई ब्रिन और मार्क जुकरबर्ग रहे। शीर्ष 20 में अमेरिका के अलावा भारत के दो और फ्रांस, मेक्सिको तथा स्पेन की एक-एक कंपनियां शामिल हैं।






- मुकेश अंबानी को पछाड़कर अडानी ने यह उपलब्धि हासिल की

# लगातार तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति चुने गए हरिवंश

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के मनोनीत सदस्य हरिवंश को शुक्रवार को लगातार तीसरी बार उच्च सदन के उप सभापति के पद पर ध्वनिमत से चुन लिया गया।

नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा ने हरिवंश को उप सभापति चुने जाने का प्रस्ताव रखा, जिसका भारतीय जनता पार्टी की सदस्य एस. फांगनोन कोन्याक ने समर्थन किया। सदन ने इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया। वह इस पद पर लगातार तीसरी बार चुने गए हैं। प्रस्ताव रखे जाने के दौरान विपक्ष के सदस्यों ने इस संबंध में कुछ कहना चाहा, लेकिन सभापति ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। विपक्ष की ओर से इस पद के लिए किसी का नामांकन नहीं किया गया था। यह पहला अवसर है, जब किसी मनोनीत सदस्य को सदन का उप सभापति चुना गया है।

- विपक्ष के सदस्यों को सभापति ने कुछ कहने की अनुमति नहीं दी

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से बदली तकदीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में कारगर साबित हो रही हैं। 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' के तहत मिल रही वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन से युवा न केवल अपना व्यवसाय शुरू कर रहे हैं, बल्कि रोजगार सृजन में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में इटावा जनपद के गाड़ीपुरा निवासी बिलाल हसन ने इस योजना का लाभ उठाकर अपनी अलग पहचान बनाई है। बिलाल ने जिला उद्योग केंद्र से जानकारी प्राप्त कर योजना के तहत 10 लाख रुपये का ऋण हासिल किया और प्रिंटिंग प्रेस व फ्रलेक्स का कारोबार शुरू किया। शुरुआत में सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मेहनत और लगन से अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाया। आज उनका उद्यम स्थिर रूप से संचालित हो रहा है और वे प्रतिमाह 50 से 60 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने व्यवसाय के माध्यम से 5 अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है।


### सिन्हा ने परशुराम जयंती पर शोभा यात्रा को दिखाई हरी झंडी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में जम्मू के चाणक्य चौक परेड से एक भव्य शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जुलूस का आयोजन डोगरा ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा द्वारा आयोजित किया गया जिसमें भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जीवन एवं शिक्षाओं का उत्सव मनाया गया। इससे पहले, उपराज्यपाल ने भगवान परशुराम को नमन किया और सभी के लिए शांति, प्रगति एवं समृद्धि की प्रार्थना की।

# अपराध नियंत्रण के लिए 500 फॉरेंसिक एक्सपर्ट तैयार

## प्रदेश के सभी 75 जिलों में 'साइबर सिघम' की एक सशक्त फौज तैयार की जा रही

शाह टाइम्स ब्यूरो



- प्रशिक्षित अधिकारी अपने-अपने जिलों और कमिश्नरेट में जाकर अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे
- पूरे प्रदेश में फॉरेंसिक पुलिसिंग की मजबूत श्रृंखला विकसित होगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अपराध नियंत्रण के लिए अब पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक जांच को बड़े पैमाने पर लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी 75 जिलों में 'साइबर सिघम' की एक सशक्त फौज तैयार की जा रही है, जो अपराधियों पर शिकंजा कसने में अहम भूमिका निभाएगी।

इस दिशा में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में बड़े स्तर पर क्राइम सीन एक्सपर्ट तैयार किए जा रहे हैं। पांच चरणों में 500 विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करने की योजना के तहत अब तक 300 एक्सपर्ट तैयार किए जा चुके हैं, जबकि शेष दो बैचों का प्रशिक्षण जल्द पूरा होगा। इस पहल की खास बात यह है कि प्रशिक्षित अधिकारी अपने-अपने जिलों और कमिश्नरेट में जाकर अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे। इससे पूरे प्रदेश में फॉरेंसिक पुलिसिंग की मजबूत श्रृंखला विकसित होगी। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में ये एक्सपर्ट वर्कशॉप आयोजित कर आरक्षी से लेकर निरीक्षक स्तर तक के पुलिसकर्मियों को क्राइम सीन मैनेजमेंट, साइबर फॉरेंसिक और डिजिटल साक्ष्य संरक्षण की बारीकियां सिखाएंगे।

प्रशिक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को आधुनिक तकनीकों जैसे डिजिटल एविडेंस प्रिजर्वेशन, साइबर ट्रैकिंग, वैज्ञानिक सैंपलिंग और फॉरेंसिक विश्लेषण की गहन जानकारी दी जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि घटनास्थल पर पहुंचते ही हर पहलू को सटीक तरीके से सुरक्षित और विश्लेषित किया जा सके। संस्थान के संस्थापक निदेशक डा. जीके गोस्वामी के अनुसार तीन बैचों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, जबकि चौथा बैच 27 अप्रैल से शुरू होगा। इसके बाद पांचवें चरण में सभी विशेषज्ञ तैयार कर लिए जाएंगे, जो प्रदेशभर में पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे। राज्य सरकार की इस पहल से उत्तर प्रदेश में फॉरेंसिक आधारित पुलिसिग को नई धार मिलने की उम्मीद है। यह कदम प्रदेश को आधुनिक, तकनीक-सक्षम और मजबूत कानून-व्यवस्था वाले राज्य के रूप में और सुदृढ़ करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# मायावती ने फिर बोला कांग्रेस और सपा पर तीखा हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बसपा प्रमुख ने आरक्षण को लेकर साधा निशाना, लगातार अपना रुख बदलने का आरोप लगाया

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल एससी, एसटी और ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों के मुद्दे पर लगातार अपना रुख बदलते रहे हैं और अब महिला आरक्षण के नाम पर भी राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं।

मायावती ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में इन वर्गों के आरक्षण को पूरी तरह लागू करने की दिशा में कभी ठोस पहल नहीं की। उन्होंने ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में मंडल आयोग की सिफारिशों का जिक्र करते हुए कहा कि इसे लागू कराने का श्रेय बसपा के प्रयासों और पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की सरकार को जाता है।

सपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछड़े मुस्लिमों को ओबीसी का लाभ देने संबंधी आयोग की रिपोर्ट को सपा सरकार ने लंबे समय तक लागू नहीं किया, जबकि बसपा सरकार ने 1995 में इसे लागू किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब वही सपा राजनीतिक स्वार्थ के तहत महिलाओं के लिए अलग आरक्षण की बात कर रही है। महिला आरक्षण पर मायावती ने कहा कि परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में होती, तो वह भी भाजपा की तरह ही कदम उठाती।

अपने बयान में उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि देश में एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम समाज के वास्तविक हितों को लेकर कोई भी पार्टी पूरी तरह गंभीर नहीं रही है। उन्होंने इन वर्गों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं और अपने हितों को ध्यान में रखते हुए आत्मनिर्भर बनें।

# बीमार पिता से मिलने के लिए सांसद को रिहा करे केंद्र: कश्मीरी नेता

श्रीनगर, वार्ता

कश्मीर के राजनीतिक नेताओं ने केंद्र सरकार से अपील कर जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद को गंभीर रूप से बीमार उनके पिता से मिलने देने के लिए मानवीय आधार पर रिहा करने का आग्रह किया है।

'अपनी पार्टी' अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से इंजीनियर रशीद की रिहाई पर विचार करने की अपील की। 'अपनी पार्टी' अध्यक्ष ने यह अपील श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल में इंजीनियर रशीद के बीमार पिता खाजिर मोहम्मद शेख से मुलाकात करने के बाद की। श्री बुखारी ने 'एक्स' पर कहा कि मैंने श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल में इंजीनियर रशीद साहब के बीमार पिता खाजिर मोहम्मद शेख साहब से मुलाकात की। वह अपनी गंभीर बीमारी से जंग लड़ रहे हैं और उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। उनकी हालत अत्यंत चिंताजनक है और उनका परिवार बहुत ही मुश्किल और तकलीफदेह दौर से गुजर रहा है। इस मुश्किल घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं और अल्लाह से दुआ करते हैं कि वह खाजिर साहब को इस गंभीर स्थिति से पार पाने की हिम्मत दें। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से इंजीनियर रशीद को पैरोल देने की अपील करते हुए बुखारी ने लिखा, मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माननीय गृह मंत्री अमित शाह से अनुरोध करता हूं कि वे सांसद इंजीनियर रशीद को पैरोल देने पर विचार करें, ताकि वह अपने बीमार पिता और परेशान परिजनों के पास रह सकें।

## राहुल ने संसदीय सीटों के परिसीमन विधेयक का किया कड़ा विरोध

# देश का निर्वाचक मानचित्र बदलना चाहती है सरकार

नई दिल्ली, वार्ता



- विपक्ष के नेता ने कहा: यह 'देश द्रोह' है और विपक्ष इसे किसी कीमत नहीं होने देगा

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार परिसीमन की आड़ में भारत का निर्वाचक मानचित्र बदल देना चाहती है, लेकिन इससे महिलाओं का सशक्तीकरण नहीं होने वाला है। गांधी ने संसदीय सीटों के परिसीमन विधेयक का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह 'देश द्रोह' है और विपक्ष इसे किसी कीमत नहीं होने देगा।

गांधी ने परिसीमन विधेयक 2026, संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक 2026 और संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक 2026 पर हो रही चर्चा में शामिल होते हुए यह भी कहा कि सरकार लोक सभा सीटों का परिसीमन और विधायिका में महिलाओं का आरक्षण जिस तरह से देना चाहती है, वह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलितों और अल्पसंख्यकों के हितों पर हमला है। विपक्षी सदस्य इसका कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने सत्ता पक्ष से कहा कि आप ओबीसी को, दलितों को हिन्दू तो कहते हैं, लेकिन सत्ता में उन्हें स्थान नहीं देते। आप इन्हें हिन्दू तो कहते हैं, लेकिन इन्हें कोई स्थान नहीं देते। कार्पोरेट में ओबीसी, दलित कहां हैं, शिक्षा क्षेत्र में वंचित वर्ग कहां है, निजी क्षेत्र में ओबीसी-दलित कहां हैं। सार्वजनिक क्षेत्र से वंचित वर्गों को हटाया जा रहा है। गांधी ने सरकार से कहा कि महिलाओं को विधायिका में आरक्षण देने वाला पुराना विधेयक लाइए, वह उसका समर्थन करेंगे।

उन्होंने कहा कि अतीत में ओबीसी, दलित और अल्पसंख्यकों के लोगों के साथ बहुत क्रूर बर्ताव किया गया। अब यह विधेयक लाकर उनके साथ बिल्कुल वही काम किया जा रहा है। ऐसा काम किया जा रहा है, जिससे पिछड़ों और दलितों के हाथ में सत्ता कभी न आने दी जाए। उन्होंने कहा कि मनुवाद संविधान पर हावी है।

### परिसीमन के बाद राज्यों की लोकसभा सीटों में कमी होने की जताईआशंका

**नई दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी दलों ने परिसीमन विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि विधेयक के इस रूप में पारित होने से दक्षिण और छोटे राज्यों का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कम होगा और उनके हक मारे जाने की आशंका बनी रहेगी। सदन में परिसीमन विधेयक 2026, संविधान (137वां संशोधन) विधेयक 2026 और संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक 2026 पर अधूरी रही चर्चा की शुरुआत करते हुए द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की कनिमोझी ने आज कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने परिसीमन के बाद राज्यों की बढ़ने वाली लोक सभा की सीटें बढ़ाने का जो सूत्र बताया है उसे भविष्य में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि परिसीमन के मामले में सरकार अपना एजेंडा लागू कर सकती है। परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को नकारा भी जा सकता है। ऐसी स्थिति में न्याय कहां मिलेगा।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78493.54
निफ्टी 24353.55



सोना 152998
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 239934
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी, प्रमुख सूचकांक छह सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को चौतरफा लिवाली देखी गई जिससे प्रमुख सूचकांक छह सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 504.86 अंक (0.65 प्रतिशत) चढ़कर 78,493.54 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 156.80 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार की समाप्ति पर 24,353.55 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का छह सप्ताह का उच्चतम स्तर है। छोटी और मझौली कंपनियों में जबरदस्त लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.25 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.27 प्रतिशत ऊपर बंद हुए। आईटी की 0.02 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली हावी रही। एफएमसीजी का सूचकांक 2.65 प्रतिशत चढ़ गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, धातु, मीडिया, तेल एवं गैस और रियलटी समूहों में भी अच्छी तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर में पौने पांच प्रतिशत का उछाल रहा। पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बीईएल, टेक महिंद्रा, टाइटन, अडानी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े।

एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, इंडिगो, एचडीएफसी बैंक, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और भारती एयरटेल के शेयर भी हरे निशान में रहे। सनफार्मा का शेयर एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एलएंडटी में भी गिरावट रही।

# चावल, गेहूं के दाम गिरे, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल का औसत भाव गिर गया। चावल के साथ गेहूं भी सस्ता हुआ। चीनी में टिकाव देखा गया जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत छह रुपये घटकर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी तीन रुपये सस्ता हुआ और 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत गत दिवस के स्तर पर टिकी रही। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव नजर आया। उड़द दाल की औसत कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल पांच रुपये और चना दाल चार रुपये महंगी हुई। मूंग दाल के दाम भी दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। मसूर दाल की कीमत लगभग पिछले कारोबारी दिवस पर ही रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा 44 रिंगिट टूटकर 4,451 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.58 प्रतिशत उतरकर 68.65 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 19 रुपये और पाम ऑयल की 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल छह रुपये टूट गया। मूंगफली तेल और वनस्पति चार-चार रुपये सस्ता हुआ। सरसों तेल में तीन रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव दो रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। चीनी पिछले दिन के स्तर पर ही पड़ी रही।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7696.66 रुपये, मसूर काली 8082.04 रुपये, मूंग दाल 10170.81 रुपये, उड़द दाल 10816.30 रुपये, तुअर दाल 11274.22 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.17 रुपये और चावल 3850.39 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3265.56 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# चौहान के निर्देश पर अमानक बीज मामले में कार्रवाई

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से राजधानी दिल्ली में मध्यप्रदेश के धार और खरगोन जिले के किसानों ने मिलकर उनके समक्ष करेले की फसल में अमानक बीज और रोपाई से हुए भारी नुकसान का मामला रखा। इस पर सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए और दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उनके निर्देशों के बाद धार जिले के मनावर थाने में संबंधित कंपनी- नुन्हेम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। चौहान ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि किसानों के हित उनके लिए सर्वोपरि हैं। इन निर्देशों के बाद प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराएं 318(4) और 324(5), आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धाराएं 3 व 7 तथा बीज अधिनियम, 1966 की धारा 19 के तहत मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी में नुन्हेम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना को आरोपी के रूप में दर्ज किया गया है। किसानों की शिकायत है कि उन्होंने नवम्बर 2025 में विभिन्न नर्सरियों और कृषि सेवा केंद्रों से संबंधित इस कंपनी के बीज खरीदे थे, लेकिन बुआई और रोपण के बाद करेला फसल में अपेक्षित उत्पादन नहीं हुआ और फल छोटे, पीले होकर गिरने लगे। फसल उत्पादन में आई भारी गिरावट के बाद किसानों ने 17 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच की गई, जिसमें प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि अमानक बीज एवं अमानक बीज से तैयार रोपे किसानों को प्रमाणित बताकर बेचे गए, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचा।

# पश्चिम बंगाल में फिर गरजेंगे योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- उप्र के मुख्यमंत्री के कूचबिहार से लेकर बांकुड़ा तक ताबड़तोड़ कार्यक्रम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बार फिर पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरने जा रहे हैं। शनिवार को उनका दौरा बेहद अहम माना जा रहा है, जहां वे उत्तर से दक्षिण तक तीन जिलों में लगातार जनसभाएं और रोड शो कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सबसे पहले कूचबिहार जिले के माथाभांगा विधानसभा क्षेत्र में दोपहर 12 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां वे भाजपा प्रत्याशी निशीथ प्रमाणिक के समर्थन में जनता से संवाद करेंगे। सीमावर्ती इस क्षेत्र में पार्टी अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है और योगी की सभा को इस दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री जलपाईगुड़ी जिले के धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्र पहुंचेंगे, जहां दोपहर 1:20 बजे भाजपा उम्मीदवार नरेश चंद्र रॉय के समर्थन में जनसभा करेंगे। उत्तर बंगाल में पिछले चुनावों में मिली बढ़त को और मजबूत करने पर पार्टी का विशेष फोकस है। दिन के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री बांकुड़ा पहुंचेंगे, जहां शाम 4:15 बजे भाजपा प्रत्याशी नीलाद्रि शेखर दाना के समर्थन में रोड शो करेंगे। जंगलमहल क्षेत्र के इस अहम जिले में इस रोड शो को शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है और स्थानीय स्तर पर इसकी व्यापक तैयारियां की गई हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हालिया रैलियों में उमड़ रही भारी भीड़ ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भर दिया है। उनकी जनसभाओं में लोगों का उत्साह इस कदर देखने को मिल रहा है कि कार्यक्रम स्थल समय से पहले ही खचाखच भर जा रहे हैं।

### जन समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं अधिकारी: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं और समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे 200 लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराइए मत। सरकार, आपकी हर समस्या पर प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराएगी।

# कफ सिरप तस्करी मामले में शुभम जायसवाल समेत 18 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के बहुचर्चित प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप मामले में गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने भगोड़े सरगना शुभम जायसवाल समेत 18 आरोपियों के खिलाफ माननीय न्यायालय में 38,000 पेज की चार्जशीट दाखिल कर दी है। दूसरी ओर, भगोड़े शुभम जायसवाल को देश लाने की कवायद भी तेजी से चल रही है। कोतवाली पुलिस ने कोडीनयुक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री एवं तस्करी से जुड़े बड़े मामले में लगभग 38,000 पेज की चार्जशीट वाराणसी न्यायालय में दाखिल की है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। मामला थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी में मुकदमा संख्या 235/2025 के तहत पंजीकृत है। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 26(डी) के साथ ही बढ़ोत्तरी में धारा 61(2), 318(4), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस तथा एनडीपीएस एक्ट की धाराएं 8, 21, 29 और 27ए के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस उपायुक्त काशी जोन के निर्देशन, अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में यह चार्जशीट तैयार की गई है। इसमें कुल 18 अभियुक्त नामजद किए गए हैं, जिनमें एक फरार अभियुक्त भी शामिल है। प्रमुख अभियुक्त शुभम जायसवाल को भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। अन्य प्रमुख अभियुक्तों में भोला प्रसाद जायसवाल, प्रतीक मिश्रा, विशाल कुमार सोनकर, प्रतीक कुमार, धर्मेंद्र कुमार अग्रवाल, आदित्य जायसवाल, राहुल यादव, हिमांशु कसेरा, आकाश पाठक, विकास सिंह, अंकित कुमार श्रीवास्तव, स्वप्निल केसरी, दिनेश यादव, आशीष यादव, महेश खेतान, बादल आर्या और विशाल कुमार जायसवाल शामिल हैं।

जौला में फिर हुआ दर्दनाक हादसा

# डेयरी के गड्ढे में डूबने से बच्ची की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला में शुक्रवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। यहां डेयरी के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में डूबने से एक नाबालिग बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर है और मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब से 4 दिन पहले भी एक बच्चा भी इसी तरह गहरे गड्ढे में डूबकर मर गया था।

जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी डाक्टर फरमान राणा की लगभग 12 साल की पुत्री अल्फिशा शुक्रवार दोपहर घर के पास से गुजर रही थी। वह गांव में ही एक दूध की डेयरी के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे के पास पहुंच गई। गड्ढे में भैंसों का पेशाब और गोबर भरा हुआ था। आशंका है कि पैर फिसलने से बच्ची गहरे पानी में चली गई और डूब गई।

परिजनों के मुताबिक जब बच्ची काफी देर तक घर नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की गई। खोजबीन के दौरान कुछ बच्चों ने बताया कि एक बच्ची इस गड्ढे के अंदर देखी है जिसके हाथ ही दिखाई दे रहे थे। तभी परिजनों ने बच्ची को अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए दलदल रुपी गहरे गड्ढे में मृत अवस्था में देखा तो उनकी रूलाई फूट पड़ी। तब ग्रामीणों की मदद से बच्ची को बाहर निकाला गया और तुरंत



नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस भी दल बल सहित मौके पर पहुंची और परिजनों व ग्रामीणों से पूरी घटना की जानकारी लेते हुए परि. जनों को सांत्वना दी। बुढ़ाना पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेजना चाहा लेकिन परिजनों ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इस घटना को लेकर जहां परिजनों में जबरदस्त कोहराम मचा हुआ है वहीं गांव जौला में भी शोक व्याप्त है। जिस डेयरी मालिक ने गहरा गड्ढा खोदकर इसको भैंसों के पेशाब और गोबर से पाटा था वह मृतक बच्ची के परिवार का ही बताया जा रहा है। जिसको लेकर मृतक बच्ची के परिजनों ने पुलिस से किसी भी तरह की कार्यवाही कराने से इंकार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि 4 दिन पूर्व भी गांव जौला में इसी तरह की एक घटना हुई थी। जिसमें आतिफ नाम का एक बच्चा इसी तरह से गहरे गड्ढे में डूबकर मर गया था।

## जीएसटी सचल दल को गाड़ी के दस्तावेज में मिली खामियां

**मुजफ्फरनगर।** सचल दल के निरीक्षक वाजपेयी टीम के साथ वहलना चौक के निकट इधर से गुजरने वाले वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इसी बीच मेरठ की ओर से एक गाडी नजर आई जिसमें काफी माल भरा था। सचल दल के निरीक्षक ने गाडी को रोकना चाहा लेकिन गाडी चालक भागने लगा। आरोप यह भी है कि पिकअप गाडी का पीछा गया किया तो उसने विभागीय गाडी को टक्कर मारकर क्षतिगस्त कर दिया। लेकिन ओवरटेक के चलते आगे गाडी लगाकर गाडी को पकड़ लिया गया और इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। जीएसटी एसआईबी के कमिश्नर सिद्धेश चन्द दीक्षित की माने तो गाजियाबाद की एक फर्म से इलैक्ट्रोनिक का वेस्ट केपी सिटी लेकर पिकअप गाडी यहां आ रही थी और जब टीम ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। अधिकारियों का आरोप है कि न तो गाडी के दस्तावेज वैध मिले और टैक्स चोरी के इरादे से बिल भी नही बनाया गया जबकि यह सामान दो फर्मा के नाम भेजा जा रहा था।

# शहर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव की धूम

## निकाली गई शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, युवाओं ने फहराए फरसे

**मुजफ्फरनगर।** शहर से लेकर देहात तक हर गली मोहल्ले में भगवान परशुराम जन्मोत्सव की धूम रही निकाली गई शोभायात्रा से पूर्व सनातन धर्म सभा भवन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोद्धानन्द जी महाराज, लक्सर विधायक उमेश शर्मा, मंत्री कपिल देवी, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, व्यापारी नेता संजय मित्तल, पूर्व विधायक संगीत, यूजीसी विवाद के बाद चर्चाओं में आए पूर्व पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री क सपा राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा का आयोजन समिति द्वारा स्वागत किया। समारोह में शिशु प्रधान. अमित वत्स, केके शर्मा, संजय मिश्रा, जय कुमार शर्मा, हरेन्द्र शर्मा, , जिला पंचायत अध्यक्ष स्टेनो,अक्षय कुमार शर्मा ;षभदेव शर्मा, रोहित शर्मा, सुखबीर सिंह, वैभव शर्मा, आर्यन राज कौशिक, संदीप कौशिक, राघव मिश्रा, संजय शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुभाष शर्मा, विशाल शर्मा, डॉ. संदीप शर्मा, रवि शर्मा, राजन शर्मा, अमित शर्मा, मनीष शर्मा, रोहित कुमार, राघव शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के पदाधिका. रियों और सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही, जिसके चलते यह आयोजन शहर में चर्चा का विषय बना रहा। शुक्रवार को मुख्य समारोह टाउन हॉल मैदान से शुरू हुआ इसके बाद शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान सड़कों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा और पूरा शहर धार्मिक उत्साह में डूबा नजर आया। श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह समिति के अध्यक्ष सरनदीप कौशिक और आर्यन राज कौशिक, संयोजक श्रीभगवान शर्मा, संजय मिश्रा, ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संयोजक जय कुमार शर्मा सहित अन्य आयोजकों ने भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का अवतार बताते हुए उनके जीवन को धर्म, न्याय और त्याग का प्रतीक



बताया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन समाज को एकजुट होकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने उपस्थित जनसमूह को बधाई देते हुए भगवान परशुराम को नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

# टायर फैक्ट्री व कन्फेक्शनरी में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर में अलग-अलग दो स्थानों पर भंयकर आग की घटना से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। एक घटना सिविल लाईन क्षेत्र में हुई तो दूसरी घटना नई मंडी क्षेत्र के टायर फैक्ट्री की है। दोनों स्थानों पर दकमल विभाग की गाडिया पहुंची और काफी देर बाद आग पर काबू पाया।

पहली घटना सिविल लाईन क्षेत्र के मदीना चौक की है। जहां क्लासिक कन्फैक्शनरी दुकान में अचानक ही आग लग गई। सवेरे-सवेरे जब लोगों ने धुंआ उठता देखा तो लोगों ने इसकी जानकारी दुकान मालिक को दी। तुरन्त ही दुकान मालिक पहुंचा। दुकान खोलकर देखी तो अचानक ही आग की लपटे भड़क गई। इस समय दुकान में रखा डायफ्रूड और अन्य कीमती सामान जल चुका था। सूचना के कुछ देर बाद दमकल विभाग की गाडी मौके पर पहुंची और बडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अभी दमकल विभाग इस मामले में व्यस्त था कि इसी बीच नई मंडी क्षेत्र के जानसठ रोड पर टायर फैक्ट्री में भंयकर आग की खबर मिली। फायर बिग्रेड की गाडी मौके पर पहुंची। इस समय फैक्ट्री के बॉयलर में आग लगी हुई थी और वह तेजी से



फैल रही थी। दमकल विभाग ने यहा भी काफी देर बाद आग पर काबू पाया। आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। दोनों स्थानों पर लाखों रूपये का नुकसान हुआ है।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**मीरापुर।** मोहल्ला मोरी निवासी दिवाकर 28 वर्ष पुत्र छतरा, का परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बताया जाता है कि विवाद के बाद आहत होकर दिवाकर अपने कमरे में चला गया, जहां उसने घर में रखा हार्पिक पी लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तो वे उसे तुरंत स्थानीय चिकित्सकों के पास लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने भारी गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

# संगीत सोम ने ममता-राहुल-अखिलेश पर साधा निशाना

■ परशुराम जयंती कार्यक्रम में पहुंचे फायरब्रांड नेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा के फायरब्रांड नेता संगीत सोम ने पहुंचे कई राजनीतिक मुद्दों पर मीडिया के सवालों का बेबाकी से जवाब देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके बयानों से कुछ होने वाला नहीं है।

संगीत सोम ने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार आने के बाद देश या उत्तर प्रदेश से किसी भी समुदाय का पलायन नहीं हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि घुसपैठ का मुद्दा गंभीर है और देश के खिलाफ काम करने वालों या अवैध तरीके से प्रवेश करने वालों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

संगीत सिंह सोम शुक्रवार को परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में शिर. कत करने यहां पहुंचे थे।उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी पर भी प्रतिक्रिया दी। संगीत सोम ने कहा कि प्रधानमंत्री पूरे देश के होते हैं और उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना देश का अपमान है। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी को



मर्यादा में रहकर बयान देने की नसीहत दी। महाराष्ट्र में नाबालिग बच्चियों के साथ हो रहे अपराधों को लेकर भी उन्होंने चिंता जताई। इस मामले को गंभीर बताते हुए उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।संगीत सोम ने महापुरुषों के नाम पर होने वाली जातीय राजनीति की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जैसे महापुरुष किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा हैं। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बीच उनके बयान चर्चा का विषय बने रहे।

## 70 मोडिफाइड साइलेन्सर सहित चार गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने वायु प्रदूषण रोकने हेतु सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए चलाये गये अभियान के अन्तर्गत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 70 मोडीफाईड सेलेन्सर बरामद किये है। यह सेलेन्सर बुलट के ओरिजनल सेलेन्सर को बदलकर लगाये जाने थे। इससे मिसफायर की आवाज गूंजने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सीओ नगर सिद्धार्थ कुमार मिश्रा व सिविल लाईन थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने छापा मारकर खालापार निवासी मौ. साजिद मलिक, आर्य समाज रोड से आरिफ अहमद, बिलासपुर निवासी आसिफ पुत्र मंजूर अहमद व खालापार निवासी आसमौहम्मद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति मोडीफाईड सेलेन्सर बेचता और वाहनो में लगाता पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

### अब अमीर आलम शहर सीट से लड़ेंगे चुनाव

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व राज्यसभा सदस्य तथा पूर्व मंत्री रह चुके अमीर आलम खां ने यह घोषणा करके जिले की राजनीति में तूफान खड़ा कर दिया है कि वह अपने समर्थको और पीड़ित अल्पसंख्यकों व कमजोर तबके की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने के लिए मुजफ्फरनगर सदर विधानसभा सीट से चुनाव लडेंगे। थानाभवन क्षेत्र में अक्सर राजनैतिक रूप से सक्रिय रहने वाले अमीर आलम खां के पुत्र नवाजिश आलम भी विधायक रह चुके है और वह गढीपुख्ता के साथ-साथ मुजफ्फरनगर की नजर कालोनी में रहते है, जिस कारण इन दोनों ही सीटो पर उनका खासा प्रभाव कायम है। अभी हाल ही में आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर ने नवाजिश आलम को थानाभवन से चुनाव लडाने का ऐलान किया था। अब अमीर आलम खां ने मुजफ्फरनगर से चुनाव लड़ने की इच्छा जताकर सभी को चौंका दिया है। शहर सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या सवा लाख से अधिक होने के कारण कई मुस्लिम नेता इस सीट को अपने जीत के लिए आसान मानते है और चुनाव लडने की इच्छा भी रखते हैं। लगभग एक साल पहले घोषणा करके अमीर आलम खां मुस्लिमों को यही एहसास कराना चाहते है कि वह सच्चे मन से चुनाव लडने के लिए सक्रिय हो रहे है न किसी को चुनाव में लाभ या नुकसान पहुंचाने के लिए।

# अस्पताल में रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल

**कई बार प्रतिनिधि व अधिकारियों से हो चुकी हैं शिकायतें**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला चिकित्सालय आये दिन किसी न किसी विवाद में घिरा रहता है। अक्सर रिश्वतखोरी के मामले सामने आते रहते है, लेकिन इसमें खास बात यह है कि बीमार हो या तीमारदार शिकायत करना उनको महंगा पड़ जाता है। यह शिकायत स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों से समय-समय पर की जाती है, लेकिन कुछ दिन बाद फिर वहीं रिश्वत का खेल शुरू हो जाता है। लोगों को अधिकतर यह आरोप लगाते देखा गया कि बिना पैसो के मरीजों की देखभाल नही होती। पैसे देने के बाद ही तीमारदार वार्ड में भर्ती बीमार का इलाज करा पाते हैं। यह आरोप हम नही लगा रहे है, ऐसे अस्पताल में आने वाले बीमार व तीमारदारों का है। इस मामले की कई बार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है। ताजा मामला शुक्रवार का है, जहां एक वीडियो जिला अस्पताल में तैनात स्टाफ की वायरल हो रही है। वायरल वीडियो में खुलकर रिश्वत मांगी जा रही है साथ ही तीमारदार को यह स्पष्ट कहा जा रहा है कि यह पैसा सुबह से शाम तक वाले स्टाफ बंटता है और एक स्टाफ को 10 से 20 रूपये तक मिलते हैं। बात 200 और 300 रूपये की तीमारदार व स्टाफ के बीच हो रही है। नर्स स्पष्ट कह रही है कि सुबह से शाम तक डयूटी वाले स्टाफ में बराबर बंटते है और स्टाफ का मान रखते हुए सिर्फ 300 मांगे है, वर्ना वह सीधे 500 रूपये की मांग करती है। कुछ तीमारदारों का तो यह भी आरोप है कि देखभाल के नाम पर ही नही अच्छा बैड दिलाने के नाम पर भी वसूली हो रही है। बात यह है कि गरीब मरीज निजी अस्पताल के खर्चो से बचने के लिए सरकारी में जाते है, लेकिन यहा भी उनका शोषण होता है। उधर नर्स और अस्पताल के स्टाफ का कहना है कि रिश्वतखोरी का मामला निराधार है। तीमारदार उस पर झूठा आरोप लगा रहा है। अब सवाल यह है कि अस्पताल का स्टाफ सच बोल रहा है या फिर वायरल वीडियो की हकीकत क्या है। यदि जिला अस्पताल पर गंभीरता से देखा जाये तो यहां के संविदा के डाक्टर की बात तो क्या कहे, सरकार से वेतन लेने वाले पुराने डाक्टर भी यहां मरीजो को देखने से कतराते हैं। अस्पताल का स्टाफ मोटा वेतन लेने वाले डाक्टरों के घर अस्पताल आने वाले मरीजों को उनके घर फीस लेकर दिखाने का काम करते हैं। लेकिन कुछ प्रसिद्ध डाक्टरों पर कोई नजर नही दौडाता।


आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश निःशुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210



जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.



किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592
फीस 100/- रूपये मात्र
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

# संदिग्ध हालत में तीन नाबालिग बच्चियां लापता

**बुढ़ाना पुलिस तलाश में लगी, परिजन परेशान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब तहसील परिसर के पीछे के इलाके से एक साथ तीन नाबालिग बच्चियों के लापता होने की सूचना सामने आई।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के साथ साथ पुलिस महकमे में भी खलबली मच गई। सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और तीनों ही बच्चियों की बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तीनों बच्चियां शुक्रवार दोपहर तहसील के पीछे स्थित मोहल्ले से बाहर निकली थी। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास तलाश शुरू की।

रिश्तेदारों और परिचितों के यहां पता करने पर भी कोई सुराग नही मिला जिसके बाद परिजनों ने बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। एक साथ तीन बच्चियों के गायब होने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए बुढ़ाना कोतवाली प्रभारी मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल बच्चियों की फोटो व हुलिया आसपास के थानों और जिलों में सर्कुलेट किया। तहसील परिसर, आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि बच्चियों के बारे में कोई सुराग मिल सके। इसके अलावा बस स्टैंड और कस्बे से बाहर जाने वाले सब रास्तों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बच्चियों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हुए हैं।

## कल्पना चावला मेमोरियल इंटर कॉलेज के छात्रों का दबदबा



**बुढ़ाना।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर नगर में स्थित शाहपुर नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था कल्पना चावला मेमोरियल इंटर कॉलेज के छात्रों ने सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। मोनिश चौधरी ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिया ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंशिका सैनी ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वंशिका सैनी एवं वीर बलियान ने 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमश चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना पाल, प्रबंधक डॉ. सत्येंद्र पाल एवं उप प्रबंधक पुष्पेंद्र बलियान ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सभासद ने कराई दो गलियों की पैमाइश

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 10 को विकास कार्यों में नंबर वन बनाने के संकल्प के साथ सभासद गुलफाम खान द्वारा बुढाना में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुढ़ाना कस्बे के चंधेड़ी रोड पर स्थित वार्ड 10 की 2 प्रमुख गलियों की पैमाइश कराई गई। सभासद गुलफाम खान ने बताया कि इन गलियों में नाली व आरसीसी निर्माण का कार्य जल्द शुरु कराया जाएगा जिससे वार्डवासियों को जलभराव व कीचड़ की समस्या से निजात मिलेगी। वार्ड सभासद गुलफाम खान ने नगर पंचायत की टीम के साथ शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर पैमाइश का कार्य पूरा कराया। पहली गली लक्ष्मण के मकान से हाजी फैय्याज के मकान तक चिन्हित हुई। दूसरी गली सभासद गुलफाम खान के आफिस से जमन स्कूल तक नापी गई। दोनों गलियों में नई आरसीसी सड़क के साथ पक्की नाली का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

## वेलविस्टा व होटल किंग्स विला पर 1.53 करोड़ रुपये का जुर्माना

**मुजफ्फरनगर।** जीएसटी टीम ने छापामारी के दौरान दि वेलविस्टा एण्ड रिसोर्ट और होटल किंग्स विला-7 में करीब 8.5 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का खुलासा होने के बाद दोनों होटल्स पर पकड़ी गई टैक्स चोरी के आधार पर 1.53 करोड़ रुपये का जुर्माना निर्धारित किया है। जीएसटी अधिकारियों ने संबंधित मालिकों को नोटिस जारी किए हैं। छापे में जांच पड़ताल के दौरान बिना बिल पार्टी समारोह बुकिंग के प्रमाण मिले हैं।

दरअसल विगत 02 दिसम्बर 2025 को मिले इनपुट के आधार पर जीएसटी एसआईबी टीम ने दिल्ली देहरादून हाईवे स्थित होटल किंग्स विला-7 पर छापामार कार्यवाही की थी। जीएसटी एसआईबी के ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश चंद दीक्षित ने बताया कि इसमें बड़े स्तर पर वित्तीय गड़बड़ी पाई गई थी और विभाग ने विस्तृत जांच की थी। जांच पूर्ण होने पर कारोबारी फर्म मैसर्स छाबड़ा इनोवेटर एण्ड वेन्चर्स प्रा. लि. के अधीन संचालित होने वाले होटल किंग्स विला -7 में करीब पांच करोड रुपये के कारोबार का टर्नओवर ऐसा पकड़ा गया था, जो दस्तावेजों के आधार पर छिपाया गया। इस वित्तीय गड़बड़ी के लिए कारोबार फर्म पर 18 प्रतिशत जीएसटी की दर से जुर्माना राशि का अधिरोपण करते हुए 90 लाख रुपये की देनदारी बनी। फर्म की ओर से मौके पर रकम जमा करने से इंकार कर दिया गया था। ऐसे में अब होटल किंग्स विला -7 में पांच करोड़ की टैक्स चोरी के लिए जुर्माना राशि जमा कराने को नोटिस जारी किया गया है।

### बेटी का अपने स्कूल में पंजीकरण कराने में फंसे प्रधानाचार्य

**मुजफ्फरनगर।** अपनी बेटी को बिजनौर के एक सीबीएसई स्कूल से बिना टीसी (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) कटवाए, रिकॉर्ड में हेराफेरी कर अपने ही कॉलेज से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा दिलाने के मामले में मीरापुर कस्बे के एसडी इंटर कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. विकास कुमार शर्मा पर पद का दुरुपयोग कर गंभीर फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगा है।डीआईओएस ने इस मामले की जांच को कमेटी गठित की है।

दरअसल डा. विकास शर्मा एसडी इंटर कालेज मीरापुर के कार्यवाहक प्रधानाचार्य हैं। उनके खिलाफ आरोप है कि वर्ष 2015 में प्रधानाचार्य ने अपने ही विद्यालय में किसी अन्य छात्र के एसआर (स्कॉलर रजिस्टर) नंबर में छेड़छाड़ कर अपनी बेटी का पंजीकरण यूपी बोर्ड में दिखाया। शिकायतकर्ता दीपा रानी ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल सहित बिजनौर व मुजफ्फरनगर के डीआईओएस से की है।

शिकायतकर्ता दीपा रानी के अनुसार, डॉ. विकास शर्मा की पुत्री बिजनौर के एएन इंटरनेशनल स्कूल में 10वीं कक्षा तक पंजीकृत थी। चौंकाने वाली बात यह है कि उस समय डॉ. विकास शर्मा स्वयं केंद्र व्यवस्थापक की भूमिका में थे। शिकायत में कहा गया है कि छात्रा की आज तक सीबीएसई स्कूल से टीसी नहीं कटी है, जबकि वर्तमान में वह एमबीबीएस कर रही है। इस मामले में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब बिजनौर डीआईओएस ने पुष्टि कर दी कि छात्रा की टीसी उक्त सीबीएसई विद्यालय से नहीं कटी है। इससे प्रधानाचार्य द्वारा अधिकारियों को गुमराह करने और रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के आरोपों को बल मिला है। हालांकि, कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. विकास शर्मा ने मामले में अपनी सफाई देते हुए कहा कि अभी केवल शिकायत हुई है, लेकिन जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक कमेटी गठित की गई जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

## शुगर मिल के डॉक्टर ने देखा किसान का मॉडल फार्म

**बुढ़ाना।** गन्ने के साथ सह फसली खेती कर कम लागत में अधिक मुनाफा कैसे कमाया जाए इसकी मिसाल बन चुके गांव मंदवाड़ा के युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा का फार्म हाउस आज चर्चा का केंद्र रहा। शुक्रवार को बजाज शुगर मिल भसाना के वरिष्ठ गन्ना वैज्ञानिक डॉक्टर सिरोही अपनी टीम के साथ राणा फार्म पर पहुंचे और वहां गन्ने के साथ की जा रही मूंगफली, भिंडी, खीरा यानी कुकुंबर आदि फसलों की सह खेती का निरीक्षण किया। डॉक्टर सिरोही ने खेत में खड़े होकर गन्ने के साथ लहलहाती मूंगफली, भिंडी और खीरे की फसल को बारीकी से देखा। उन्होंने तैमूर अली राणा से फसल चक्र, खाद-उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई तकनीक और लागत मुनाफे की पूरी जानकारी ली। फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन देखकर डॉक्टर सिरोही बेहद प्रभावित हुए। निरीक्षण के बाद डॉक्टर सिरोही ने कहा तैमूर अली राणा ने साबित कर दिया है कि वैज्ञानिक तरीके से खेती कर आय दोगुनी की जा सकती है। इन्होंने गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचाए बिना उसी खेत से मूंगफली, भिंडी और खीरे का अतिरिद्र उत्पादन लेकर अपनी आमदनी में कई गुना बढ़ोतरी की है। मैं क्षेत्र के सभी किसानों से अपील करता हूं कि वे एक बार राणा फार्म पर आकर जरूर देखें कि कैसे कम जमीन में भी बहु फसली खेती से बेहतर मुनाफा लिया जा सकता है। इसी तरह और किसान भी अपनी आय दोग. ुनी कर सकते हैं और फसल उत्पादन बढ़ा सकते हैं। तैमूर अली राणा ने बताया कि उन्होंने ख्रषि विभाग व शुगर मिल के वैज्ञानिकों की सलाह पर दो साल पहले सह-फसली खेती शुरू की थी। इससे न केवल गन्ने की पैदावार पर कोई असर नहीं पड़ा बल्कि तीन चार महीने में अतिरिद्र फसल से लागत निकलने के साथ साथ अच्छा मुनाफा भी हो जाता है। उनके फार्म को देखकर आसपास के कई किसान अब इस तकनीक को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं और लगातार उनसे सलाह ले रहे हैं।

# पॉलिटैक्निक में करियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** गॉवरमेंट पॉलिटैक्निक जानसठ में आज एक महत्वपूर्ण करियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सही दिशा प्रदान करना था। कार्यक्रम का आयोजन छंसंदक म्कन-ज्मबी की ओर से किया गया।सेमिनार का संचालन Nalanda Edu&Tech ds Founder Director अंकुर बंसल द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि डिप्लोमा के साथ-साथ छात्रों को अपने स्किल्स पर भी ध्यान देना चाहिए, जैसे कि कंप्यूटर नॉलेज, कम्युनिकेशन स्किल्स और नई



तकनीकों की जानकारी। उन्होंने यह भी बताया कि केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि प्रैक्टिकल नॉलेज और अनुभव भी सफलता के लिए आवश्यक है।

उन्होंने सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे छात्रों को सलाह दी कि वे एक सही रणनीति बनाकर नियमित अध्ययन करें, पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों का अभ्यास करें और समय-समय पर अपनी तैयारी का मूल्यांकन करते रहें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए और निरंतर मेहनत करते रहना चाहिए। सेमिनार के दौरान छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, तथा रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

छात्रों ने भी अपने सवाल पूछे, जिनका समाधान सरल और स्पष्ट तरीके से किया गया। इस अवसर पर प्रदीप सर, मोहित सर सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर छात्रों को प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्रों ने इस सेमिनार को बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक बताया तथा आयोज. कों का आभार व्यक्त किया।

# स्काईलैंड में छात्र-छात्राओं ने रचा इतिहास

**शाहपुर।** स्काइलैंड स्कूल ने मनाया सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता का जश्न( मेधावी छात्र सम्मानित। स्काइलैंड स्कूल के प्रांगण में आज सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन और 98.64 :परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में एक भव्य श्सफलता समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर विद्यालय के उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से विद्यालय का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक राहुल गोयल व मनोज गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के टॉपर देवांश गोयल व मोहम्मद शमी जिन्होंने 94.8 : का अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें विद्यार्थी रत्न पुरस्कार और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सीबीएसई द्वारा घोषित हाईस्कूल के परिणाम में शानदार प्रदर्शन करने वाले नव्या बालियान, सारिका सैनी,जयंत राठी, कृष्णा सिंघल ,वैष्णवी सिंघल ,वैष्णवी शर्मा, दिव्यांशी सैनी, उज्ज्वल सिंघल, अतासी सैनी, देव बालियान, नैन्सी सैनी, मनस्वी चौधरी, रुद्राक्षी शर्मा, आदित्य सैनी, कीर्ति गुप्ता, कनिका बालियान, मानवी कार्निवल को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह को



संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा, यह सफलता केवल छात्रों की नहीं, बल्कि उनके माता-पिता के धैर्य और हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन की भी जीत है। स्काइलैंड स्कूल हमेशा से अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और यह परिणाम हमारी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है।ष्समारोह में उपस्थित अभिभावकों ने भी विद्यालय के प्रबंधन और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। परीक्षा में अव्वल आने वाले छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के अनुशासित वातावरण और शिक्षकों द्वारा समय-समय पर ली गई डाउट क्लियरिंग कक्षाओं को दिया।

**VASTU HOUSING FINANCE**

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, 'ए' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई 400015. महाराष्ट्र, सीआईएन नंबर: U65922MH2005PLC272501

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखा गया है, जिसका भौतिक कब्जा वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड को इसके बाद वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। सुरक्षित संपत्तियां ई-नीलामी के माध्यम से ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ है'' के आधार पर बेची जाएंगी।
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

| क. सं. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और ऋण खाता संख्या | तिथि एवं राशि अनुसार धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस और भौतिक कब्जे की दिनांक | संपत्ति/संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य, बयाना राशि जमा (रुपये में) | ई-नीलामी की तिथि और समय, ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि, निरीक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एचएल0000000114678 कृष्ण कुमार (उधारकर्ता) प्रेमवती (सह-उधारकर्ता) मनीष कुमार (सह- उधारकर्ता) | डिमांड नोटिस दिनांक 14/नवम्बर/25 और धनराशि रू. 1606433/- 12/नवम्बर/25 तक + ब्याज, लागत आदि और 21/फरवरी/26 | एक प्लॉट जिसका क्षेत्रफल 300.83 वर्ग गज, जिसकी पूर्व और पश्चिम दिशा में चौड़ाई- 71'3'' और उत्तर और दक्षिण दिशा में चौड़ाई 38', खसरा नंबर 120/8 के अंतर्गत, ग्राम कुकड़ा बहार हद्द परधना, तहसील जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश 251001. | रू. 2325175/- रू. 232517/- | 19/मई/2026 समय सुबह 10:00 से दोपहर 12:00 तक, 18/मई/2026 शाम 5:00 बजे तक, 02/मई/2026 |

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://sarfaesi-auctiontiger-net पर जाएं। ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता एम/एस ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क कर सकते हैं लिमिटेड (नीलामीकर्ता) पता: प्रधान कार्यालय: बी-705, वॉल स्ट्रीट II, ओरिएंट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद - 380 006 गुजरात (भारत)। संपर्क व्यक्ति: श्री राम शर्मा संपर्क नं. 8000023297/9265562818/9265562821/079-68136842/6869। ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net
2. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया https://sarfaesi.auctiontiger-net पर जाएं।
3. संपत्ति के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिकृत अधिकारी रमन जोशी/सोरभ पाहवा से संपर्क करें। संपर्क नंबर: 7838293620/9216986668

**यह सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत एक वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना भी है।**

दिनांक: 18.04.2026
स्थान: मुजफ्फरनगर

प्राधिकृत अधिकारी,
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि0

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन, सैकड़ों महिलाओं की सहभागिता

**मीरापुर।** नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान और उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की सराहना की गई।सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार सैनी ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकार ने विभिन्न विभागों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है, जिससे उन्हें आगे बढ़ने के अधिक अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को जो सम्मान और अधिकार प्राप्त हो रहे हैं, वह एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है। भाजपा नेत्री डॉ. तारिणी तनेजा ने कहा कि भारतीय महिलाएं हमेशा से अपनी प्रतिभा का परिचय देती रही हैं। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य और परिवार की देखभाल में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त समाज की नींव रखती है। वहीं युवा भाजपा नेत्री सुप्रिया पाल ने महिलाओं को आगे बढ़कर समाज और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एमएलसी वंदना शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमानागर सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सरकार की योजनाओं की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार सैनी ने की, जबकि संचालन डॉ. ताहिर कुरैशी ने किया। इस अवसर पर डॉ. एमके तनेजा, ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार, अमरनाथ पाल, दीपक धीमान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज पाल ने सभी अतिथियों और मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया।

# मिट्टी से लदे वाहनों से उड़ रही धूल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बुंदकी रोड इन दिनों धूल के गुबार और अनियंत्रित रफ्तार का पर्याय बन गई है। मानकों को ताख पर रखकर मिट्टी का अवैध परिवहन करने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपर क्षेत्र के लोगों, विशेषकर स्कूली बच्चों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। बिना तिरपाल ढके और मिट्टी के ओवरलोड वाहन न केवल यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि मासूमों की सेहत से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। बुंदकी रोड पर तीन से चार प्रमुख निजी स्कूल संचालित हैं। स्कूल खुलने और छुट्टी के समय सड़क पर बच्चों की भारी भीड़ रहती है। इसी दौरान मिट्टी से लदे वाहन तेज रफ्तार से निकलते हैं। नियमानुसार मिट्टी परिवहन के दौरान उसे तिरपाल से ढकना अनिवार्य है। लेकिन यहां चालक बेखौफ होकर खुले में मिट्टी उड़ाते हुए निकल रहे हैं। सड़क पर उड़ने वाली धूल के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धूल की वजह से दृश्यता कम हो जाती है। जिससे दुर्घटना का भय बना रहता है।

**BHAGWANT COLLEGE OF LAW**
Bhagwantpuram, Bijnor-Delhi Highway, Distt-Muzaffarnagar (U.P.)-251315

**REQUIRED**

Principal and Asst. Prof. in LLB and B.A.LLB

**Qualification:**
As per the BCI/UGC/State Govt. and Maa Shakumbhari University, Saharanpur Norms.

Candidates having the qualification and good knowledge may apply on above address.

E-mail: hrbgi2017@gmail.com
Mob: 7830601000, 8859901120

## कुंए की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

**मोरना।** राजस्व निरीक्षक जानसठ सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी बाजार में स्थित कुएं पर अवैध कब्जे की शिकायत जयपाल सिंह फौजी नामक व्यक्ति द्वारा की गई है जिस पर संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी जानसठ के आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को मौके पर जाकर भूमि की पैमाइश की गई है।

**Name Change**

I Nawab Haider Zaidi S/o Mehdi Hasan R/o Vill. Kaithora P/S Miranpur Tehsil Jansath Distt. Muzaffarnagar (U.P.) have changed my name from Nawab Haider Zaidi to Nawab Haider Hene forth I would be know by the name of Nawab Haider for all future purposes.

# बीआईटी में नेशनल एआई समिट 2026 का भव्य शुभारंभ



**मीरापुर।** भगवंत इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित ह्नेशनल ए.आई. समिट 2026ह्व का भव्य शुभारंभ अत्यंत गरिमामय और ज्ञानवर्धक वातावरण में हुआ। समिट के पहले दिन देशभर से आए विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और प्रतिभागियों के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा हुई। इस समिट के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों से कुल 793 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जो इसकी व्यापक लोकप्रियता को दर्शाता है।कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर विमला वाई, निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, उपनिदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा, फाइनेंस ऑफिसर दुष्यंत कुमार और डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि ए.आई. आज शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग में तेजी से बदलाव ला रहा है और यह निर्णय प्रक्रिया को अधिक सटीक बना रहा है। चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने एआई के नैतिक उपयोग पर जोर देते हुए इसे भविष्य की सबसे प्रभावशाली तकनीक बताया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर विमला वाई ने शिक्षा में एआई की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के सीखने के तरीके को अधिक प्रभावी बना रहा है। टेक्निकल सत्र में प्रोफेसर अनिल डागर ने ए.आई. विषय पर विस्तार से जानकारी दी, वहीं प्रोफेसर तरुण कुमार रेढी ने भारतीय ज्ञान प्रणाली और ए.आई. के समन्वय पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर अनिल कुमार दुबे और उद्योग विशेषज्ञ सुधीर अग्रवाल ने भी अपने विचार साझा किए।

## पुन: निविदा सूचना

जिलाधिकारी महोदय के आदेश के अनुपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले मंगल पैंठ बाजार का ठेका वित्तीय वर्ष 2026-27 (01-04-2026 से 31-03-2027 तक) के लिये निर्धारित शर्तों के अधीन केवल ऑफलाईन टेन्डर/बोली प्रक्रिया द्वारा गठित समिति के माध्यम से दिनांक 30-04-2026 को अपरान्ह 02 बजे कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार मुजफ्फरनगर में छोडा जाना है। टेन्डर डालने हेतु निर्धारित शर्तों के अनुसार राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गये अंकन 50 लाख का हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (शासनादेशानुसार हैसियत प्रमाण पत्र निर्धारित तीन वर्ष की अवधि तथा चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित दो वर्ष की अवधि से पूर्व का न हो) तथा पैन कार्ड, आधार कार्ड, जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। मंगल पैंठ बाजार ठेके के लिए सीलबन्द टैण्डर आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक ठेकेदार अपने टैन्डर 30-04-2026 को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में रखे सील्ड बक्से में दोपहर 01 बजे से 02 बजे अपरान्ह तक डाल सकते है। टैण्डर उसी दिन 02 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में खोलें जायेगे। टेन्डर की जमानत धनराशि को केवल एफ.डी./ बैंक गांरटी अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट एग्जीबेशन कमेटी मुजफ्फरनगर के नाम pledged (गिरवी) करनी होगीं। टैन्डर की अन्य विस्तृत शर्ते डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट कार्यालय में देखी जा सकती है। टैण्डर सम्बंधी शर्ते एवं टैण्डर फार्म दिनांक 30-04-2026 दोपहर 12 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस / समय में कार्यालय डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर / कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर से टेन्डर फार्म मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। टैण्डर का ठेका/बोली पूरे वित्तीय वर्ष 2026-27 (01-04-2026 से 31-03-2027 तक) के लिये बोली जायेगी। टैण्डर प्रक्रिया में जितने मंगल बाजार नही लगेगे उनकी अनुपातिक धनराशि कम कर दी जायेगी। टैण्डर विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र.स. | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | टैन्डर फार्म का निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार मंगल पैंठ बाजार का ठेका | पन्द्रह लाख रुपये मात्र | 15,000/- |

वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी
डिस्ट्रिक्ट एग्जीबेशन कमेटी/
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
मुजफ्फरनगर।

**सूचना**

मेरा पिता मौ.फय्याज पुत्र रमजानी 65 वर्षीय वृद्व व्यक्ति है जो ज्यादा सोचने समझने में सक्षम नही है। मै व मेरी पत्नी पिता मौ.फय्याज की बहुत देखभाल करते है। मेरे पास 83 वर्ग गज का मकान है जो मैने स्वयं तैयार किया है। जिसका मै तन्हा मालिक व काबिज हूँ। कुछ समय से मेरी फूफी मीना ने उन्हे बहला फुसला रखा है। जिसके बहकावे में आकर फय्याज बार-बार दूसरी शादी करने व मकान बेचने की बात कर रहा है। यदि भविष्य में मेरे पिता से कोई भी व्यक्ति कोई सम्पत्ति खरीद करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी खरीदने वाले व्यक्ति की स्वयं की होगी। मेरे पिता द्वारा किये गये बैनामे से मेरी सम्पत्ति पर कोई प्रभाव किसी प्रकार का नही होगा।

**प्रवेज पुत्र फय्याज निवासी ग्राम सिखेडा थाना सिखेडा जिला मुजफ्फरनगर**

# गैस किल्लत के बीच फल रहा काला कारोबार

## उपभोक्ता परेशान, होटल-ढाबों में धड़ल्ले से जल रहे घरेलू सिलेंडर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। एक ओर जहां उपभोक्ता गैस एजेंसियों के चक्कर काटते हुए खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं, वहीं दूसरी ओर इसी संकट के बीच घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबा. जारी और अवैध उपयोग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। स्थिति यह है कि आम नागरिकों को समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे, लेकिन नगर के कई होटल और ढाबों में घरेलू सिलेंडरों का खुलेआम इस्तेमाल जारी है। नियमानुसार घरेलू सिलेंडर केवल घरों में उपयोग के लिए होते हैं, जबकि व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अलग कमर्शियल सिलेंडर निर्धारित हैं। इसके बावजूद सस्ते दाम के लालच में नियमों की अनदेखी की जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग सुरक्षा की ख्रष्टि से भी खतरनाक है। अधिक दबाव में लगातार उपयोग से गैस लीकेज या विस्फोट जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मामले में गैस एजेंसियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। आरोप हैं कि जहां दिन में उपभोक्ताओं को स्टॉक खत्म होने का हवाला देकर टाल दिया जाता है, वहीं रात के समय इन्हीं सिलेंडरों की आपूर्ति होटलों और ढाबों तक की जा रही है। सूत्रों की मानें तो यह सप्लाई बाजार दर से कहीं अधिक कीमत पर की जा रही है, जिससे अवैध मुनाफाखोरी का खेल चल रहा है।

इस संकट का असर शादी-ब्याह जैसे आयोजनों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। कई परिवारों को समय पर सिलेंडर न मिलने के कारण अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है या वैकल्पिक इंतजाम करने पड़ रहे हैं, जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि तहसील प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं तक समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आपूर्ति विभाग इस पूरे मामले में निष्क्रिय बना हुआ है और अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो तथा होटल-ढाबों में घरेलू सिलेंडरों के अवैध उपयोग पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### चीनी मिल ने 778.68 करोड़ का किया भुगतान

**खतौली।** त्रिवेणी समूह की खतौली चीनी मिल ने पेराई सत्र 2025-26 में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश में गन्ना पेराई के मामले में पहला स्थान प्राप्त किया है। मिल ने 27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुए सत्र में 16 अप्रैल 2026 तक कुल 207.78 लाख कुंतल गन्ने की पेराई कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इतना ही नहीं, मिल प्रशासन ने 3 अप्रैल 2026 तक किसानों के खातों में 778.68 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भी भेज दिया है, जिससे क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिली है। शेष भुगतान भी जल्द जारी करने का आश्वासन दिया गया है। मिल के उपाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने इस सफलता का श्रेय किसानों, अधिका. रियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास को दिया। वहीं, महाप्रबंधक (गन्ना) कुलदीप राठी ने किसानों को यांत्रिक तरीकों से कीट और खरपतवार नियंत्रण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने चेतावनी दी कि खरपतवारनाशी का अत्यधिक उपयोग फसल की वृद्धि और मिटी की उर्वरता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। गन्ना विभाग ने भरोसा दिलाया है कि किसानों की सहायता के लिए हर स्तर पर सहयोग जारी रहेगा।

# जलभराव से दुखी विज्ञाना के ग्रामीण



**बुढ़ाना।** विज्ञाना गांव में पिछले कई महीनों से गंदगी और जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों के बाहर गंदा पानी जमा होने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्थिति इतनी खराब है कि किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए भी अर्थी को कीचड़ और पानी से होकर ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नालियों की सफाई न होने और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने प्रधान उम्रदराज पर पक्षपात करने और उनकी शिकायतों को गंभीरता से न लेने का भी आरोप लगाया है, खासकर दलित होने के कारण। मामले की जानक. ारी मिलने पर बुढ़ाना के एसडीएम कृष्णाकांत विश्वकर्मा ने गांव की स्थिति की जांच कराने और जल्द सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के भी आदेश दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि वोट मांगने आते हैं, लेकिन बाद में उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं देते। एक ग्रामीण ने बताया कि उनके घर में एक हफ्ते बाद शादी है और कीचड़ के कारण उन्हें मेहमानों को बुलाने में दिक्कत हो रही है वही प्रधान उम्रद. राज ने बताया कि वह रास्ता पानी के निकास का ही है। उन्होंने एसडीएम को इस बारे में अवगत कराया था। प्रधान के अनुसार, ग्रामीणों के थोड़ा रास्ता छोड़ने को तैयार होने के बाद कल से सफाई का काम शुरू हो जाएगा।

# तहसील में पानी का संकट, वाटरकूलर खराब



**खतौली।** खतौली तहसील परिसर में इन दिनों पेयजल की समस्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। बढ़ती गर्मी के बीच जहां ठंडे पानी की जरूरत सबसे ज्यादा महसूस होती है, वहीं यहां लगा एकमात्र वाटर कूलर कई दिनों से खराब पड़ा है, जिससे हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। शुक्रवार को भी स्थिति जस की तस रही। दूर-दराज के गांवों से अपने जरूरी कार्यों के लिए तहसील पहुंचने वाले लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे तक इस समस्या से जूझते नजर आए। कोई दफ्तरों के कमरों में पानी तलाशता दिखा तो कोई दूसरी मंजिल तक जाकर राहत ढूंढता रहा, लेकिन कहीं भी संतोषजनक व्यवस्था नहीं मिली। हालात उस समय और चिंताजनक हो गए जब प्यास से व्याकुल लोग वाटर कूलर के पास पहुंचे, लेकिन वहां से एक बूंद पानी भी नहीं निकला। इससे लोगों में आक्रोश साफ देखने को मिला। मजबूरी में कई लोगों को तहसील परिसर के बाहर से महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ा। फरियादी राजेश कुमार, बलजीत, सुरेश, चेतन शर्मा और सुनील ने बताया कि वे 5 से 10 किलोमीटर दूर से यहां आते हैं। भीषण गर्मी में पानी की व्यवस्था न होना बेहद कष्टदायक है। उनका कहना है कि प्रशासन को इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान देना चाहिए।

# 89 प्रतिशत अंकों के साथ बुशरा ने कमाया नाम



**खतौली।** सीबीएसई के 10वीं के घोषित परिणामों में खतौली के केके पब्लिक स्कूल की छात्रा बुशरा रईस पुत्री रईस अहमद ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने कॉलेज व माता-पिता का नाम रोशन किया है। बुशरा ने इस कामयाबी का श्रेय अपने गुरुजनों को देते हुए उनका धन्यवाद किया। दिनभर बुशरा को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

## मां बगलामुखी पीतांबरा जयंती महोत्सव के शुभारंभ पर निकाली शोभा यात्रा

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित पांडव कालीन माता पार्वती मंदिर में शुक्रवार को मां बगलामुखी पीतांबरा जयंती महोत्सव का शुभारंभ धूमधाम से विधि-विधान पूर्वक किया गया। जिसको लेकर नगरी में बैंड बाजों के बीच शोभा यात्रा निकाली गई। जिसका नगरी में पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। काशी से पधारे स्वामी ज्ञानेश्वरानंद तीर्थ महाराज के सानिध्य में विधि-विधान पूर्वक हवन यज्ञ के बाद कलश पूजन से किया गया। धाम के संस्थापक ज्योतिष विद डा. अयोध्या प्रसाद मिश्र महाराज के संयोजन में शोभा-यात्रा बैड-बाजों के बीच नगरी के मुख्य मार्गो से होती हुई गंगा घाट, अंबेडकर तिराहे, कल्याण देव चौक, हनुमत धाम, गणेश धाम बस स्टैंड, दुर्गा धाम, शिव धाम होकर वापस आश्रम में पहुंची। जिसमें दूर दराज क्षेत्रों से आई महिलाओं ने कलश के साथ भाग लिया। नगरी वासियों ने कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। चित्रकूट से आए कथा व्यास आचार्य देव शरण त्रिपाठी ने श्रीमद भागवत कथा ज्ञान की अमृत ज्ञान वर्षा की। इस दौरान वाराणसी से आए स्वामी श्यामदेव आश्रम, स्वामी रामदेव आश्रम, जय राम आश्रम, इंद्रदेव आश्रम, ज्योति, राजा भैया मिश्रा, सोमांशु, सीमा, आंचल, गीता, जसवीरी, दीपा मौजूद रहे। आशीष मिश्रा ने बताया कि महोत्सव में 18 से 23 अप्रैल तक रात्रि में चित्रकूट धाम के कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा तथा 24 अप्रैल को मां बगला मुखी की 81 फुट उंची प्रतिमा का चरणाभिषेक होगा।

## शोभायात्रा में आये हरिद्वार, वृंदावन के महामंडलेश्वर

**मोरना।** शुकदेव जयंती महोत्सव में श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के परमाध्यक्ष स्वामी सदानंद महाराज के साथ अनेक संत-महात्मा भागवत पीठ पधारे, जिनमें तारतम्य धाम, हरिद्वार के कथाव्यास स्वामी शंकरानंद महाराज, वृंदावन के कथाव्यास जगदीशाचार्य महाराज, मुरैना से पधारे महामंडलेश्वर पूरनदास महाराज, महामंडलेश्वर शिव शरण दास महाराज, ग्वालियर से महामंडलेश्वर शिवराम दास महाराज, मुरैना विधायक परशुराम मुद्‌गल, वृंदावन के कथाव्यास डा. सुरेश शास्त्री वृंदावन, गगन सिकरवार, स्वामी भरत देव महाराज आदि मुख्य रहे। उधर, छत्रपति शिवजी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चित आर्य के नेतृत्व में संगठन मंत्री जैकी राज सैनी, जिला गौ रक्षक राहुल धीमान, जिलाध्यक्ष मोहित सोलंकी, गौरव रावत, सचिन, आकाश, विकास धीमान, दीपांशु,अजय सैनी, मोंटी, हेमंत रुपक, आदित्य सैनी आदि कार्यकर्ताओं ने भी भागेदारी की।

## नंदिनी मलिक ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** एस एफ डी ए वी पब्लिक स्कूल मंसूरपुर की कक्षा 10 की छात्रा मिल मंसूरपुर निवासी नंदिनी मलिक ने सीबीएसई हाई स्कूल की परीक्षा में 98: अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## अंबेडकर सम्मान अभियान स्तरीय संगोष्ठी संपन्न

**बुढ़ाना।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान 2026 के अंतर्गत बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र की संगोष्ठी कस्बे के शंकर पैलेस में आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कुलदीप बागड़ी एवं नामित सभासद जोगिंदर जाटव के संयोजन में किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सैनी और पूर्व विधायक उमेश मलिक मौजूद रहे। प्रमोद सैनी ने कहा कि डॉक्टर आंबेडकर ने समतामूलक समाज की नींव रखी। उन्होंने वंचित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि भाजपा बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए संकल्पबद्ध है। सम्मान अभियान के जरिए उनके विचारों को घर घर तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक ने किया। ।संगोष्ठी में शाहपुर मंडल अध्यक्ष परमेश सैनी, अंकुश राठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष विनोद सैनी, पवन वर्मा, पुनीत पवार, सभासद प्रवीण, शिवम निमेष, सोनू कुमार, शेखर दुग्गल समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संयोजक कुलदीप बागड़ी व जोगिंदर जाटव ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है।

# मानकों को ताक पर रखकर जेसीबी से हो रहा अवैध मिट्टी खनन

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे खुलेआम प्रशासन के नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। ताजा मामला बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के निकट का है जहां मानकों के विपरीत जेसीबी मशीन से अवैध रूप से मिटी का खनन किया जा रहा है। मौके पर करीब 8 से 10 फीट गहरा गड्ढा खोदा जा चुका है जो साफ तौर पर जेसीबी चालक व खनन माफियाओं की दबंगई को दर्शाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार गढ़ी चौकी से कुछ ही दूरी पर पिछले कई दिनों से एक जेसीबी मशीन द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है। उपजाऊ भूमि पर 8 से 10 फीट तक गहरे गड्ढे खोदकर मिटी को ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरकर ले जाया जा रहा है। हैरानी की बात है कि दिनदहाड़े हो रहे इस अवैध खनन की भनक स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं लग पा रही है, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। नियमानुसार किसी भी प्रकार के खनन के लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है साथ ही यह भी तय है कि कितनी गहराई तक खुदाई की जा सकती है लेकिन यहां न तो कोई अनुमति बोर्ड लगा है और न ही मानकों का पालन हो रहा है। 3 फीट से अधिक गहरा गड्ढा खोदना पूरी तरह प्रतिबंधित है जबकि यहां 10 फीट तक खुदाई कर दी गई है। इतने गहरे गड्ढे बारिश के दिनों में हादसों का सबब बन सकते हैं। बच्चों और मवेशियों के लिए यह जगह खतरनाक हो गई है। आसपास के किसानों का आरोप है कि अवैध खनन से उनकी उपजाऊ जमीन बर्बाद हो रही है। गहरे गड्ढों के कारण खेतों का जलस्तर भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जेसीबी चालक और उसके साथी दबंग किस्म के हैं। विरा. ेध करने पर झगड़े पर उतारू हो जाते हैं और धमकी देते हैं। इस संबंध में जब उपजिलाधिकारी बुढ़ाना से बात करने का प्रयास किया गया तो संपर्क नहीं हो सका। वहीं खनन विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही टीम भेजकर मौके का मुआयना कराया जाएगा। यदि अवैध खनन पाया गया तो जेसीबी को सीज कर संबंधित लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गढ़ी चौकी क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी मानकों से खिलवाड़ न कर सके।

### 20 किलो गांजे के साथ भूरा गिरफ्तार

**छपार।** गांव रेता नगला में बाबा कैल मंदिर पर लगे मेले में व्यवस्था व शांति बनाए रखने को लगी हुई थी। उसी वक्त मुखबिर ने सूचना दी कि हाइवे के गांव परेई चौराहे पर एक युवक गांजा लिये हुए खड़ा है।पुलिस मौके पर पहुंची तो वह पुलिस को देखकर भागने लगा लेकिन पुलिस ने उसे घेर कर पकड लिया। तलाशी में उसके पास से 20 किलो तीन सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने मुजफ्फरनगर के मोहल्ला ब्रहमपुरी निवासी अरविंद उर्फ भूरा नाम बताया। पुलिस ने उसका गांजा सहित चालान कर कोर्ट में पेश किया है।

### गेहूं की क्रॉप कटिंग का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** दुर्गनपुर गांव में शुक्रवार को एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा ने गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान फसल के उत्पादन का जायजा लिया। एसडीएम के पहुंचने पर प्रशासनिक अमले में हलचल देखी गई जिसके बाद राजस्व और कृषि विभाग की टीम मौके पर सक्रिय हो गई। एसडीएम ने खेत में निर्धारित मानकों के अनुसार क्रॉप कटिंग करवाई और उपज का बारीकी से आंकलन कराया। उन्होंने संबंधित अधिका. रियों को सख्त निर्देश दिए कि क्रॉप कटिंग का कार्य पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जाए। इसका उद्देश्य ये सुनिश्चित करना है कि फसल बीमा योजना और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को सही ढंग से मिल सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनी। किसानों ने सिंचाई, बिजली आपूर्ति और मौसम से संबंधित परेशानियों से अवगत कराया। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। एसडीएम कृष्णकांत ब्किवकर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में क्रॉप कटिंग का कार्य तेजी से जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण में क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगो समेत कृषि विभाग के कई कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# श्रद्धाभक्ति भाव से मनाया शुकदेव जयंती पर्व



**मोरना।** पौराणिक शुकतीर्थ में व्यासनन्दन, जीवन मुक्त परम. हंस चूड़ामणि महर्षि शुकदेव महाराज की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से मनाई गई। भागवत धरा के आराध्य देवता श्री शुकदेव महाराज की दिव्य झांकियों के साथ धार्मिक नगरी में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

महामुनि श्री शुकदेव जयंती महोत्सव पर भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम स्थित सिद्ध अक्षय वट और श्री शुकदेव मंदिर को भव्य रुप से सजाया गया। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज और श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर भिवानी के परमाध्यक्ष स्वामी सदानन्द महाराज ने श्री शुकदेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ षोडशोपचार द्वारा पूजन हुआ। आचार्य, पुरोहितों और बटुकों ने पुष्प वर्षा की बैंड बाजे और प्रेरक झांकियों के साथ श्री शुकदेव आश्रम से शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो दण्डी आश्रम, स्वामी कल्याणदेव मुख्य द्वार, डॉ. अंबेडकर तिराहा, श्री शुकदेव गंगा घाट, नक्षत्र वाटिका, हनुमद्धाम और गणेश धाम मार्ग से होकर निकाली गई। दूरस्थ राज्यों से आये हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति भजनों पर भाव विभोर होकर नृत्य किया। श्री शुकदेव आश्रम में उमड़े भागवत भक्तों के मध्य पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि महामुनि शुकदेव जी ज्ञान, वैराग्य, करुणा और मोक्ष के मूर्तिमान स्वरूप हैं। श्रीमद् भागवत में महामुनि श्री शुकदेव जी के वैराग्य और करुणा रूप का वैशिष्टड वर्णन आता है, जैसे ही शुकदेव जी का जन्म हुआ, जन्म होते ही वह घर द्वार छोड़कर लोकहित की यात्रा में चले गए और समय आने पर सम्पूर्ण मानव जाति पर करुणा कर जीवन को मंगल बनाने के लिय भागवत पीठ-शुकतीर्थ में भागवत ज्ञान गंगा को प्रवाहित किया। सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिय भगवान स्वयं ही शुकतीर्थ में व्यासपुत्र शुकदेव जी के रूप में प्रगट हुए थे। शुकतीर्थ धाम भगवान शुकदेव जी की करुणा, उनके वात्सल्य और कृपा की तपोभूमि है। श्वर जीवन से संबद्ध सत्य का विश्लेषण कर भागवत के माध्यम से शुकदेव जी ने मानव जाति की लोक यात्रा को सुलभ बनाया। शुकदेव जी भगवान शंकर के अवतार, वेदव्यास जी के पुत्र थे, जो अयोनिज माने जाते हैं। भागवत के दिव्य ज्ञान के प्रथम वक्ता शुकदेव जी का दिव्य जीवन दर्शन भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की पराकाष्ठा है। उनका दिव्य ज्ञान धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संस्कृति के रक्षण, पोषण और संवर्धन के साथ साथ सम्पूर्ण जगत का मार्गदर्शन भी करता है। शुकदेव रुप में बालक सोहम को संतों ने आशीर्वाद दिया। स्वामी भरत देव महाराज, ट्रस्टी ओमदत्त देव, रमेश मलिक, कथा व्यास अचल कृष्ण शास्त्री, प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र उप्रेती, युवराज आचार्य, पंडित रविंद्र शास्त्री, विपिन गर्ग, ठाकुर प्रसाद, दीपक मिश्रा, राजीव अग्रवाल, मोहन, पूर्व प्रधान सुशील शर्मा, बंटी, मनोज यादव, आशीष आदि का सहयोग रहा। श्री शुकदेव अन्न क्षेत्र में आयोजित भंडारे में साधु-महात्मा, श्रद्धालु और भागवत भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।


# हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन को पुलिस चलायेगी अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक के नेतृत्व में आज थाना शाहपुर में पंजीकृत हिस्ट्रीशीटरों को थाने पर बुलाकर उनका सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान संबंधित व्यक्तियों की वर्तमान गतिविधियों, निवास स्थान, आपराधिक प्रवृत्तियों एवं उनके आचरण के संबंध में गहन जानकारी प्राप्त की गई। सत्यापन के दौरान सभी हिस्ट्रीशीटरों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त न हों तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्तता पाई जाती है तो उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अभियान के अंतर्गत बुढ़ाना क्षेत्राधिकार गजेंद्र पाल सिंह, शाहपुर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह एवं पुलिस बल सक्रिय रूप से संलग्न रहे। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी भी बढ़ाई गई तथा आवश्यकतानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

# माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल ने रचा सफलता का इतिहास




**मुजफ्फरनगर।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयाँ छूते हुए माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, मुज़फ्फरनगर के कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी अभूतपूर्व सफलता अर्जित कर विद्यालय के गौरव में स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। विद्यार्थियों के शानदार परिणामों ने यह सिद्ध कर दिया है कि अनुशासन, समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का संगम सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में जतिन अग्रवाल ने 96.2: अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। कमरान अहमद (95.8:) ने द्वितीय, पावनी बंसल (95.6:) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वैभव तिवारी (95.6:) चतुर्थ, दिव्यांशी त्यागी (94.6:) पंचम स्थान पर रहे।इसी क्रम में यश कपिल चौधरी (90.8:) ने षष्ठ, रुद्राक्ष अरोड़ा (90.4:) ने सप्तम तथा काज़ी उम्मे ऐमन निगा (90.0:) ने अष्टम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्टता की मिसाल प्रस्तुत की।

विद्यालय का समग्र परिणाम भी अत्यंत प्रभावशाली रहा। 20: विद्यार्थियों ने 90: से अधिक अंक प्राप्त किए 36: विद्यार्थियों ने 80: से अधिक अंक प्राप्त किए 63: विद्यार्थियों ने 70: से अधिक अंक प्राप्त किए 90: विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कीविद्यालय निर्देशिका चारु भारद्वाज एवं प्रधानाचार्य डॉ. के.जी.अरोड़ा ने विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ह्यह परिणाम विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के अटूट विश्वास का प्रतिफल है। हमारा उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाना है।विद्यालय के समर्पित शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं नवीन शिक्षण पद्धतियों के कारण यह ऐतिहासिक सफलता संभव हो सकी है।विद्यालय परिवार की ओर से सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलक. ामनाएँ दी गईं। साथ ही अभिभावकों को भी इस उपलब्धि के लिए विशेष रूप से शुभकामनाएँ दी गईं, जिनके सहयोग और प्रेरणा ने विद्यार्थियों को इस मुकाम तक पहुँचाया। माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, एक बार फिर यह सिद्ध करने में सफल रहा है कि उत्कृष्ट शिक्षा और सशक्त संस्कारों के साथ सफलता निश्चित है।

# लोगों ने रखी एसडीएम के सामने अपनी समस्याएं



**बुढ़ाना।** तहसील परिसर में शुक्रवार को एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा ने जनसुनवाई कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जन सुनवाई में भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, पेंशन, राशन कार्ड और अन्य जनसमस्याएं प्रमुख रूप से सामने आई। फरियादियों ने अपनी समस्याएं एसडीएम के समक्ष रखी जिन्हें गंभीरता से सुना गया। एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी मामलों का शीघ्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। जन सुनवाई के दौरान एसडीएम ने कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया जिससे फरियादियों को तत्काल राहत मिली। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ा।

एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। अपनी समस्याओं को सुने जाने और त्वरित कार्रवाई के आश्वासन से फरियादी संतुष्ट नजर आए। उन्होंने प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अवशेषों में लगी आग से 12 बीघा फसल जली

**तीस बीघा भूसा-सैकडो पेड आग में स्वाहा।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** जिजौला के एक किसान ने खेत मे खडी गेंहूॅ की फसल उठाने के बाद अवशेषों को जला दिया। तेज हवा होने के कारण अवशेषों से उठे पतंगो से पास के खेतो मे आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर दिया। किसानों ने अन्य ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग के विकराल रूप से सभी प्रयास विफल हो गए। आग की चपेट मे आने से आशु निवासी चौसाना की बारह बीघा गेंहूॅ की फसल भी जलकर नष्ट हो गई वही हाजी इरशाद के खेत मे भूसे के लिए खडे अवशेष भी जलकर राख हो गए। आग से खेतो मे खडे सैक्डो लिप्टिस व पॉपलर के पेड भी राख हो गए।पीडित किसानों का आरोप है कि दमकल विभाग को सूचना के बाद भी सहायता नही पहुॅची।



चौसाना चौकी क्षेत्रके गांव जिजौला में लापरवाही के कारण खेतो मे लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। बताते है कि जिजौला निवासी जाहिद ने अपने खेत से गेंहूॅ की करीब बीस बीघा फसल को दो दिन पूर्व काट लिया था और भूसा बनाने के लिए अवशेष खेत मे ही पडे थे। जिसको शुक्रवार मे दोपहर के समय खेत खाली करने के मकसद से अवशेषों को आग लगा दी। हवा तेज होने के कारण अवशेषो की आग पडोस के खेतो मे भी लग गई। पडोस के किसान आशु निवासी चौसाना के बारह बीघा गेंहूॅ जल गये तो वही हाजी इरशाद निवासी जिजौला के 30 बीघा भूसे के खोबे भी जलकर राख हो गए। आग के कारण सैक्डो पेड भी प्रभावित हुए है। खेतो मे लगी आग को बुझाने के लिए किसानो ने एकजुट होकर टैक्टर हेरो-टीलर सहित अन्य कृषि उपकरणो के इस्तेमाल से खेतो को जोतकर दो हिस्सो मे पाटा ताकि आग अन्य खेतो तक नही पहुॅचें। घंटो की मशक्कत के बाद आग को बुझाया जा सका। पीडितो की सूचना पर पुलिसबल मौके पर पहुॅचा और दमकल को घटना की जानकारी दी गई। लेकिन आरोप है कि सूचना के बाद भी दमकल की सहायत किसानों के ,खेतो मे नही पहुॅचीं। जिससे किसानो मे खासा रोष व्याप्त है। 1



## लापरवाही का दिया हर्जाना, एक ने दी माफी

**चौसाना।** चूंकि हादसा लापरवाही के कारण हुआ,जिससू दूसरे किसान आशू की बारह बीघा गेहॅू खेत मे खडे ही जल गए। जिस कारण से जाहिद ने हर्जाने के तौर पर 80 हजार रूपये आशू को दिए। बताया गया है कि आशू ने उक्त भूमि को आलमगीर से ठेके पर बोने के लिए ली थी। वही हाजी इरशाद ने इंसानियत का परिचय देते हुए नुकसान का कोई हर्जाना नही वसूला।

## भाकियू प्रधान की बैठक में हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान के पदाधिकारियों की एक बैठक शहर के बुढाना रोड स्थित एक कैंपस में आयोजित की गई। जिसमें कस्बा बनत के आर्यपुरी निवासी रूपन चौधरी एडवोकेट को सदस्य पद पर मनोनीत किया गया।

शुक्रवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी चौधरी सन्नी निर्वाल ने कहा कि भाकियू प्रधान हमेशा से किसानों की लडाई लडता आ रहा है। आज किसान और मजदूर दोनों पररेशान है। जिनकी आवाज उठाना सभी का कर्तव्य है।

इस दौरान उन्होने कस्बा बनत निवासी रूपन चौधरी को विधि प्रकोष्ठ का सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर संजय निर्वाल, अमरिन्द सिंह, रवि गर्ग, प्रताप सिंह राठौर, वसील आदि मौजूद रहे।

## वंश को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज के छात्र ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के आयोजन में 13 सितम्बर 2025 को आयोजित की गई थी, जिसमें विद्यालय के छात्रवंश कुमार ने किशोर वर्ग में महाकुम्भ के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन विषय पर निबन्ध लिखा। शुक्रवार को विद्यालय के सभागार में आयोजित एक सम्मान समारोह में विजयी छात्रवंश कुमार को प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने 505 रुपये का साहित्य व प्रमाण पत्रप्रदान करके सम्मानित किया। मौके पर ब्रिजेश कुमार, उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द, अरविन्द कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, नीटू कुमार, अशोक सोम, अमन मौजूद रहे।

# बादलों की दस्तक से डरे किसान, फसल पर संकट

**कटाई के बीच वर्षा का खतरा, शाम के समय बूँदाबांदी, किसानों की बढ़ी मुश्किलें**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के आसपास गांवों में मौसम के अचानक बदले मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार सुबह से आसमान में घने बादल छाए रहे और शाम के समय हल्की बूँदाबाँदी ने किसानों की बेचैनी बढ़ा दी। खेतों में काम कर रहे किसान किसी भी समय तेज वर्षा की आशंका सेचिंतित नजर आए। इस समय क्षेत्र में गेहूं की कटाई जोरो पर चल रही है। किसान मजदूरों और मशीनों की सहायता से तेजी से कटाई में जुटे हैं, ताकि फसल को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जा सके। कई खेतों में कटी हुई गेहूं की फसल अभी भी खुले में पड़ी है, जिसे उठाया जाना बाकी है। ऐसे में यदि वर्षा तेज हो जाती है तो यह फसल भीगकर खराब हो सकती है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि बढ़ती लागत के बीच मौसम की अनिश्चितता उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। यदि इस समय वर्षा होती है तो गेहूं की गुणवत्ता प्रभावित होगी और बाजार में उचित मूल्य भी नहीं मिल पाएगा, जिससे उन्हें दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। वहीं क्षेत्र में गन्ने की बुवाई भी जोर-शोर से चल रही है। वर्षा अधिक हुई तो खेतों में जलभराव होने का खतरा है, जिससे बुवाई कार्य बाधित हो सकता है। समय पर बुवाई न होने से फसल के विकास और उत्पादन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।



स्थानीय किसानों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ रहने के कारण कटाई कार्य तेजी से चल रहा था, लेकिन अचानक बदले मौसम ने स्थिति को अनिश्चित बना दिया है। किसान अब जल्द से जल्द कटाई पूरी कर फसल को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में जुटे हैं। मौसम की इस अनिश्चितता ने किसानों की मेहनत पर संकट खड़ा कर दिया है। फिलहाल, सभी की नजरें आसमान पर टिकी हैं और किसान साफ मौसम की उम्मीद में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

# वांछित आरोपी की तलाश में दिल्ली पुलिस की कैराना में दबिश, सुराग नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** चोरी की घटना में वांछित आरोपी की तलाश में दिल्ली पुलिस की टीम ने शुक्रवार को कैराना में दबिश देकर छानबीन की। थाना करोलबाग, जिला सेंट्रल दिल्ली से एएसआई अम्बरीश त्यागी, हेड कस्टेबल इरशाद व हेड कस्टेबल राजाराम कैराना कोतवाली पहुंचे और यहां आमद दर्ज कराई। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर संयुक्त रूप से मोहल्ला अफगानान में नाम-पता अज्ञात आरोपी की तलाश में दबिश दी। पुलिस टीम ने इलाके के कई संभावित ठिकानों पर जांच-पड़ताल की और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन आरोपी का कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका।

## सुपरवाइजर पद को होंगे इंटरव्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली जनपद के युवाओं के लिए 17 अप्रैल से 28 अप्रैल 2026 तक विभिन्न कॉलेजों में सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर और कस्टोडियन के पदों के लिए सीधी भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। यह भर्ती कार्यक्रम युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसमें वे चयनित होकर सरकारी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसमें 17 अप्रैल को डीएवी इंटर कॉलेज ऊन, 18 अप्रैल को लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थानाभवन, 20 अप्रैल को लाला इंद्र प्रकाश जनता इंटर कॉलेज बाबरी, 21 अप्रैल को पब्लिक इंटर कॉलेज कैराना, 24 अप्रैल को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज तितरवाड़ा, 25 अप्रैल को जनता इंटर कॉलेज लिसाढ़, 27 अप्रैल को आरके इंटर कॉलेज शामली, 28 अप्रैल में राजकीय इंटर कॉलेज केरटू में कैंप आयोजित होगा।

## रास्ता रोककर मारपीट, महिला समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव ओदरी में रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार 15 अप्रैल 26 को वह अपने घर जा रहा था। इसी दौरान उसके भाई जुल्फुकार ने रास्ता रोक लिया, जिस पर कहा. सुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद जुल्फुकार, साकिब, प्रवेज व शमशीदा पत्नी जुल्कार निवास. ीगण ओदरी ने मिलकर गाली-गलौच करते हुए लोहे की रोड व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित, उसकी पत्नी समा व बहन राशिदा घायल हो गई। बताया गया कि लोहे की रोड लगने से राशिदा का दांत टूट गया, जबकि धारदार हथियार से पत्नी के कान पर चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला सहित चार के खिलाफ कार्रवाई की।

# अग्नि सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा विभाग द्वारा अग्निसचेतक योजना के अंतर्गत छात्रों को अग्नि सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों और समाज में आग से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपात स्थिति में सही कदम उठाने के लिए तैयार करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग के अधिका. रियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 33 हजार अग्निकांड होते हैं, जिनमें करोड़ों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो जाती है और कई लोगों व पशुओं की जान चली जाती है। ऐसे में अग्नि सुरक्षा के उपायों की जानकारी होना बेहद आवश्यक है। छात्रों को आग लगने के कारण, उसकी रोकथाम के उपाय, आग लगने पर क्या करें और कैसे करें, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आग बुझाने की विभिन्न विधियों, स्थानीय संसाधनों के उपयोग, जीव रक्षा के उपाय और प्राथमिक उपचार के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, विभाग के संसाधनों, पानी के स्रोतों, नलकूपों तथा बहुमंजिला भवनों, पेट्रोल पंप, पंडाल, गोदाम, कार्यालय, सिनेमा हाल और उद्योगों में अग्नि सुरक्षा के उपायों से भी छात्रों को अवगत कराया गया। अधिकारियों ने छात्रों को फायर कंट्रोल रूम (101) और पुलिस कंट्रोल रूम (112) के नंबर याद रखने की भी हिदायत दी, ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता ली जा सके।कार्यक्रम के दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा और सभी ने इस प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।



# अद्विक सिंह का स्कूल पहुंचने पर स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बी.एस.एम. विद्यालय के कक्षा 5 के छात्र अद्विक सिंह ने जनपद शामली में आयोजित जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-9 आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

यह प्रतियोगिता 12 अप्रैल 2026 को शामली स्थित वेंकट फाइट क्लब में आयोजित की गई थी, जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अद्विक सिंह ने पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन और शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मुक. ाबलों में विजय प्राप्त की और स्वर्ण पदक हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर श्रीमती छाया सिंह, चेयरमैन श्री सूर्यवीर सिंह, उप-प्रधानाचार्य आशु पंडित एवं समस्त शिक्षकों ने छात्र की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्ति करते हुए उसे सम्मानित किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अद्विक बचपन से ही खेलों के प्रति रुचि रखते हैं। वे नियमित अभ्यास, कड़ी मेहनत और अपने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में निरंतर प्रगति कर रहे हैं। उनकी यह सफलता न केवल उनकी लगन और समर्पण का परिणाम है, बल्कि विद्यालय एवं अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतीक है। विद्यालय के अन्य छात्र भी खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे विद्यालय में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण विकसित हो रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि अद्विक की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और मानसिक बढ़ता भी प्रदान करते हैं। हमारा विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय की मैनेजर मती छाया सिंह एवं चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि कराटे जैसे खेल बच्चों में आत्मरक्षा, साहस और आत्म-नियंत्रण की भावना विकसित करते हैं। अद्विक की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्य आशु पंडित ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाता है, जिससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित होता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से अद्विक सिंह को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# दयाल आश्रम में गड्ढे की शिकायत, अन्देखी

**श्रद्धालुओं ने नगर पंचायत के प्रति जताया रोष थानाभवन।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे के दयाल आश्रम मंदिर के पास खोदा गया गडढा आने जाने वाले वाहनों एवं श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। शिकायत पर सुनवाई न होने के कारण नगर पंचायत की अनदेखी पर गंभीर आरोप लगाये जा रहे हैं।

थाना भवन कस्बे की घास मंडी स्थित हनुमान मंदिर और पौराणिक श्री दयाल आश्रम मंदिर के ठीक सामने किसी कंपनी द्वारा खोदा गया गड्डा अब श्रद्धालुओं के लिए मुसीबत बन गया है। रोजाना सैकड़ों लोगों की आवा. जाही वाले इस धार्मिक स्थल पर पिछले लगभग दो महीनों से यह गाडढा खुला पड़ा है लेकिन नगर पंचायत की ओर से इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।स्थानीय निवासी विपिन कुमार के अनुसार दयाल आश्रम मंदिर के गेट के पास किसी विभाग द्वारा खोदा गया गड्डा अब खतरे का रूप ले चुका है। बारिश का पानी इसमें भर जाता है और मंदिर परिसर तक पहुंचने की आशंका बनी रहती है। कई बार छोटे बच्चे और श्रद्धालु इसमें गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग चुप्पी साधे हुए है।मामले को लेकर वार्ड सभासद दिनेश कुमार ने बताया कि मंदिर कमेटी द्वारा कई बार नगर पंचायत को इसकी सूचना दी जा चुकी है। शिकायतों के बावजूद अब तक न तो गाडढा भरा गया और न ही कोई सुरक्षा व्यवस्था की गई। यह लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है।हैरानी की बात यह है कि इसी रास्ते से स्कूल वाहनों का भी आवागमन रहता है जिससे बच्चों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उच्च अधिकारियों से मिला जाएगा।अब देखना यह होगा कि नगर पंचायत इस गड्ढे पर कब जागती है या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही कार्रवाई होगी। वहीं नगर पंचायत थानाभवन के अधिशासी अधिक. ारी जितेंद्र राणा ने बताया कि गाडढा का मामला उनके संज्ञान में नहीं है मामले की जानकारी लेकर उचित समाधान कराया जायेगा।

# नगर में फैल रहा अवारा कुत्तों का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में शुक्रवार को स्कूल जा रहे 12 वर्षीय छात्रा पर पागल कुत्ते ने हमला कर दिया। हमले में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।गांव इस्लामपुर घसौली निवासी जयवीर का 12 वर्षीय पुत्र अक्षत गाव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच का छात्रा है। बताया गया कि शुक्रवार सुबह वह घर से स्कूल जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक एक पागल कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ते के काटने से वह घायल हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल छात्रा को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ.वीरेंद्र सिंह ने बताया कि छात्रा को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाया गया है। हालत को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर किया गया है। पागल कुत्ते के हमले से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्ते पर नियंत्राण की मांग की है। ग्राम प्रधान उमर नवाज ने बताया कि पागल कुत्ते के गांव में घूमने की सूचना ब्लाक अधिकारियों को दे दी गई है। जल्द ही टीम बुलाकर कुत्ते को पकड़वाया जाएगा।



# अवैध शराब तस्करी मामले में मथुरा पुलिस की कैराना में दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** यमुना एक्सप्रेसवे पर 600 बोतल अवैध शराब बरामदगी व दो आरोपियों की गिरफ्तारी के मामले में अब मथुरा पुलिस ने कैराना में भी कार्रवाई तेज कर दी है। थाना मांट, जनपद मथुरा में दर्ज मुकदमा संख्या 275/25 धारा 63 आबकारी अधि. नियम व 318(4) बीएनएस के तहत जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस टीम कैराना पहुंची। मामले में शुक्रवार को उपनिरीक्षक आकाश चौहान, उपनि. रीक्षक अरविन्द कुमार व हेड कस्टेबल मधुवेन्द्र थाना मांट से कैराना कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने आमद दर्ज कराई। इसके बाद स्थानीय पुलिस को साथ लेकर संयुक्त टीम ने क्षेत्र में संभावित ठिकानों पर दबिश दी। बताया जा रहा है कि बरामद शराब की सप्लाई और नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस ने संदिग्ध स्थानों पर छानबीन की और कुछ लोगों से पूछताछ भी की, हालांकि फिलहाल किसी अन्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

# मिशन शक्ति टीम बनी पीड़िता का सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** आर्थिक तंगी और पारिवारिक संकट से जूझ रही दो नाबालिग बहनों के लिए कैराना पुलिस सहारा बनकर सामने आई। मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत पुलिस टीम ने तत्काल मदद पहुंचाते हुए राशन और दवाइयों की व्यवस्था कराई, जिससे पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला बड़ी आल, आलकलां निवासी भावना और स्वीटी (उम्र करीब 14 वर्ष) थाना कैराना पहुंचीं और अपनी पारिवारिक स्थिति से पुलिस को अवगत कराया। बालिकाओं ने बताया कि उनके पिता का पहले ही निधन हो चुका है और उनकी मां रूमन फालिज (पैरालिसिस) से पीड़ित हैं। परिवार में पांच बहनें हैं और आय का कोई स्थायी साधन नहीं होने से घर की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मिशन शक्ति टीम ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए बालिकाओं को थाने पर बैठाकर उनकी समस्या सुनी। इसके बाद तत्काल कैराना बाजार से राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई और उनकी मां के इलाज के लिए दवाइयों हेतु आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। इस सराहनीय कार्य में उपनिरीक्षक चंद्रशेखर, महिला उपनिरीक्षक शिल्पी चौधरी समेत मिशन शक्ति टीम के अन्य सदस्यों की अहम भूमिका रही। टीम ने बालिकाओं को भविष्य में भी हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

कैराना पुलिस की इस पहल ने यह साबित किया है कि मिशन शक्ति अभियान केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि जरूरतमंद महिलाओं और बालि. काओं को सामाजिक व आर्थिक सहयोग देकर उन्हें सशुद्धि बनाने का भी माध्यम बन रहा है।

# अभि हत्याकांड में जाम में हुए मुकदमे की वापसी को डीएम से मिले ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 26 मार्च को शहर के मुजफ्फरनगर हाईवे पर तलवा माजरा के युवक की हत्या के विरोध में लगाए गए जाम के बाद 13 नामजद और दर्जनों अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज करने पर ग्रामीणों ने डीएम से मुलाकात की। उन्होने नौकरी पेशा युवकों की एफआईआर से नाम बाहर निकालने और मुकदमा खारिज कराने की मांग की है।

गत 26 मार्च को क्षेत्र के गांव तलवा माजरा निवासी छात्र अभि की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में परिजनों ने गुरूवार को मुजफ्फरनगर हाईवे पर जाम लगा दिया था। गुस्साऐं परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए पुलिस



पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। हाईवे पर घंटों जाम रहने से हाईवे पूरी तरह से बंद रहा था और मजबूरन पुलिस को वनवे चलाना पडा था। जिसके बाद पुलिस ने घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर दिया था और हाईवे पर लगाए गए जाम में शामिल 13 लोगों को नामजद करते हुए दर्जनों अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बाबरी थाने में जाम लगाने का मुकदमा दर्ज होने पर अब ग्रामीणों को आशंका है कि पुलिस कुछ लोगों पर एनएसए की कार्यवाही कर सकती है। जिससे परेशान होकर शुक्रवार को दर्जनों ग्रामीण गठवाला खाप के चौधरी बाबा राजेन्द्र मलिक के नेतृत्व में डीएम अरविन्द कुमार चौहान से मिले। उन्होने मामले में जांच कर नौकरी पेशा युवकों के नाम मुकदमे से निकालने की मांग की। इस अवसर पर गठवाला खाप चौधरी बाबा राजेन्द्र मलिक, धर्मेन्द्र मलिक, प्रधान विनोद, नरेन्द्र कुमार, धीरज मुखिया, महक सिंह, आदि मौजूद रहे।

# आईपीसीएम में आवेदन न होने पर 358 के लाइसेंस हुए रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में कीटनाशी विक्रेताओं के कार्यों में पारदर्शिता एवं निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए गए हैं। सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं ऑनलाइन पंजीकरण व्यवस्था का पालन न करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने बड़ी संख्या में लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। इस कार्रवाई से जनपद के कृषि क्षेत्र में अनुशासन स्थापित करने और किसानों के हितों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। यह जानकारी प्रदीप कुमार यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी/अनुज्ञप्ति अधिकारी शामली ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद में संचालित कीटनाशी विक्रेताओं को भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा विकसित एकीकृत कीटनाशी प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में अपर कृषि निदेशक, कृषि भवन लखनऊ द्वारा भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह तक सभी विक्रेताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके बावजूद जनपद के 358 कीटनाशी विक्रेताओं द्वारा 16 अप्रैल 2026 तक पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराया गया। साथ ही, इन विक्रेताओं द्वारा मासिक रिपोर्ट उपलब्ध न कराना एवं कीटनाशी अधिनियम 1968 के प्रावधानों का अनुपालन न करना भी पाया गया। इन सभी कारणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित 358 विक्रेताओं के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि जिन विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, यदि वे निलंबन आदेश की तिथि से 28 दिनों के भीतर प्च्डै पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराते हैं तथा निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं करते हैं, तो उनके लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। उन्होंने सभी कीटनाशी विक्रेताओं से अपील की है कि वे शासन के निर्देशों का पालन करते हुए शीघ्र पंजीकरण कराएं।

## आजाद अधिकार सेना ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आजाद अधिकार सेना के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को शामली तहसील में प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें उन्होने नोएडा औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों की जायज मांगों का स्थाई समाधान और दर्ज मुक. दमों को वापस लेने की मांग की। उन्होने महिला श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने की भी मांग की। शुक्रवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत हजारों मजदूर और विशेष रूप से महिला मजदूरों को परेशानियां हो रही है। उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नही हो सकता है। मजदूरों की मूल समस्याऐं बढती महंगाई आदि समस्याएं है।

# अभ्युदय योजना में मांगे आवेदन

शामली। जिला समाज कल्याण अधिकारी रीतू रस्तोगी ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है, ताकि वे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें।

उन्होंने बताया कि सिविल सेवा, आईआईटी-जेईई, एनडीए, सीडीएस, नीट, एसएससी तथा यूपीएसएसएससी जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे इच्छुक अभ्यर्थी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए जनपद शामली के राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज में कोचिंग केंद्र संचालित किया जा रहा है, जहां योग्य शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। पात्रता के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यूपीएससी/यूपीपीसीएस के लिए स्नातक अथवा अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्र आवेदन कर सकते हैं। एनडीए और सीडीएस के लिए इंटरमीडिएट उत्तीर्ण, जबकि यूपीएसएसएससी एवं एसएससी के लिए भी इंटरमीडिएट योग्यता निर्धारित की गई है। वहीं, नीट एवं जेईई के लिए हाईस्कूल उत्तीर्ण छात्र पात्र होंगे। इच्छुक छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्युदय पोर्टल ईीलनकंल.वदम पर पंजीकरण कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ऑफलाइन आवेदन हेतु राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, ग्राम गोहरनी, जनपद शामली से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। सभी अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र तथा मूल निवास प्रमाण पत्र संलग्न कर निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून 2026 निर्धारित की गई है। अधिकाअभ्यर्थियों से समय से आवेदन करने का आग्रह किया है।

# अवैध रूप से बाइक नंबर का हो रहा उपयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में वाहन नंबर के दुरुपयोग का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिससे न केवल संबंधित वाहन स्वामी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, बल्कि भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी की आशंका भी जताई जा रही है। पीड़ित ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

थाना भवन कस्बे के मोहल्ला सैयद दान निवासी अब्दुल रहमान द्धपुत्र मुस्तफाऋ ने बताया कि उनकी मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर (नंबर UP 19 K 8857) का कोई अज्ञात व्यक्ति गलत तरीके से उपयोग कर रहा है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति उनकी गाड़ी के नंबर का इस्तेमाल कर लगातार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहा है, जिसके चलते कई बार चालान कट चुके हैं। अब्दुल रहमान के अनुसार, शुरू में उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि चालान किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किए जा रहे हैं, जिसके कारण उन्होंने उन चालानों का भुगतान भी कर दिया। बाद में जांच करने पर उन्हें संदेह हुआ कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी गाड़ी के नंबर प्लेट का दुरुपयोग कर रहा है। यह मामला सामने आने के बाद उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त की है। पीड़ित का कहना है कि इस प्रकार का कृत्य न केवल गैरकानूनी है, बल्कि इससे भविष्य में किसी गंभीर अपराध या दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि संबंधित व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार की अनहोनी की जाती है, तो उसका गलत प्रभाव उनके ऊपर पड़ सकता है। अब्दुल रहमान ने प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि मामले की गहन जांच कर दोषी व्यक्ति की पहचान की जाए और उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि इस नंबर का दुरुपयोग कर कोई घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी उस अज्ञात व्यक्ति की होगी। स्थानीय लोगों ने भी इस मामले को गंभीर बताते हुए



प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पीड़िता फरमाना पत्नी अनीस ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर की दीवार पर निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान वह अपनी पुत्री आयसा के साथ घर में मौजूद थी। आरोप है कि तभी गांव के नसीम उर्फ बिल्ला, समद उर्फ काला, वसीम उर्फ मुनीम और सलीम पुत्र मोहम्मद हजारी एक राय होकर जबरन घर में घुस आए। आरोपियों ने घर में घुसते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर फरमाना के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने घर की दीवार भी तोड़ दी, जिससे उसे काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराने और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

# हनी ट्रैप प्रकरण में पूर्व विधायक ने परिजनों को दिया मदद का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में हनी ट्रैप गैंग के जाल में फंसकर एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। शुक्रवार को पूर्व विधायक व सपा नेता राजेश्वर बंसल पीड़ित परिवार से मिलने उनके आवास पहुंचे और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

गांव मलकपुर निवासी इस्लाम के 27 वर्षीय पुत्र बिलाल ने विगत 14 अप्रैल को जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। बताया गया है कि आत्महत्या से पहले बिलाल ने दो वीडियो बनाए थे, जिनमें उसने खुद को फर्जी एप और हनी ट्रैप के जाल में फंसा बताया। वीडियो में उसने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराते हुए मां से माफी मांगी और अपने बच्चों का खयाल



रखने की अपील भी की। घटना के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में बिलाल को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। युवक की मौत के बाद से परिवार में शोक की लहर है।शव दफनाने के बाद परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी पुलिस साइबर टीम की मदद से आरोपियों की तलाश में झुकी हुई है।शुक्रवार को पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि वह जल्द ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे। उनके साथ जावेद जंग, पूर्व प्रधान वकील जंग सहित आदि ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# कार्तिक कौशिक को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नेशनल चिल्ड्रन एकेडमी में वार्षिक परीक्षापफल का आयोजन किया गया। जिसमें कार्तिक कौशिक ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता-पिता का नाम रोशन किया।

मोहल्ला गुजरातियान स्थित निवासी सुमित कौशिक के पुत्री कनक कौशिक व कार्तिक कौशिक नेशनल चिल्ड्रन एकेडमी पब्लिक स्कूल में पढ़ते हैं जिन्होंने अपने स्कूल में कनक कौशिक ने 69: अंक प्राप्त किया वही कार्तिक कौशिक ने 92.2: अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया वही अपने माता-पिता का गौरव बढ़ते हुए ब्राह्मण समाज का नाम रोशन किया यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के साथ साथ पूरे ब्राह्मण समाज के लिए गर्व का विषय बन गई है। इन बच्चों की मेहनत, अनुशासित और स्मारक की मिसाल परमपिता परमेश्वर का



आशीर्वाद और उनकी छत्रछाया में सफलता उनकी निरंतर मेहनत, और अध्ययन की प्रतिछाया हमेशा रहे उन्होंने यह सिद्ध किया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और ईमानदारी से प्रयास किया जाए, तो सफलता ही मिलती है। नेशनल चिल्ड्रन एकेडमी पब्लिक स्कूल में कनक कौशिक व कार्तिक कौशिक ने अपने विद्यालय, परिवार और पूरे ब्राह्मण समाज का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी एक प्रेरणा है कि वे भी मेहनत और लगन से अपने सपने को साकार कर सकते हैं। इस सफलता में उनके दादी बाबा व माता-पिता का मार्गदर्शन और परिवार का सहयोग भी महत्वपूर्ण भूमिका है। नेशनल चिल्ड्रन एकेडमी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अरुण कुमार संगल व श्रीमती कमलेश देवी, प्रधानाचार्य मनोज संगल व अखिल भारतवर्ष से ब्राह्मण सभा पंजीकृत के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक पंडित नंदकिशोर शर्मा , राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष पंडित निरंजन कौशिक, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित सुभाष चंद्र तिवारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित मुकेश भारद्वाज, राष्ट्रीय महामंत्री एव केव शर्मा,राष्ट्रीय प्रभारी पंडित के सी गौड, राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हेमंत कौशिक, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर पंडित पंकज शर्मा, आचार्य पंडित उमेश कौशिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी अरविंद कौशिक, अमित शर्मा, सुभाष शर्मा, मुकेश गौतम, आदि ने कनक कौशिक, कार्तिक कौशिक, को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस शानदार उपलब्धि पर उनके परिवार को हार्दिक बधाई और परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि वे आगे भी इसी तरह सफलता के साथ नए कीर्तिमान स्थापित करें और ब्राह्मण समाज का नाम रोशन करते रहें।

# हाईवे पर दो हादसेः तीन लोग हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में मां-बेटा और पौत्रा समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक अन्य युवक भी बाइक फिसलने से चोटिल हो गया। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से तीन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बागपत जनपद के रमाला थाना क्षेत्र के गांव असारा निवासी फारूक अपनी मां मुनिजा और नौ वर्षीय पुत्र अर्श के साथ बाइक से शामली दवाई लेने जा रहे थे। जैसे ही वह किंवाना मोड़ के पास पहुंचे, सामने से तेज गति से आ रही एक अन्य बाइक को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। इससे तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस टीम ने घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर तीनों को जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया गया।दूसरी और हादसे में कैराना क्षेत्र के गांव भूरा निवासी शुभम बागपत से बाइक द्वारा लौट रहा था। एलम के पास अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह गिरकर घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने सड़क पर चलने वाले लोगों से सावधानी से वाहन चलाने व हेलमेट लगाकर चलने की अपील की है।



## दो पक्षों में मारपीट, ईटें मारकर पसली तोड़ने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सकौती मे भाईयों की आपसी कहासुनी मे जानलेवा हमले का आरोप लगा है। आरोप है कि गुरूवार की रात्रि में मजदूरी से लौटने पर तीन अन्य भाईयो ने बंधक बनाकर जानलेवा हमला किया और ईट मारकर एक साइड की पसलियो को तोड दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची और झगडे को शांत कर पीडित से तहरीर ली। पीडित को मेडिकल के लिए भेजा गया है। वही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव सकौती में ऋषिपाल पुत्र बारू का आरोप है कि गुरूवार को मजदूरी से वापस लौटते समय तीन अन्य भाईयों ने रास्ते मे रोककर गाली गलौच किया। विरोध पर मारपीट करते हुए बंधक बना लिया और जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह से बंधनमुक्त पीडित ने भागकर जान बचाई। इसके बाद आरोपी पीडित के घर पहुॅचें और मारपीट की गई। दो पक्षो मे झगडे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची और आरोपियो के घरो पर दबिश देकर मामले को शांत कराया गया। शुक्रवार को पीडित ने परिवार के संग पुलिस चौकी पहुॅचकर पुलिस को तहरीर दी और मेडिकल कराया। पुलिस ने अभी तक मामले मे कोई कार्यवाही नही की है।

# फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी का शानदार प्रदर्शन

**शिवाला कलां।** फ्यूचर चिल्ड्रेन एकेडमी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि विद्यालय के कक्षा 10 के विद्यार्थियों का परिणाम सीबीएसई द्वारा घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष कई विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में कुनाल ने 95%, कनिका ने 92%, आदर्श ने



92%, शशांक ने 85% तथा लविश ने 84% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग को दिया गया है। विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने कहा कि फ्यूचर चिल्ड्रेन एकेडमी सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी विद्यार्थियों को इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती रहेगी।

# तीन दिवसीय पर्यवेक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एडीएम/जिला जनगणना अधिकारी वान्या सिंह के दिशा निर्देश में आज तहसील एवं नगर निकाय स्तर पर तीन दिवसीय प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

एडीएम वान्या सिंह ने बताया कि आगामी जनगणना कार्यों को शुद्धता और समयबद्धता के साथ संपन्न कराने के लिए शासन के मंशानुसार आज जनपद में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज हुआ। एडीएम वान्या सिंह के कुशल दिशा-निर्देशों के क्रम में आज जनपद की समस्त तहसीलों एवं नगर निकायों में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।

उन्होंने बताया कि जनगणना एक राष्ट्रव्यापी महत्वपूर्ण कार्य है, जिसकी सफलता सटीक डेटा पर निर्भर करती है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को जनगणना की बारीकियों, तकनीकी पहलुओं और मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा फीडिंग की प्रक्रिया में दक्ष बनाना है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी तीन दिनों तक निरंतर जारी रहेगा। इस बार डिजिटल माध्यमों पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि डेटा संकलन में त्रुटि की गुंजाइश न रहे। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और उनके निराकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने विभिन्न केंद्रों पर आयोजित सत्रों में संबंधित तहसीलदारों और अधिशासी अधिकारियों ने मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से प्रगणकों को संबोधित किया। प्रगणकों को निर्देशित किया गया कि वे घर-घर जाकर जानकारी जुटाते समय आम जनमानस के साथ मृदु व्यवहार करें और प्रत्येक कॉलम को सावधानीपूर्वक भरें।

जिला जनगणना अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पर्यवेक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे सुनिश्चित करेंगे कि उनके अधीन कार्य कर रहे प्रगणक निर्धारित क्षेत्र (Layout Map) के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं और कोई भी परिवार गणना से वंचित न रहे।

**नाम परिवर्तन**

मेरे पासपोर्ट सं. L9278542 में मेरा नाम ABDUL SHAMAD दर्ज है, जो त्रुटिपूर्ण है। जबकि मेरा वास्तविक नाम ABDUL SAMAD है। अतः भविष्य में मुझे ABDUL SAMAD के नाम से ही जाना जाए।

अब्दुल समद पुत्र तौफीक अहमद निवासी मकान नं. 800, ग्राम भैसानी इस्लामपुर, जिला शामली

# अग्निशमन कर्मियों ने आग से बचाव की शुगर मिल कर्मियों को दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के दौरान देवबंद फायर स्टेशन प्रभारी रोहित कुमार सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन कर्मियों ने त्रिवेणी शुगर मिल पहुंच मॉकड्रिल कर कर्मियों को आग ओर आग से बचाव की जानक. ारी दी। इस दौरान शुगर मिल कर्मियों को अग्नि सुरक्षा का संकल्प, रेस्क्यू आपरेशन और गैस और इलेक्ट्रिक आग पर काबू पाने का लाइव डेमो का प्रदर्शन किया।



फायर ब्रिगेड द्वारा शुगर मिल में आयोजित कार्यक्रम में आपात स्थिति में आग लगने पर 112, अपना नाम व घटना स्थल की सही जानकारी देकर फायर सर्विस को मौके पर बुलाए जाने की जानकारी से अवगत करया गया। इस दौरान त्रिवेणी शुगर मिल में सावधानी हटी दुर्घटना घटी का संदेश देते हुए सुरक्षा का संक्लप दिलाया गया।

इस दौरान फायरकर्मियों ने त्रिवेणी शुगर मिल स्टॉफ को मॉकड्रिल का प्रशिक्षण दिया। फायर स्टेशन प्रभारी रोहित कुमार ने वृहद जागरूकता अभियान और मॉकड्रिल के अंतर्गत मिल के कर्मचारियों को न केवल आग बुझाने के आधुनिक उपकरणों का उपयोग सिखाया गया, बल्कि आपात स्थिति में शांत रहकर सूझबूझ से काम लेने के टिप्स भी दिए। इस दौरान उन्होंने आपात स्थित त्वरित एक्शन लेने और फायर सर्विस के पहुंचने तक आग से सुरक्षित दूरी बना आग के फैलने के रास्तों को किस प्रकार बाधित किया जाए जानकारी दी।

# सपा नेता मुस्लिम महापुरुषों का कर रहे अपमान: उलेमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सहारनपुर के शेखुल हिंद मेडिकल कालेज का नाम बदलने की मांग के बाद समाजवादी पार्टी के नेता एवं पूर्व विधायक मनोज चौधरी उलमा के निशाने पर आ गए है। उलमा की बैठक में पूर्व विधायक के बयान की निंदा की गई। उलमा ने कहा कि अपने को मुस्लिमों की हितेषी कहने वाली समाजवादी पार्टी में मौजूद नेता ही मुस्लिम महापुरुषों का अपमान कर रहे है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पूर्व विधायक मनोज चौधरी के बयान का मामला दिनों दिन तूल पकड़ रहा है। जुमा की नमाज के बाद मुहल्ला खानकाह स्थित दारुल उलूम अशरफिया में अयोजित बैठक में मदरसे के मोहतमिम मौलाना सालिम अशरफ कासमी ने सपा नेता एवं पूर्व विधायक मनोज चौधरी के बयान को अफसोसनाक बताते हुए कहा कि देश की आजादी में दिए गए शेखुल





हिंद के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। दारुल उलूम देव. बंद के प्रथम छात्र और शेखुल हिंद मौलाना महमूद हसन देवबंदी महान स्वतंत्रता सेनानी थे। सपा नेता और पूर्व विधायक द्वारा सहारनपुर के मेडिकल कालेज का नाम बदलने की सिफारिश करना निंदनीय है। मदरसा जामिया कासमिया दारुत्तालीम व सना के मोहतमिम मौलाना इब्राहीम कासमी ने कहा कि सपा नेता मनोज चौधरी को यह बात भली प्रकार समझनी चाहिए कि सपा ने ही अपनी सरकार में मेडिकल कालेज का नाम शेखुल हिंद के नाम पर रखा था। उनके द्वारा इस तरह की सिफारिश किए जाना निंदनीय है। शेखुल हिंद दिवंगत महमूद हसन देवबंदी के नवासे और शेखुल हिंद एकेडमी के चेयरमैन रियाज महमूद देवबंदी ने कहा कि जहां एक ओर सपा मुस्लिम हितेषी होने का दंभ भरती है वहीं, उसके नेता मुस्लिम विरोधी कार्य कर रहे है, इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस मौके पर मौलाना मुजीब, मौलवी कलीम, मोहम्मद कबीर, राशिद अहमद, मोहम्मद ताज, मौलाना मुजतबा आदि शामिल रहे।

# बाबा साहेब के अमूल्य कार्यों का किया बखान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत खंड विकास कार्यालय सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें डा. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए अमूल्य कार्यों का बखान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि डा. आंबेडकर ने न केवल भारतीय समाज की दिशा बदली, बल्कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे को भी मजबूती प्रदान की। उनका पूरा जीवन दलितों और पिछड़ों के अधिकारों के लिए समर्पित था। उन्होंने संविधान के माध्यम से अनुच्छेद 17 के तहत छुआछूत को पूरी तरह से समाप्त करने का ऐतिहा. सिक कार्य किया था। ब्लाक प्रमुख पति विजय त्यागी ने कहा कि डा. आंबेडकर ने महिलाओं और श्रमिकों के उत्थान के लिए भी काम किया। गन्ना समिति के चेयरमैन डा. उपेंद्र सिंह ने भी आंबेडकर द्वारा रचित संविधान पर प्रकाश डाला और बाबा




साहब के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री बृजेश सिंह का सम्मान किया। मंडल महामंत्री सोनित कश्यप, कुलदीप सैनी, अनिल प्रधान, राहुल बीरपुर आदि समेत विभिन्न गांवों के प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य शामिल रहे।

## रेलवे ट्रैक पर शव मिलने से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कासिमपुरा-भायला रेलवे फाटक के बीच ट्रैक पर शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। शुक्रवार की दोपहर रेलवे ट्रैक पर 50 वर्षीय एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शरीर पर जगह जगह गहरे जख्म बने हुए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। इस दौरान वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हुई। पुलिस का कहना है शुरुआती जांच में लग रहा है कि व्यक्ति किसी ट्रेन से गिरा है। मामले की जांच की जा रही है।

# बनेड़ा खास को जोड़ने वाली सड़क की हालत जर्जर, राहगीरों को असुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सरकार का गड्ढा मुक्त भारत का दावा हवा हवाई साबित हो रहा है देवबंद के बीबीपुर रोड से बनेड़ा खास को जोड़ने वाली सड़क की हालत जर्जर बनी हुई है। सड़क गड्ढों में तबदील हो जाने से राहगीरों को रोजमर्रा आने जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में यह सड़क पानी में डूब जाती है, जिससे आवागमन लगभग असंभव हो जाता है।

स्थानीय निवासी सुशील वाल्मीकि ने बताया बारिश होते ही यह सड़क कई फुट पानी में डूब जाती है, लेकिन कोई जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देता। वहीं, रमेश सैनी ने कहा, यहां कई-कई फुट गहरे गड्ढे हैं, जो



आने-जाने वालों के लिए खतरा बने हुए हैं। यह सड़क बीबीपुर रोड से बनेड़ा खास के लोगों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, लेकिन इसकी मरम्मत पर किसी का ध्यान नहीं। स्थानीय लोग चाहते हैं कि विधायक या सांसद इस ओर तुरंत नजर डालें।

# दारुल उलूम ने मोबाइल फोन रखने पर लगाई पाबंदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इस्लामिक शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने पर नया सत्र प्रारंभ होते ही दारुल उलूम ने छात्रो पर एक बार फिर मल्टीमीडिया (स्मार्ट/एंड्रॉयड) मोबाइल फोन रखने पर पाबंदी लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि किसी छात्र के पास मल्टीमीडिया फोन पाया गया तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिसमे छात्र का निष्कासन भी संभंव है।

दारुल उलूम के दारुल इकामा के नाजिम-ए-आला (छात्रावास प्रभारी) मौलाना मुफ्ती अशरफ अब्बास ने सभी पुराने और नए छात्रों को सूचित किया जाता है कि संस्थान परिसर के भीतर मल्टीमीडिया मोबा. इल रखना पूर्णत: प्रतिबंधित है। यदि किसी छात्र के पास इस प्रकार का मोबाइल पाया जाता है, तो इसे नियमों का उल्लंघन माना जाएगा और उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निष्कासन भी शामिल हो सकता है। कहा कि शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है, इसलिए छात्रों को पहले ही सचेत किया जा रहा है कि वे मल्टीमीडिया मोबाइल के उपयोग से पूरी तरह बचें और नियमों का उल्लंघन न करें। यदि कोई छात्र ऐसे मोबाइल के साथ पाया जाता है, चाहे वह उपयोग में हो या न हो, उसे कड़ी सजा का सामना करना पड़ेगा। दारुल उलूम पिछले कई वर्षों से एंड्रॉयड या अन्य मल्टीमीडिया मोबाइल फोन पर पूरी तरह प्रतिबंध लागू है। छात्रों को केवल साधारण (कीपैड) फोन रखने की अनुमति दी जाती है, जिससे शैक्षणिक वातावरण बना रहे और अनावश्यक गतिविधियों से बचा जा सके।

## भारत विकास परिषद में पूनम सिंघल अध्यक्ष एवं रेखा रानी सचिव बनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भारत विकास परिषद (बाला सुंदरी शाखा) की ओर से अधिष्ठापन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नए पदाधिकारियों का चयन भी किया गया।

नगर कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निरंजनी अखाडा की महामंडलेश्वर साध्वी आशु गिरि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। तनुजा कपूर ने भारत विकास परिषद के पांच सूत्र सहयोग, सेवा, संस्कार, समर्पण और संपर्क के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नए पदाधिकारी बनाए गए। इसमें पूनम सिंघल अध्यक्ष, रेखा रानी सचिव, मीनू गर्ग कोषाध्यक्ष और महिला सहभागिता में श्वेता धवन का चयन किया गया। महामंडलेश्वर साध्वी आशु गिरि ने सभी को आशीर्वाद देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। संस्था पदाधिकारियों की ओर से साध्वी आशु को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता सुमन सिंघल व संचालन पूजा गर्ग ने किया। इस मौके पर चंदन बाला, डॉ. कांता, अर्चना, गीता, पिंकी, संगीता, स्मिता, वीणा, मोनिका सिंघल आदि आदि शामिल रहीं।

# रैली निकाल समाज को जागरूक करने का दिया संदेश

**मुजफ्फरनगर।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नारी शक्ति सम्मेलन' के अंतर्गत एसडी कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में रैली का आयोजन कर महिला अधिकार, समानता, शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित नारों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया।

जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में 'नारी शक्ति सम्मेलन' के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का शुभारंभ कॉलेज परिसर से कर विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: संस्थान में आकर समाप्त हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने महिला अधिकार, समानता, शिक्षा एवं




आत्मनिर्भरता से संबंधित नारों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उन्हें उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। रैली में छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नारी शक्ति- देश की शक्ति जैसे प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण किसी भी समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि आज के युग में महिलाओं की भूमिका हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण होती जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्हें आत्मविश्वास एवं नेतृत्व प्रदान करती है। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

# ममेरी बहन की शादी में शामिल होने आए युवक की हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** ममेरी बहन की शादी में शामिल होने आए युवक की दर्दनाक सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार इकरार अंसारी (20 वर्ष) पुत्र नजर हसन उर्फ भोले निवासी ग्राम रामनगर, थाना अफजलगढ़ मुम्बई में सैलून चलाता है। इकरार तीन-चार दिन पूर्व मुम्बई से अपनी ममेरी बहन की शादी में शामिल होने घर आया था। आज इकरार के मामा सलाउद्दीन निवासी हसनपुर, थाना रेहड़ की लड़की की शादी थी। खुशी के मौहाल के बीच शादी की रस्मे



चल रही थी। देर शाम करीब साढ़े सात बजे इकरार सलामी के लिए गिफ्ट खरीदने बाइक से अफजलगढ़ जा रहा था। रास्ते में बादीगढ़-सुआवाला मार्ग पर ग्राम भगतावाला के समीप बादीगढ़ चौराहे की तरफ से रॉन्ग साइड से आ रही लगभग 50 कुंतल गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने इकरार की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे इकरार सड़क पर गिर गया और ट्रैक्टर के पहिए उसके ऊपर से उतर गए। इकरार की मौके पर ही मौत हो गई। अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने पास ही स्थित लक्ष्य चौहान के गेट में जोरदार टक्कर मारी इसके बाद सरकारी हैंडपंप को तोड़ते हुए जमीन में पहिया धंसने पर चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक अफजलगढ़ और रेहड़ थाना पुलिस मौके पर मौजूद थी। उधर इकरार की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

## अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा

**नगीना।** रविवार को शेरकोट से नगीना आ रही बाइक (UP20AK 0325) को रॉन्ग साइड से आ रहे एक तेज रफ्तार डीसीएम (UP20AT 9753) ने जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में सात वर्षीय हम्माद की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाइक सवार अनस और हूमा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को उपचार के लिए बिजनौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक के मामा मौ. दानिश की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1), 281, 125(इ) और 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ा विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**स्योहारा।** ग्राम सफियाबाद सहित आसपास के कई स्थानों पर लगाए जा रहे स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। विरोध के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिजलीघर पहुंच गए और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि विभाग द्वारा बिना सहमति के जबरन पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि मीटर बदलने के दौरान पुलिस का दबाव बनाकर नए मीटर लगाए गए। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार



स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से बिजली बिलों में अचानक बेतहाशा बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि पहले की अपेक्षा अब कई गुना अधिक बिल आ रहे हैं। जिससे आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर मोबाइल रिचार्ज प्रणाली की तरह कार्य कर रहे हैं। रिचार्ज समाप्त होते ही बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है। जिससे घरेलू कार्यों, बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा की गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। पुलिस की मौजूदगी में स्थिति सामान्य बनी रही। ग्राम सफियाबाद के साथ-साथ नगर एवं क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों की नाराजगी खुलकर सामने आ रही है। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इस संबंध में विद्युत विभाग की ओर से मौके पर कोई वार्ता नहीं हुई। हालांकि पूर्व में हुई बातचीत के आधार पर विद्युत विभाग के एसडीओ ने बताया कि शासन के आदेश के अनुसार ही स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से स्मार्ट मीटर व्यवस्था की जांच कराने बढ़े हुए बिजली बिलों की समीक्षा करने तथा उपभोक्ताओं की सहमति के बिना लगाए गए मीटरों को हटाने की मांग की है।

# धरने की सफलता के लिए विद्यालयों का भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी दो मई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर होने वाले धरने की सफलता के लिए माध्यमिक विद्यालयों में भ्रमण कर शिक्षकों से संपर्क कर रहे हैं। संगठन की उपलब्धियां तथा आगामी रणनीति पर शिक्षकों से चर्चा कर रहे हैं तथा दो मई को धरना स्थल पर पहुंचकर धरने को सफल बनाने का आह्वान कर रहे हैं।

आज जिला मंत्री विनोद कुमार के साथ शिक्षकों ने आदर्श इंटर कॉलेज उमरी, देवता इंटर कॉलेज मोरना, जनता इंटर कॉलेज आजमपुर, कृषक इंटर कॉलेज धुंधली, एसएन इंटर कॉलेज गो. हावर, इंटर कॉलेज अस्करीपुर, आरजीएनपी इंटर कॉलेज राजा का ताजपुर आदि का भ्रमण किया तथा शिक्षकों की समस्याओं को सुना। जिला मंत्री विनोद कुमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली, विनियमित किए गए शिक्षकों को पुरानी पेंशन माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा सुरक्षा नियमों की स्थापना आदि विभिन्न मांगों को लेकर दो मई को प्रांतीय आह्वान पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन का आयोजन होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से शासन को ज्ञापन दिया जाएगा। जिला स्तर पर लंबित समस्याओं के निस्तारण के लिए भी डीआईओएस पर दबाव बनाया जाएगा। भ्रमण के दौरान विद्यालयों की प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों से प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता की।

**बेदखली सूचना**

मेरे पुत्र हमजा व पुत्रवधू शबनम तथा दुसरा पुत्र वजीर व पुत्रवधू शीबा मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं और आये दिन गाली गलौच करते हैं जिससे परेशान होकर मैं उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**जुलेखा पत्नि नजीर अहमद,**
निवासी: फैसल टाऊन निकट फैसल मस्जिद वुडन सिटि थाना मण्डी, सहारनपुर।

**जिला बाल संरक्षण अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहारनपुर**

पत्रांक: जि0प्र0का0/जि0बा0स0ई0/कोर्ट-केस/2026-27 दिनांक: 17.04.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

**उपयुक्त व्यक्ति (फिट पर्सन)/उपयुक्त सुविधा (फिट फैसिलिटी)/ फास्टर केयर/ग्रुप फास्टर केयर के रुप में मान्यता हेतु आवेदन**

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अन्तर्गत बालकों को सुरक्षित पारिवारिक वातावरण में देखरेख, संरक्षण, पुनर्वास एवं सामाजिक पुन: एकीकरण कराने हेतु उपयुक्त व्यक्ति, उपयुक्त सुविधा, फास्टर केयर तथा ग्रुप फास्टर केयर के रुप में जनसामान्य में लोकहितैषी भावना से कार्य करने वाले इच्छुक व्यक्तियों, स्वंयसेवी संस्थाओं से अपनी सेवायें देने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। उपयुक्त व्यक्ति तथा उपयुक्त सुविधा की सेवायें नि:शुल्क प्रदान की जायेगी।

ऐसे व्यक्ति/संस्थायें जो बालकों को बुनियादी सेवायें उपलब्ध कराने में शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रुप से सक्षम हो, किसी भी अनैतिक या आपराधिक कार्य में संलिप्त न हों तथा बाल संरक्षण अथवा सामाजिक कार्य करने के क्षेत्र में अनुभवी हो, आवेदन हेतु पात्र होंगे।

विस्तृत जानकारी तथा आवेदन का प्रारुप विभागीय वेबसाइट https://mahilakalyan.up.nic.in डाउनलोड करें अथवा कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर, सहारनपुर में जमा करें।

**जिला बाल संरक्षण अधिकारी/**
**जिला प्रोबेशन अधिकारी**
**सहारनपुर।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द (सहारनपुर)**

पत्रांक: मीमो/न0प0परि0दे0/2026-27 दिनांक: 05.03.2026

कुटेशन सूचना

समस्त इच्छुक फर्मदाताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द द्वारा पालिका निधि/राज्यवित्त आयोग के अन्तर्गत मेला वर्ष 2026 के प्रचार-प्रसार कार्य के लिए दर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य के लिए इच्छुक फर्मदाता अपने-अपने रेट बंद लिफाफे में दिनांक: 16-03-2026 को दोपहर 2:00 बजे तक पालिका में जमा कर सकते है। तथा अन्य शर्त किसी भी कार्य दिवस में पालि. का में देखी जा सकती है। रेट स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित होगा।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | फलैक्स बैनर | प्रति वर्ग फुट |
| 2. | फलैक्स बैनर लेबर | प्रति बैनर |
| 3. | फलैक्स बैनर मय फ्रेम | प्रति वर्ग फुट |
| 4. | फलैक्स बैनर मय फ्रेम लेबर | प्रति बैनर |
| 5. | परिचय पत्र/वाहन पास | प्रति नग |

(राजपति बैस)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद देवबन्द

(विपिन कुमार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद देवबन्द

# कोलकाता ने गुजरात को 181 का टारगेट दिया

### कैमरन ने 55 बॉल पर 79 रन बनाए, कगिसो रबाडा को 3 विकेट

**अहमदाबाद, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के 25वें मैच में गुजरात टाइटंस को 181 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में केकेआर ने बैटिंग चुनी। कोलकाता 20 ओवर में 180 पर आलआउट हो गई। जवाबी पारी में गुजरात ने पहले ओवर में बिना नुकसान के 3 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और शुभमन गिल क्रीज पर हैं। कैमरन ग्रीन ने सीजन की पहली फिफ्टी लगाई। उन्होंने 55 बाल पर 7 चौके और 4 छक्के के सहारे 79 रन की पारी खेली। कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और अशोक शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान को एक-एक विकेट मिला। 20वें ओवर की आखिरी बाल पर कैमरन ग्रीम 79 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें राशिद खान ने जोस बटलर के हाथों कैच कराया। इसी के साथ कोलकाता 20 ओवर में 180 रन पर आलआउट हो गई। 19वें ओवर में कोलकाता ने 9वां विकेट गंवाया। यहां कार्तिक त्यागी 6 रन बनाकर रनआउट हो गए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने जोस बटलर के थ्रो पर नान स्ट्राइक पर रनआउट किया। 18वें ओवर की तीसरी बाल पर कोलकाता ने 8वां विकेट गंवाया। यहां पर सुनील नरेन जीरो पर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच कराया। 17वें ओवर में कोलकाता ने 7वां विकेट गंवाया। यहां पर रमनदीप सिंह (17 रन) को अशोक शर्मा ने सिराज के हाथों कैच कराया। अशोक शर्मा को दूसरा विकेट मिला है। 16वें ओवर में कोलकाता ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर रिंकू सिंह एक रन बनाकर आउट हुए। रबाडा की गुड लेंथ बाल बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर जोस बटलर के दस्तानों में चली गई। रबाडा को तीसरा विकेट मिला है। इसी ओवर में कोलकाता ने 150 रन का आंकड़ा भी पार किया। 15वें ओवर में कोलकाता ने पांचवां विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बाल प्रसिद्ध कृष्णा ने आफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। अनुकूल राय एक्स्ट्रा कवर्स के ऊपर से शाट खेलने गए, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। वे 9 रन ही बना सके, लेकिन कैमरन ग्रीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की पार्टनरशिप कर गए। 14वें ओवर में कैमरन ग्रीन ने राशिद खान की बाल पर लगातार तीन बाउंड्री लगाई। उन्होंने पहली बाल पर छक्का लगाया। उसके बाद अगली दो बाल पर दो चौके लगाए दिए। राशिद के इस ओवर से 17 रन आए। 13वें ओवर में कैमरन ग्रीन ने अशोक शर्मा की बाल पर छक्का लगाया। जोकि मैदान के अंदर खड़ी डिस्प्ले कार पर लगा। ग्रीन ने गुड लेंथ की स्लोअर बाल को डीप बैकवर्ड पाइंट की दिशा में खेला था। अशोक के इस ओवर से 19 रन आए। 13वें ओवर में कैमरन ग्रीन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने इस सीजन का पहला अर्धशतक लगाया। उन्हें 34 बाल लगी। उन्हें कोलकाता ने पिछली नीलामी ने 25 करोड़ 20 लाख रुपए में खरीदा था। 12वें ओवर में कोलकाता ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया।



# हैदराबाद के आतिशी व सैमसन की स्थिरता के बीच होगा मुकाबला

**हैदराबाद, वार्ता।** आज रात हैदराबाद में, जब माहौल थोड़ा तनावपूर्ण है, एक ऐसा मुकाबला खेला जा रहा है जो लीग मैच से कहीं अधिक क्रिकेट के दो दर्शनों की शांत परीक्षा है - एक पुराना और आजमाया हुआ, दूसरा नया और अभी भी अपने आप से जूझ रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स एक ऐसी संस्था की तरह मैदान में उतरी है जो संन्यास लेने से इनकार करती है।

रुतुराज गायकवाड़ निरंतरता का भार लेकर टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, वहीं इस सीजन में सबसे अधिक रन बनाने वाले संजू सैमसन बल्लेबाजी में ऐसी शालीनता दिखाते हैं जैसे उन्हें घबराहट में कोई दिलचस्पी नहीं है। उनके साथ, आयुष म्हात्रे युवा जोश और प्रतिष्ठा की परवाह न करते हुए बेखौफ होकर खेलते हैं, डेवाल्ड ब्रेविस अपनी अनूठी रचनात्मकता से सबको प्रभावित करते हैं, सरफराज खान दृढ़ निश्चय के साथ खेलते हैं, और शिवम दुबे चेन्नई सुपर किंग्स की उस जानी-पहचानी लय को बनाए रखते हैं जो पारी को लयबद्धता की नहीं, बल्कि विराम चिनों की जरूरत होने पर काम आती है। उनके पीछे, प्रशांत वीर एक शांत और उपयोगी गेंदबाज के रूप में मौजूद हैं,

जेमी ओवर्टन अंग्रेजी शैली की वह बहुमुखी प्रतिभा प्रदान करते हैं जो सीएसके के लिए हमेशा उपयोगी रही है, नूर अहमद एक कुशल गेंदबाज की तरह धैर्यपूर्वक स्पिन गेंदबाजी करते हैं, अंशुल कंबोज बढ़ते आत्मविश्वास के साथ गेंदबाजी करते हैं, और गुरजपनीत सिंह उस गेंदबाजी इकाई को पूरा करते हैं जिसने केवल आक्रमण करने के बजाय टिके रहना सीख लिया है। बेंच से, अकील हुसैन प्रभाव डालने वाले विकल्प के रूप में तैयार हैं - एक ऐसा गेंदबाज जो बिना आवाज उठाए अपना मिजाज बदल लेता है। इसके विपरीत, सनराइजर्स हैदराबाद एक ऐसी टीम के रूप में आई है जिसने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह खुद का कौन सा रूप पसंद करती है। अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में लय बनाते हैं - कभी विस्फोटक, कभी अपनी महत्वाकांक्षा के कारण समय से पहले आउट हो जाते हैं। उनके बाद ट्रैविस हेड आते हैं, जो समान रूप से विनाशकारी या निराशाजनक प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। कप्तान ईशान किशन जिम्मेदारी और आजादी दोनों निभाते हैं, ऐसे बल्लेबाजी करते हैं जैसे हर पारी एक ऐसी बहस हो जिसे उन्हें जीतना ही है। उनके मध्य क्रम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन सबसे सटीक गेंदबाज बने हुए हैं, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी और अनिकेत वर्मा युवा आक्रामकता का प्रतिनिधित्व करते हैं जो संरचना खोजने की कोशिश कर रही है।

### खेल विशेष

#### मेसी ने बार्सिलोना का एक निचली लीग क्लब खरीदा

**मैड्रिड, वार्ता।** एफसी बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड लियोनेल मेसी ने स्पेन के पांचवें दर्जे के क्लब यूएई कोर्नेला को खरीदने का काम पूरा कर लिया है। अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी ने, जो एमएलएस टीम इंटर मियामी के लिए खेलते हैं, बार्सिलोना के बाहरी इलाके में स्थित इस क्लब का 100 प्रतिशत मालिकाना हक हासिल कर लिया है। यूएई कोर्नेला फिलहाल आरएफईएफ थर्ड डिवीजन के ग्रुप 5 से ऊपर उठने की कोशिश कर रहा हैद्ध पिछले सीजन में यह आरएफईएफ सेकंड डिवीजन (जो चौथा दर्जा है) से नीचे खिसक गया था। 1951 में स्थापित इस क्लब ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि मेसी का आना ष्क्लब के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है, जिसका मकसद खेल और संस्थागत, दोनों तरह की तरक्की को बढ़ावा देना, इसकी नींव को मजबूत करना और नई प्रतिभाओं में लगातार निवेश करना है। बयान में आगे कहा गया।

#### ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद उबेर कप से हटीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की शीर्ष महिला युगल जोघी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद, ट्रीसा की चोट के कारण उबेर कप फाइनल्स 2026 में हिस्सा नहीं लेंगी। भारतीय बैडमिंटन संघ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उनकी जगह श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबम को टीम में शामिल किया गया है। उबेर कप में भारतीय महिला टीम मौजूदा और 16 बार के चैंपियन चीन के साथ ग्रुप-ए में है। मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन इस ग्रुप की अन्य टीमें हैं। भारत उबेर कप के पिछले टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर हो गया था।

#### शुभंकर ने जीता पहला बोल्डर्स क्लासिक खिताब

**हैदराबाद, वार्ता।** राउंडग्लास स्पोर्ट्स के एथलीट और ब्रांड एंबेसडर शुभंकर शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद के बोल्डर हिल्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित पहले 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के बोल्डर्स क्लासिक का खिताब अपने नाम किया। दिसम्बर 2021 के बाद अपने पहले घरेलू टूर्नामेंट में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सर्किट पर वापसी करते हुए, दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शर्मा ने अपने अनुभव और क्लास का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह प्रतिष्ठित खिताब जीता। पूरे टूर्नामेंट के दौरान शर्मा का दबदबा कायम रहा। उन्होंने अपनी सटीक बॉल-स्ट्राइकिंग और शांत स्वभाव के दम पर कोर्स को लगातार नियंत्रित किया। उनके प्रत्येक दिन के स्कोर ने उनके प्रदर्शन को दर्शाया-पहले दिन उन्होंने छह अंडर 66 का संयमित स्कोर बनाया, जिसके बाद दूसरे दिन भी छह अंडर 66 के शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने हाफवे स्टेज पर दो शॉट की बढ़त बना ली। तीसरे दिन शर्मा ने पूरी तरह नियंत्रण दिखाते हुए आठ अंडर 64 का स्कोर बनाया, जिसमें नौ बर्डी और केवल एक बोगी शामिल थी।

# बेंगलुरु-दिल्ली के बीच बड़े मुकाबले में विराट पर रहेंगी सबकी नजरें



**बेंगलुरु, वार्ता।** चिन्नास्वामी में विराट कोहली बनाम दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं होता। यह उम्मीदों, यादों और उस खामोश हार को मान लेने की भावना से भरा होता है, जो पहली गेंद फेंके जाने से पहले ही मेहमान टीमों पर छा जाती है। आरसीबी पॉइंट्स टेबल में सबसे ऊपर है, पांच में से चार मैच जीत चुकी है,

और उस टीम जैसा थोड़ा-सा घमंड भी रखती है, जिसे अब खुद पर भरोसा होने लगा है। अपने घरेलू मैदान पर अजेय रहते हुए, वे चिन्नास्वामी की सिर्फ रक्षा ही नहीं करते, बल्कि उसे अपना घर मानते हैं। यह मैदान, अपनी छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजों के लिए मददगार आसमान के साथ, एक वेन्यू से ज्यादा उनकी बैटिंग लाइनअप का ही एक हिस्सा लगता है। विराट कोहली, पांच पारियों में 57 की औसत और लगभग 160 के स्ट्राइक रेट से 228 रन बनाकर, इस सब के केंद्र में हैं। न तो जोर-शोर से, न ही नाटकीय अंदाज में, बल्कि उस शांत आत्मविश्वास के साथ, जो किसी ऐसे खिलाड़ी में होता है जिसने इस लीग के हर रूप को देखा हो और पाया हो कि उनमें से ज्यादातर रूप दो. हराए जाते हैं। उनके आस-पास, रजत पाटीदार 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं, मानो समय कोई ऐसी चीज हो जिसे सम्मान देने के बजाय पूरी तरह से इस्तेमाल कर लेना चाहिए। फिल सॉल्ट, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड मिलकर एक ऐसी बैटिंग लाइनअप बनाते हैं, जो एक क्रम से ज्यादा एक के बाद एक आने वाले तूफानों जैसी लगती है। दिल्ली कैपिटल्स पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर है, चार में से दो मैच जीते हैं, और उनका हालिया इतिहास थोड़ा उनके खिलाफ रहा है। वे कोई कमजोर टीम नहीं हैं, वे बस अभी पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। उनका क्रिकेट अक्सर उम्मीदों के साथ शुरू होता है और सवालों के साथ खत्म होता है। समीर रिजवी ने चार मैचों में 55-33 की औसत से 166 रन बनाकर लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

## कोहली को रोकने के लिए अक्षर को थामनी होगी नई गेंद

**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल 2026 में शनिवार के पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) का सामना दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) से बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। जहां आरसीबी की टीम पांच में से चार मुकाबले जीतकर शीर्ष-2 में है, वहीं डीसी चार में से दो मुकाबले जीत और दो मुकाबले हारकर अंक तालिका के बीच में है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 33 मुकाबलों में आरसीबी को 20, जबकि डीसी को 12 में जीत मिली है, जबकि एक मुकाबला रद्द हुआ था। बेंगलुरू में हुए दोनों टीमों के बीच 13 मुकाबलों में भी आरसीबी 7-5 से आगे है। पांच पारियों में दो अर्धशतकों के साथ 228 रन बना चुके विराट कोहली को अगर रोकना है, तो डीसी के कप्तान अक्षर पटेल को खुद नई गेंद थामनी होगी। अक्षर ने कोहली को आईपीएल में सिर्फ एक बार आउट किया है, लेकिन कोहली, उन पर सिर्फ 113 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाते हैं। अक्षर,कोहली के सलामी जोड़ीदार फिल सॉल्ट को भी परेशान करते हैं और सॉल्ट भी उनके खिलाफ सिर्फ 113 के ही स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सॉल्ट, अक्षर के खिलाफ चार पारियों में दो बार आउट भी हुए हैं, जबकि लुंगी एनगिडी ने भी सॉल्ट को चार में से दो पारियों में आउट किया है। अक्षर ना सिर्फ शुरुआती बल्कि बाद के ओवरों में भी इस मैच में अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं। उन्होंने टिम डेविड और जितेश शर्मा को दो-दो बार आउट किया है। जितेश उन पर सिर्फ 87 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

# हमें कुछ कठिन सवालों के जवाब ढूंढने होंगे और जिम्मेदारी लेनी होगी: हार्दिक

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस (एमआई) के आईपीएल 2026 में लगातार चौथा मैच हारने के बाद उनके कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि टीम को अपनी कस्मित बदलने के लिए कुछ कठिन सवालों के जवाब ढूंढने होंगे। उनकी ताजा हार पंजाब किंग्स के खिलाफ आई, जिन्होंने एमआई को 195/6 पर रोका और फिर 16-3 ओवरों में ही सात विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इसका मतलब यह रहा कि एमआई पांच मैचों में सिर्फ एक जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर बनी हुई है।



पंड्या ने मैच के बाद कहा कि हमें सच में देखना होगा कि क्या हमें कुछ मुश्किल फैसले लेने की जरूरत है या हमें इसी तरह आगे बढ़ते रहना चाहिए और उम्मीद करनी चाहिए कि चीजें बदल जाएंगी। ए कुछ कठिन सवाल हैं, जिनका जवाब हमें देना होगा और इसकी जिम्मेदारी भी लेनी होगी। मेरे पास अभी कहने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है। मुझे लगता है हमें फिर से शुरुआत करनी होगी और देखना होगा कि हम कहां कमी कर रहे हैं। क्या यह व्यक्तिगत स्तर पर है, क्या टीम के तौर पर है, या प्लानिग में कोई कमी है? हम इसे समझेंगे और देखेंगे कि आगे क्या किया जा सकता है। साथ ही, पंड्या ने विपक्ष को तीनों विभागों में बेहतर खेलने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है हमें उन्हें भी क्रेडिट देना चाहिए। पहली पारी में गेंद रिवर्स होने लगी थी और उस समय ओस नहीं आई। दूसरी पारी में ओस आई और पिच थोड़ी बेहतर हो गई। लेकिन इसके बावजूद, उन्होंने हमें हर विभाग में मात दी। उन्होंने बेहतर गेंदबाजी की, बेहतर बल्लेबाजी की और फील्डिग भी बेहतर की और यही हमारे मैच हारने की वजह बनी।

# श्रेयस अय्यर भारतीय टी-20 टीम में सीधे आने के लायक हैं: चावला

**मुंबई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर ने आईपीएल 2026 में अपनी पिछली तीन पारियों में 50, नाबाद 69 और 66 रन बनाए हैं। यह उन कारणों में से एक हैं, जिसकी वजह से पंजाब किंग्स इस समय चार जीत और एक वॉशआउट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। उनकी हालिया शानदार पारी के बाद आरोन फिच के पास उनकी तारीफ के लिए शब्द कम पड़ गए।



पंजाब की मुंबई इंडियंस पर जीत के बाद फिच ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो में कहा कि उन्हें खेलते देखकर हैरानी होती है कि वह कितने अच्छे हैं। उन्होंने पिछले और अभी के आईपीएल के बीच कोई टी20 मैच नहीं खेला और फिर भी उन्होंने शुरुआत से ही धमाकेदार प्रदर्शन किया है। उनकी कप्तानी शानदार है। यह देखकर हैरानी होती है कि वह भारत के लिए और ज्यादा क्रिकेट क्यों नहीं खेलते। वह बेहतरीन खिलाड़ी हैं और देखने में भी बहुत अच्छे लगते हैं। वह गेंद को जोर से मारने की कोशिश नहीं करते।

विकेट के दोनों तरफ खेलते हैं, फ्रंट फुट और बैक फुट दोनों पर शानदार हैं। अब उन्होंने अपने खेल के उस हिस्से को काफी सुधार लिया है। जहां पहले लगता था कि शॉर्ट गेंद पर उन्हें रोका जा सकता है या आउट किया जा सकता है, अब वह उसे भी नियंत्रण के साथ खेलते हैं। फिच के साथ बैठे पीयूष चावला मानते हैं कि अय्यर को टीम में होना चाहिए।

चावला ने कहा, ष्मेरे हिंसाब से अगर मैं चयनकर्ता होता, तो वह सीधे टीम में आते। वह मध्य क्रम के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके पास क्रिकेटिंग दिमाग है, वह टीम को लीड भी कर सकते हैं। भविष्य के लिए देखें तो वह जरूर टीम में जगह बनाते हैं। 2025 की शुरुआत से आईपीएल में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले 22 बल्लेबाजों में उनका स्ट्राइक रेट तीसरा सबसे ज्यादा है। अभिषेक शर्मा और उनके टीममेट प्रियांश आर्य उनसे ऊपर हैं। इस दौरान उनका औसत भी तीसरा सबसे बेहतर है। विराट कोहली और जॉस बटलर उनसे ऊपर हैं। इन दो सीजन में अब तक सिर्फ चार बल्लेबाजों ने उनसे ज्यादा रन बनाए हैं।

# टी-20 विश्वकप में कनाडा के मैच की हो रही है जांच

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीयू) क्रिकेट कनाडा से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। इसमें भारत और श्रीलंका में हुए पुरुष टी-20 विश्व कप के दौरान कनाडा से जुड़ा हुआ एक मैच भी शामिल है। क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार एसीयू के पास दो सक्रिय जांचें लंबित है। ए जांचें क्रिकेट कनाडा के अलग-अलग पहलुओं और अंतर्राष्ट्रीय व घरेलू स्तर पर आईसीसी के एंटी-करप्शन कोड के उल्लंघन के आरोपों से जुड़ी हैं।

इन आरोपों का खुलासा 'करप्शन, क्राइम और क्रिकेट' नामक एक डॉक्यूमेंट्री में हुआ, जिसे कनाडा के इन्वेस्टिगेटिव प्रोग्राम द फिफ्रथ इस्टेट ने बनाया है। 43 मिनट की यह फिल्म क्रिकेट कनाडा में भ्रष्टाचार और प्रशासन से जुड़े कई गंभीर आरोपों की पड़ताल करती हुई दिखती है। इस डॉक्यूमेंट्री को शुक्रवार को



सार्वजनिक प्रसारक, कनैडियन ब्रॉडकास्टिंग कार्पोरेशन (सीबीसी) ने प्रसारित किया। डॉक्यूमेंट्री के अनुसार, विश्व कप में भ्रष्टाचार का आरोप कनाडा और न्यूजीलैंड के मैच से जुड़ा है। जांच का केंद्र न्यूजीलैंड की पारी का पांचवां ओवर है, जब कनाडा कप्तान दिलप्रीत बाजवा गेंदबाजी करने आए। बाजवा को टूर्नामेंट शुरू होने से केवल तीन हफ्रते पहले कप्तान बनाया गया था। मुख्य रूप से बल्लेबाजी ऑलराउंडर और ऑफ स्पिन गेंदबाज बाजवा ने गेंद तब संभाली, जब न्यूजीलैंड का स्कोर 35 रन पर दो विकेट था। कनाडा ने तेज गेंदबाज जसकरण सिंह और डिलन हेलिंगर से शुरुआत की थी और उन्होंने अपने पहले ओवर में क्रमशः 15 और 14 रन दिए। इसके बाद तीसरे ओवर में साद बिन जफर को लाया गया, जिन्होंने मेडेन ओवर विकेट डाला। चौथे ओवर में हेलिंगर ने एक विकेट लिया और फिर बाजवा आए। उन्होंने ओवर की शुरुआत नो-बॉल से की, फिर लेग साइड पर वाइड डाली और कुल 15 रन दे बैठे। दूसरी जांच एक टेलीफोन कॉल की रिकॉर्डिंग से जुड़ी है, जिसमें उस समय के कनाडा कोच खुर्रम चौहान यह दावा करते हैं कि क्रिकेट कनाडा के कुछ सीनियर द्धअब पूर्वक्र बोर्ड सदस्यों ने उन पर राष्ट्रीय टीम में कुछ खिलाड़ियों को चुनने का दबाव डाला। यह ऑडियो पिछले साल लीक हुआ था और तब से एसीयू इसकी जांच कर रही है। इस रिकॉर्डिंग में मैच फिक्सिग की कोशिशों के भी आरोप हैं, हालांकि उन्हें साबित करना मुश्किल बताया गया है। आईसीसी की इंटीग्रिटी यूनिट के अंतरिम जनरल मैनेजर एंड्रयू एफग्रेव ने बयान में कहा कि एसीयू को सीबीसी द्वारा प्रसारित इस कार्यक्रम की जानकारी है। हमारी प्रक्रिया के अनुसार, हम इसमें लगाए गए आरोपों के विवरण पर टिप्पणी नहीं कर सकते।

# सीएसके के दल के साथ हैदराबाद पहुंचे धेनी

**हैदराबाद, वार्ता।** क्या एमएस धोनी शनिवार शाम को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ होने वाला चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का अगला मुकाबला खेलेंगे? भले ही इसकी पुष्टि अभी नहीं हो सकती लेकिन धोनी के टीम के साथ हैदराबाद की यात्रा करने के चलते इसकी संभावना काफी बढ़ गई है। जब टीम हैदराबाद एयरपोर्ट पर पहुंची तब प्रशंसक धोनी की एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े।

सीएसके द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में यह देखा जा सकता है कि जब धोनी टीम बस में जा रहे हैं तब प्रशंसक उनका नाम चिल्ला रहे हैं। धोनी इस समय काफ स्ट्रेन से उबर रहे हैं और आईपीएल 2026 में सीएसके के पहले पांचों मुकाबले से बाहर रहे। उन्होंने घर के बाहर मुकाबलों के लिए सीएसके के साथ गुवाहाटी और बेंगलुरु की यात्रा भी नहीं की। वह सीएसके के मुकाबलों के दिन चेपॉक भी नहीं गए थे।



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुकाबले की पूर्व संध्या पर उन्होंने टीम के अभ्यास सत्र के अंतिम चरण में थोड़ी देर के लिए अभ्यास किया था लेकिन इस दौरान उन्होंने सिर्फ थ्रोडाउन का ही सामना किया था। सीएसके ने सीजन की शुरुआत लगातार तीन हार से की थी लेकिन उन्होंने अपने पिछले दोनों मुकाबले जीते हैं।

# शासन से नामित पार्षदों ने ली पद की शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ अजय कुमार ने आज नगर निगम स्थित अपने कार्यालय में शासन द्वारा मनोनीत नामित दस पार्षदों को शपथ दिलायी और उनसे परस्पर समन्वय बनाते हुए महानगर के विकास में सहयोग देने की अपील की। शपथ ग्रहण करने वाले नामित पार्षदों में धनपाल कश्यप, मुरारी खेतवाल, मनीष सचदेवा, शिवमंगल सिंह, राजेश वालिया, जसवीर मोगा, प्रवीण रोहिला, राहुल झाम, निशांत वर्मा व अरुण गुप्ता शामिल रहे।



सभी नामित पार्षदों को एक सादे समारोह में महापौर डॉ. अजय कुमार ने शपथ दिलायी और महानगर के विकास में योगदान की अपील करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शपथ के पश्चात महापौर डॉ. अजय कुमार, निगर विधायक राजीव गुबर व रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम व महानगर भाजपा अध्यक्ष शीतल विश्नोई गोयल, उपसभापति मयंक गर्ग तथा पार्षद दिग्विजय चौहान और मुकेश गक्खड़ आदि अन्य पार्षदों ने सभी नामित पार्षदों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने नामित पार्षदों को मंगल कामनाएं देते हुए कहा कि सभी नामित पार्षद नगर निगम बोर्ड की बैठकों में तो सहभागिता करेंगे ही साथ ही शहर के विकास, जनहित तथा सुशासन को भी एक नई दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके आने से निगम को नयी ऊर्जा और नयी ताकत मिलेगी। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि यह उन कर्मठ कार्यकर्ताओं के लिए स्वर्णिम क्षण है जिन्हें पार्षद के रुप में नामित होने का अवसर व सम्मान मिला है। उन्होंने सभी से एक दूसरे के साथ मिलकर परस्पर सामंजस्य बनाते हुए शहर के विकास में कार्य करने की अपील की।

विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि सभी नामित पार्षद संगठन के जिम्मेदार कार्यकर्ता है अत: उन पर अब विकास को गति देने की दोहरी जिम्मेदारी है। भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने सभी नामित पार्षदों से आह्वान किया कि वे शहर को विकास की दृष्टि से आगे ले जाने और उसे सजाने-संवारने का काम करें। इस दौरान नगरायुक्त शिपू गिरि, अपर नगरायुक्त मृत्युंजय के अलावा बड़ी संख्या में पार्षद व नामित पार्षदों के समर्थक शामिल रहे। संचालन सदन प्रभारी जेपी यादव ने किया।

# विधायक आशु मलिक की निधि से होंगे 3 करोड़ के निर्माण कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के देहात विधायक आशु मलिक की निधि से करीब तीन करोड रुपये के निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा शीघ्र शुरू कराये जायेंगे। विधायक ने कहा कि जन-जन तक विकास पहुंचाने के लिये हरसंभव प्रयास किये जायेंगे।



विधायक आशु मलिक की निधि से नगर निगम के वार्ड 27 में रफाकत जिम वाली गली से होते हुये अरशद के मकान से होते हुये अतीक के घर की तरफ से घूमते हुये सदफ मेडिकल से मिर्जा के मकान तक 600 मी इंटरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण, ब्लाक बलियाखेडी के ग्राम कोटा बस स्टैण्ड से प्राथमिक स्कूल तक सड़क लगभग 700 मी. इंटरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण, वार्ड 13 हरेटी में पुवॉका ब्लॉक की बराबर से जमालपुर, सलेमपुर पाड़ली होते हुये खुर्द सम्पर्क मार्ग तक लगभग 01 किमी इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण, ब्लॉक पुवॉका के ग्राम कलालहटी मेन सड़क कब्रिस्तान के अन्दर गाँव की ओर खाले की पुलिया तक लगभग 600 मी. इंटरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण, ब्लाक पुवॉका ग्राम मोहिद्दीनपुर में जिन्दा के मकान से लेकर बल्ले वाले की पुलिया तक लगभग 600 इंटरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण, ग्राम गागलहेडी में नसीर वेल्डिंग दुकान से लेकर मक्का बॉस की ओर जाने वाला रास्ता लगभग 01 किमी इंटरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण, नगर निगम के वार्ड 27 में कृष्णा कालोनी में सुहैल के मकान से वसीम के घर की ओर नफीस की तरफ होते हुये शाहिद कुरैशी के मकान तक लगभग 600 मी. इंटरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण, वार्ड 8 नाजिरपुरा से ग्राम मढ़ तक 600 मी इंटरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण स्वीकृत हुआ है। जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा जल्द पूरा किया जायेगा।

# पुराने आंकड़ों पर देश का भविष्य तय करना छल: रूही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि 2026 में खड़े होकर 2011 के पुराने आंकड़ों पर देश का भविष्य तय करना एक छल है। संविधान का 131वां संशोधन विधेयक 2026 केवल महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास नहीं है बल्कि महिला आरक्षण जैसे पवित्र मुद्दे की आड़ में लोकतंत्र और संघीय ढांचे के साथ किया जा रहा एक बड़ा संवैधानिक प्रयोग है।



उन्होंने कहा कि यह विधेयक जनगणना और परिसीमन के अटूट रिश्ते को तोड़ रहा है। अब तक मर्यादा रही है कि हर परिसीमन से पहले ताजा जनगणना अनिवार्य है लेकिन अब इसे सरकार की मर्जी पर छोड़ दिया गया है। पिछले 15 वर्षों में देश की आबादी और सामाजिक बनावट बदल चुकी है। ताजा जनगणना से भागना इस बात का प्रमाण है कि सरकार जातिगत जनगणना और पिछड़ों के वास्तविक आंकड़ों का सामना करने से डर रही है। प्रदेश सचिव ने कहा कि बिना नई जनगणना के परिसीमन उन राज्यों के साथ अन्याय है जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर काम किया है। साथ ही लोकसभा की सीटें बढ़ाकर 850 करना और राज्यसभा को वैसा ही छोड़ देना राज्यों की परिषद को शक्तिहीन बनाने की साजिश है। संयुक्त बैठक की स्थिति में राज्यसभा की आवाज पूरी तरह दबा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह विधेयक नियम आधारित व्यवस्था से हटकर सरकार निर्भर व्यवस्था की ओर ले जाने वाला कदम है। हम महिलाओं के लिए आरक्षण चाहते हैं लेकिन लोकतंत्र की बलि देकर या पिछड़ों के हक छीनकर यह दिखावा स्वीकार नहीं करेंगे। मेरी सरकार से मांग है कि इस राजनीतिक मायाजाल को छोड़कर वर्तमान 543 सीटों पर ही तत्काल 33 प्रतिशत महिला आरक्षण सुनिश्चित किया जाए।

# भाजपा के पास कोई उपलब्धि नहीं: हरीश रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि भाजपा के नो साल के कार्यकाल में कोई उपलब्धि नहीं है।



हरीश रावत ने यह बात छुटमलपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के निवास पर पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण अत्यधिक स्वागत योग्य है राजीव गांधी ने ये सपना देखा था कि पंचायतों में महिला आरक्षण मिले। संसद में आये सोनिया गांधी के नेतृत्व में लगातार ये आवाज उठायी जा रही थी। राज्यो के अंदर जो परिसीमन होगा इस निर्णय के साथ वो किस आधार पर होगा कई राज्य चिंतित है उत्तराखण्ड को भी चिंतित होना होगा दक्षिण के राज्यो की भी कई चिंता है जिन राज्यो की जनसख्या ज्यादा है कहीं उन्हीं राज्यो का दबदबा ना हो जाये। उन्होंने कहा कि हमारा संघीय संविधान है जो एक संतुलन आधार पर आधारित है परिसीमन के मामले में हमारी केंद्र सरकार को सलाह है सब राज्यो से परामर्श होना जरूरी है इस मुद्दे पर जल्दबाजी नहीं करनी चाहिये।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस उत्तराखण्ड में भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है भाजपा के नो साल के कार्यकाल में कोई उपलब्धि नहीं है भ्रष्टाचार, महंगाई, दिन दहाड़े हत्या लूट अब उत्तराखंड में आम बात हो गई है, जो उद्योग कांग्रेस ने लगाये थे वो बंदी की कगार पर है किसान परेशान है फसलो के दाम नहीं मिल रहे है खाद बीज की किल्लत है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सिर्फ झूठ बोलकर और हिंदू मुस्लिम धर्म की राजनीति कर सत्ता में आयी है गैस की किल्लत सब के सामने है भाजपा सरकार के मंत्री भ्रष्टाचार में डूबे है ।देहरादून में कघनून व्यवस्था चरमराई हुई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से देहरादून पहुँचना आसान हुआ है लेकिन देहरादून आईएसबीटी से अंदर कितना भारी भरकम जाम लग रहा है क्योंकि भाजपा की सरकार ने अंदर के जाम की समस्या के बारे में कोई मास्टर प्लान नहीं बनाया जो आने वाले समय में और चिंता बढ़ायेगा।

इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, प्रधान फरमान, प्रधान नासिर, कारी आबिद, राव यूसुफ, याहिया मलिक, अरशद मलिक, फेसल मिर्जा, अजीम मलिक, पदम् सिंह, रामबीर सिंह, महबूब तलहेड़ी, आजम मलिक, फजल मिर्जा आदि मोजूद रहे।

## शव मिलने से सनसनी

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार क्षेत्र के न्यू मक्खन कॉलोनी के पास स्थित एक पुराने रेलवे यार्ड में गुरुवार को एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार शव काफी पुराना होने के कारण उसकी हालत अत्यंत खराब हो चुकी थी, जिससे मृतक की पहचान नहीं हो सकी। मौके पर फील्ड यूनिट को बुलाकर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों से भी शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलें: गुम्बर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत के महान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर भव्य सम्मेलन कर बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया गया।



गढी मलूक में आयोजित सम्मेलन में नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व विचारों को जन-जन तक पहुँचाना है। हमारी सरकार बाबा साहब के पंच तीर्थ एवं बाबा साहब से जुड़े हुए समय समस्त स्मृतियों को सम्मान देने का काम कर रही है। मेयर अजय सिंह ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने बाबा साहब के बताये मार्ग पर चलने का आहवान किया। महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पूर्व महापौर संजीव वालिया ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में पार्षद संजीव कर्णवाल, बाल्मीकि समाज के अध्यक्ष विनोद घावरी, जय राम गीतम, भाजपा महामंत्री ललित कटारिया, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, संत किरण दास, राम कुमार, महावीर दास, सतीश दास, सुरेंद्र दास, ओम प्रकाश कटारिया, बाबूराम, किरात दास, राजपाल, राजेश दास, रामकुमार, किशोर शर्मा, नितिन परमार, अंकित जाटव, प्रदीप शर्मा, मानवेंद्र भारद्वाज, राजेश जौहरी, गोपाल मेंहदीरत्ता, मयंक धींगडा, राजेश वालिया, सागर कटारिया, कैलाश नामदेव आदि मौजूद रहे।

# पार्षद फराज ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम में स्तिथ विधुत विभाग कार्यालय में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत महिला अधिकारी के स्थानांतरण को लेकर पार्षद एकजुट नजर आ रहे हैं। कई पार्षदों के द्वारा स्थानांतरित शासनादेश का हवाला देते हुए मंडलायुक्त को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की।



इसी कड़ी में वार्ड संख्या 45 के पार्षद फराज अंसारी ने भी मंडलायुक्त को ज्ञापन प्रेषित किया है जिसमे उनके द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम में स्तिथ विधुत विभाग कार्यालय की महिला अधिकारी का स्थानांतरण का आदेश 4 सितम्बर 2025 को वाराणसी में कर दिया गया था परन्तु नगर निगम में भरस्टाचार के चलते अभी तक भी महिला अधिकारी को स्थानांतरित नहीं किया गया है। पार्षद फराज अंसारी ने आरोप लगाते हुए बताया कि नगर निगम में इनके द्वारा जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने वार्ड में होने वाली विधुत से सम्बंधित कार्यों की अवहेलना की जाती है जिससे पार्षदों के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। पार्षद फराज अंसारी का कहना है कि लगभग 1 माह पूर्व भी मंडलायुक्त के द्वारा नगर आयुक्त को स्थानांतरण के आदेश जारी किये गए थे परंतु आज तक भी महिला अधिकारी को स्थानांतरित नहीं किया गया है जो जनहित में उचित नहीं है। पार्षद फराज अंसारी ने मंडलायुक्त से इस मामले पर संज्ञान लेकर कार्यवाही की मांग की है।

# महिला अपने अधिकार पहचानें: शीतल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत एक भव्य महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

गलीरा रोड पर आयोजित सम्मेलन में महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई ने कहा इस सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना व महिलाओं की समाज में बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सम्मेलन में पूर्व विधायक रविंद्र मोहल्लू, प्रदेश मंत्री नूतन शर्मा व अल्पना तलवार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। सम्मेलन में सरदार सूपनीत सिंह,संयोजक महानगर मंत्री आरती शर्मा, कंचन धवन, नीलू राणा, मंत्री सोनम कश्यप, कुसुम वालिया, रूमा पाल संगीता, मीनाक्षी, राशि, ऊषा सरिता, भारती, जय श्री, रेखा, ममता, सोनिया, गीता पूनम, आरती, कविता, शीबा, बबली, मोनिका, जूली, रूपा, नेहा, नीरू अरोड़ा, सोशल मीडिया संयोजक प्रदीप शर्मा हेमंत धीमान, मयंक धींगरा, मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र लाला, पार्षद सूपिन पाल, विजय अरोड़ा, विपिन कुमार आदि उपस्थिति रहे।

## पुलिस ने शांतिभंग में दो आरोपियों को जेल भेजा

**सहारनपुर।** थाना नगर कोतवाली पुलिस ने शांति भंग की धाराओं में दो आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना नगर कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह व उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह के नेतृत्व में शांति भंग के आरोप में दो आरोपियों शिवम पुत्र रमेश निवासी इस्लामनगर थाना रामपुर मनिहारान व हर्ष कुमार पुत्र बवित कुमार निवासी सौराना थाना सरसावा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को को शांति भंग की धाराओं में चालान काटकर जेल भेज दिया।

# भव्य हाल के निर्माण का विधि विधान से शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के प्राचीन क्षेत्र छत्ता बारूमल स्थित 150 वर्ष पुराने अतिशय क्षेत्र श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभ मंदिर के पावन परिसर में भव्य हॉल के निर्माण हेतु बुधवार को विधि-विधान से शिलान्यास संपन्न हुआ।



जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने कहा कि अतिशय क्षेत्र का स्वरूप प्राप्त कर चुके इस प्राचीन जिनालय में हॉल निर्माण का शुभारंभ हो रहा है। भविष्य में यह हॉल असंख्य भव्य जीवों के सम्यकदर्शन, स्वाध्याय, जाप, सामायिक, भक्ति एवं पूजा-अर्चना में निमित्त बनेगा और आत्म-कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों को निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर पूर्ण करने की प्रेरणा दी।

समाज के संरक्षक एवं पूर्व महानगर भाजपा अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि प्राचीन जिन मंदि. रों का जीर्णोद्धार नवीन मंदिर निर्माण से भी अधिक पुण्यदायी माना गया है। प्राचीन धरोहर की रक्षा हमारा परम कर्तव्य है। प्राचीन मंदिर प्राय: अतिशय क्षेत्र होते हैं जहाँ की ऊर्जा और पवित्रता अतुलनीय है। सीए अनिल जैन, महामंत्री संजीव जैन, निर्माण संयोजक अविनाश जैननाटी ने भी विचार रखे।

इस पावन अवसर पर डी.के. जैन एडवोकेट, चौधरी अनुज जैन, संजीव-जैन बब्बू राजीव जैन सर्राफ, मनीष जैन गोटे वाले, अवनीश जैन वैभव जैन, अरुण जैन, सुमित जैन, मानसिंह पूर्व पार्षद, नीरज जैन, चक्रेश जैन, जैन मिलन के महामंत्री अजय जैन, क्षेत्रीय अध्यक्ष राजीव जैन नानौता वाले, अनुज जैन पार्षद, दीपक जैन एडवोकेट, विशाल जैन तारवाले, पवन जैन, प्रदीप जैन, राजीव जैन अरिहंत सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं साक्षी बने।

# पंचायत चुनाव को लेकर ग्राम प्रधानों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्राम प्रधान संगठनों से जुड़े प्रधानों ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रधानों ने आगामी पंचायत चुनाव समय पर न होने की स्थिति में एक वर्ष का कार्यकाल बढ़ाने तथा प्रशासक नियुक्त न किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देने की मांग को प्रधानों ने हंगामा किया, जिसके बाद मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी को प्रर्दशनकारी प्रधानों ने अपना ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के लिए विभिन्न ग्राम प्रधान संगठन के प्रतिनिधि हकीकत नगर स्थित रामलीला मैदान में एकत्रित हुए। इसके बाद सभी प्रधान नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल आगामी 26 मई 2026 एवं 19 जुलाई 2026 को समाप्त होने जा रहा है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए समय पर पंचायत चुनाव कराना संभव प्रतीत नहीं होता। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में हो रही देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की लंबित प्रक्रिया तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित 'ट्रिपल टेस्ट' की प्रक्रिया पूरी न होना प्रमुख कारण बताए गए हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि ग्राम प्रधान एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधि सीधे जनता द्वारा चुने जाते हैं और अपने क्षेत्र की समस्याओं व आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझते हैं। ऐसे में वे अधिक पारदर्शिता, संवे. दनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हैं। संगठन ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि वर्तमान पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखा जाए और प्रशासक नियुक्त न कर ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाये। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने की मांग को लेकर ग्राम प्रधान अडिग हो गये। आरोप है कि जिलाधिकारी द्वारा स्वयं ज्ञापन न लेकर मजिस्ट्रेट को नामित कर दिया गया। जैसे ही मजिस्ट्रेट ज्ञापन लेने पहुंचे, प्रधानों ने इसका विरोध करते हुए जिलाधिकारी को ही ज्ञापन देने की मांग पर अड़ गए। इस दौरान नाराज प्रधान जमीन पर ही धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी व हंगामा किया जिसके बाद धरने पर बैठे ग्राम प्रधानों के बीच जिलाधिकारी पहुंचे ओर उनका ज्ञापन लिया। इस दौरान ग्राम प्रधान संजय वालिया, राहुल त्यागी, अनुप कुमार, सविता देवी, शिवकुमार, बीना सैनी, पंकज, कुसुम, मौ. बाबर, रेनू, राजकुमार, तेजपाल समेत आदि प्रधान मौजूद रहे।

# परीक्षाफल देख बच्चों के चेहरों पर मुस्कान






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल का परीक्षाफल घोषित होने पर छात्रों में खुशी की लहर है।

बेहट कस्बे के मोहल्ला महाजनान निवासी मनीष शर्मा और माला शर्मा की बेटी मनस्वी शर्मा ने हाईस्कूल की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिजनों एवं शिक्षकों का नाम रोशन किया है। मनस्वी शेमफोर्ड स्कूल की छात्रा है। छात्रा की इस उपलब्धि पर परिजनों में खुशी की लहर है। परिजनों ने छात्रा की इस उपलब्धि पर उसका मुंह मीठा कराया। मनस्वी का कहना है कि उसने यह लक्ष्य कड़ी मेहनत के बल पर प्राप्त किया है।

नानौता। नानौता के सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों का हाईस्कूल का रिजल्ट शानदार रहा ब्राईट होम, ग्रीन फील्ड, रेडिएंट पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

ग्रीन फील्ड एकेडमी कि तनु पुंडीर ने 96.07 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टाप वहीं सार्थक शर्मा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व जैद अंसारी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया विद्यालय का कक्षा 10 का परिणाम शत् प्रतिशत रहा ब्राइट होम पब्लिक स्कूल में उत्कृष पुण्डीर ने 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल को टोप किया। शारस चावला ने 93.20 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिष्ठा चौधरी ने 93.00 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने अभिभावकों व शिक्षकों का मान बढाया। प्रधानाचार्य मौ. अहमद खान ने मेधावी छात्रों को मिष्ठान खिलाकर अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। रेडिएंट पब्लिक स्कूल में राशि तथा तानवी ने 95.60% अंक लाकर स्कूल टॉप किया वहीं वैष्णवी ने 95.40 अंक प्राप्त किए अनुष्का सैनी ने 94.80 व आदित्य ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तो कुमुद तोमर, हर्ष, आर्यन चौहान, वर्षा, अमृता राव, पलक ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कामकाजी परिस्थितियां!

भारत की औद्योगिक क्षमता के विस्तार से पुराने पड़ चुके बुनियादी ढांचे पर दबाव बढ़ रहा है, ज्यादा से ज्यादा संयंत्र करीब-करीब अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रहे हैं, और उनके प्रबंधन में व्याप्त खामियों को मीडिया में अधिक कवरेज और राजनीतिक ध्यान मिल रहा है। संभव है कि ये इकाइयां लंबे समय से अपने कामगारों को खतरनाक कामका. जी परिस्थितियों में झोंक रही हों और लिहाजा पैदा होने वाले संकट पूरी तरह से आकस्मिक नहीं हैं। अनुबंध पर काम करने वाले श्रमिक (कांट्रैक्ट लेबर) सबसे ज्यादा जोखिम में हैं। कामगारों का एक बढ़ता हुआ हिस्सा उपठेकेदारों के जरिए काम पर रखे गए प्रवासी श्रमिकों का है। किसी आपदा के बाद ये कामगार और संचालक एक-दूसरे पर दोष मढ़ते हैं। सुरक्षा संबंधी संकेत और नियमावली अक्सर कामगारों की मातृभाषा में उपलब्ध नहीं होते हैं। हाल ही में बायलर विस्फोट की घटनाओं में आई बाढ़ के पीछे की एक इंजीनियरिंग से जुड़ी हकीकत यह है कि बायलर कभी भी इस तरह अचानक खराब नहीं होते हैं। ये हादसे आमतौर पर बहुत ज्यादा दबाव, क्षमता में बदलाव (स्केलिंग), पानी के स्तर के कुप्रबंधन और/या फिर से सक्रिय करने संबंधी तनाव (रिवाइवल स्ट्रेस) की वजह से होते हैं। इनमें से हरेक कारक का जोखिम वक्त के साथ बढ़ता जाता है। कुल 20 लोगों की जिंदगी लील लेने वाले छत्तीसगढ़ के शक्ति संयंत्र में हुए बायलर विस्फोट और 2020 में विशाखापत्तनम गैस रिसाव एवं 2020 में नेवेली के एक ताप विद्युत केंद्र में हुए विस्फोट में काफी कुछ समानताएं हैं। विशाखापत्तनम वाले मामले में जहां लाकडाउन के बाद फिर से शुरू होने पर एक इकाई में सुरक्षा प्रणालियां निष्क्रिय या ठीक नहीं थीं, वहीं नेवेली वाले मामले में संयंत्र को दोबारा चालू करने की प्रक्रिया ने विस्फोट को जन्म दिया। शक्ति संयंत्र को भी हाल ही में अधिग्रहित व चालू किया गया था और विस्फोट के वक्त वह अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रहा था। संच. ालन की इन अस्थिर स्थितियों में, विफलताएं अक्सर क्षणिक तापीय और दबाव संबंधी असंतुलन की वजह से होती हैं। हालांकि, व्यवहार में, न तो राष्ट्रीय बायलर निरीक्षण व्यवस्था और न ही नियामक ढांचा इन चरणों में निगरानी को बढ़ाता है। बायलर की स्थिति भले ही रोजाना बदलती रहती हो, लेकिन इनका प्रमाणन एक साल तक वैध रहता है। मौजूदा ढांचा असुरक्षित संचालन के बजाय काम बंद रहने की अवधि (डाउनटाइम) के लिए दंडित करता है और रखरखाव के लिए की गई कार्यबंदी (शटडाउन) को पुरस्कृत करता है। शक्ति संयंत्र में हुए हादसे जैसी घटनाएं इस बात का भी सबूत हैं कि निरंतर यंत्रीकरण (इंस्ट्रूमेंटेशन) और जांच के बजाय निर्माण संबंधी मानकों पर ढांचे का ध्यान केंद्रित करना कारगर नहीं है। केंद्र सरकार का व्यावसाय करने में आसानी पर ध्यान केंद्रित करने से औचक सरकारी निरीक्षणों की जगह पर स्व-प्रमाणीकरण और निर्धारित तीसरे-पक्ष द्वारा जांच को बढ़ावा मिला है।


## महिलाओं का सशक्तिकरण नहीं होने वाला



सरकार परिसीमन की आड़ में भारत का निर्वाचक मानचित्र बदल देना चाहती है, लेकिन इससे महिलाओं का सशक्तीकरण नहीं होने वाला है, संसदीय सीटों का परिस. ीमन देश द्रोह है और विपक्ष इसे किसी कीमत नहीं होने देगा सरकार लोक सभा सीटों का परिसीमन और विधायिका में महिलाओं का आरक्षण जिस तरह से देना चाहती है, वह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलितों और अल्पसंख्यकों के हितों पर हमला है। विपक्षी सदस्य इसका कड़ा विरोध करते हैं, आप ओबीसी को, दलितों को हिन्दू तो कहते हैं, पर सत्ता में उन्हें स्थान नहीं देते, कार्पोरेट में ओबीसी, दलित कहां हैं, शिक्षा क्षेत्र में वंचित वर्ग कहां है, निजी क्षेत्र में ओबीसी -दलित कहां हैं, सार्वजनिक क्षेत्र से वंचित वर्गों को हटाया जा रहा है।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# धरोहरों में धड़कता भारतीय इतिहास



विश्व धरोहर दिवस, जिसे आधिकारिक रूप से 'स्मारकों और स्थलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस' कहा जाता है, मानव सभ्यता की स्मृतियों और भविष्य की जिम्मेदारियों के बीच सेतु का प्रतीक है। वर्ष 1983 में यूनेस्को द्वारा स्थापित यह दिवस हर वर्ष 18 अप्रैल को हमें यह स्मरण कराता है कि इतिहास केवल पुस्तकों में नहीं बल्कि पत्थरों, गुफाओं, नदियों, जंगलों और स्मारकों में जीवित रहता है। यह उन कहानियों का जीवंत संग्रह है, जिन्हें समय ने तराशा है और जिन्हें संरक्षित रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। भारत, जो हजारों वर्षों की सतत सभ्यता का वाहक रहा है, अपनी विविधता, गहराई और सांस्कृतिक समृद्धि के कारण विश्व धरोहर मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान रखता है।

वर्तमान में भारत के पास 44 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हैं, जो इसे वैश्विक स्तर पर अग्रणी देशों में स्थापित करते हैं और यह दर्शाते हैं कि भारत केवल अतीत का संग्रहालय नहीं बल्कि प्रकृति और संस्कृति के अद्भुत संतुलन का जीवंत उदाहरण है। भारत की सांस्कृतिक धरोहरों में ताजमहल की श्वेत संगमरमर में उकेरी गई प्रेमगाथा, कुतुब मीनार की स्थापत्य भव्यता, खजुराहो मंदिर की कला और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम तथा अजंता और एलोरा गुफाओं की भित्ति चित्रों और शिल्पकला की अनूठी परंपरा शामिल है। यह केवल स्मारक नहीं बल्कि भारतीय चेतना की परतों को खोलने वाली जीवित कृतियां हैं, जो धर्म, दर्शन, कला और विज्ञान के समन्वय को प्रस्तुत करती हैं। इसी तरह हम्पी और महाबलपुरम जैसे स्थल यह प्रमाणित करते हैं कि प्राचीन भारत में स्थापत्य, जल प्रबंधन और खगोल विज्ञान कितने उन्नत स्तर पर थे। प्राकृतिक धरोहरों की बात करें तो भारत की जैव विविधता विश्व में अद्वितीय है। काजीरंगा नेशनल पार्क, सुंदरबन नेशनल पार्क, वेस्टर्न घाट और वैली ऑफ फ्लावर्स नेशनल पार्क जैसे स्थल न केवल प्राकृतिक सौंदर्य के प्रतीक हैं बल्कि पारिस्थितिक संतुलन और जैव विविधता के संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यह क्षेत्र हमें यह भी सिखाते हैं कि प्रकृति और मानव का संबंध प्रतिस्पर्धा का नहीं बल्कि सह-अस्तित्व का होना चाहिए। भारत का एकमात्र मिश्रित धरोहर स्थल कंचनजंघा नेशनल पार्क इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है कि किस प्रकार प्रकृति और संस्कृति एक-दूसरे में घुल-मिलकर एक समग्र विरासत का निर्माण करती हैं। यहां के पर्वत, मिथक, स्थानीय आस्थाएं और पारंपरिक ज्ञान इस क्षेत्र को केवल भौगोलिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक रूप से भी विशिष्ट बनाते हैं। विश्व धरोहर सूची में किसी स्थल का शामिल होना केवल सम्मान नहीं बल्कि एक कठोर और बहुआयामी प्रक्रिया का परिणाम होता है। पहले किसी स्थल को 'टेंटेटिव लिस्ट' में शामिल किया जाता है, फिर विशेषज्ञों द्वारा उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, स्थापत्य और संरक्षण संबंधी पहलुओं का गहन मूल्यांकन किया जाता है। जब वह सभी मानकों पर खरा उतरता है, तभी उसे विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त होता है। यह प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि सूची में शामिल प्रत्येक स्थल मानवता के लिए असाधारण सार्वभौमिक मूल्य रखता हो। हाल के वर्षों में भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 2024 में असम के मोइदाम-अहोम राजवंश की दफन प्रणाली को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया जबकि 2025 में मराठा सैन्य परि.श्यों को यह प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। यह दोनों उदाहरण यह दर्शाते हैं कि भारत की विरासत केवल प्राचीन मंदिरों और स्मारकों तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें विविध ऐतिहासिक परंपराएं और क्षेत्रीय पहचान भी शामिल हैं। भारत की धरोहरें केवल राजाओं और साम्राज्यों की कहानी नहीं कहती बल्कि आम जनजीवन की रचनात्मकता, विश्वास और सामाजिक संरचना को भी अभिव्यक्त करती हैं। नालंदा विश्वविद्यालय और विक्रमशिला जैसे प्राचीन शिक्षा केंद्र यह दर्शाते हैं कि भारत कभी वैश्विक ज्ञान का केंद्र रहा है, जहां दुनियाभर से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते थे। इसी प्रकार भीमबेटका की गुफाएं मानव सभ्यता के प्रारंभिक चरणों की झलक प्रस्तुत करती हैं, जहां हजारों वर्ष पुराने चित्र आज भी संवाद करते प्रतीत होते हैं। हालांकि इस गौरवशाली विरासत के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। तेजी से बढ़ता शहरीकरण, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, अतिक्रमण और अनियंत्रित पर्यटन कई धरोहर स्थलों के अस्तित्व पर खतरा बनकर मंडरा रहे हैं। ताजमहल के आसपास बढ़ता वायु प्रदूषण और काजीरंगा नेशनल पार्क में मानवीय हस्तक्षेप इस बात के उदाहरण हैं कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो ये धरोहरें केवल स्मृतियों में सिमट सकती हैं।

इस दिशा में भारत सरकार और विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण लगातार संरक्षण और पुनरुद्धार के कार्यों में सक्रिय है। 'एडॉप्ट ए हेरिटेज' जैसी योजनाओं के माध्यम से निजी क्षेत्र और स्थानीय समुदायों को भी संरक्षण में भागीदार बनाया जा रहा है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से 'वर्चुअल हेरिटेज वॉक' जैसी पहलें नई पीढ़ी को धरोहरों से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। फिर भी, केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। धरोहर संरक्षण को जनआंदोलन बनाना होगा। जब तक स्थानीय समुदाय स्वयं इन स्थलों को अपनी पहचान का हिस्सा नहीं मानेंगे, तब तक संरक्षण के प्रयास अधूरे रहेंगे। बिश्नोई जैसे समुदायों का उदाहरण यह दर्शाता है कि यदि समाज जागरूक हो तो वह प्रकृति और विरासत दोनों की रक्षा कर सकता है। भारत की कई ऐसी धरोहरें भी हैं, जो अभी यूनेस्को की सूची



श्वेता गोयल

में शामिल नहीं हैं लेकिन उनकी महत्ता किसी भी . ष्टि से कम नहीं है। वाराणसी की प्राचीनता, मथुरा-वृंदावन की सांस्कृतिक जीवंतता, उज्जैन की धार्मिक परंपरा और लोकटक झील की पारिस्थितिक विशिष्टता यह दर्शाती है कि भारत की विरासत केवल सूचीबद्ध स्थलों तक सीमित नहीं है बल्कि हर क्षेत्र, हर संस्कृति और हर परंपरा में समाई हुई है। आज के समय में, जब वैश्वीकरण और उपभोक्तावाद के प्रभाव में समाज तेजी से बदल रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि हम अपनी जड़ों से जुड़े रहें। धरोहरें केवल अतीत का अवशेष नहीं बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाली प्रेरणा हैं। वे हमें यह सिखाती हैं कि विकास केवल आधुनिकता में नहीं बल्कि परंपरा और नवाचार के संतुलन में निहित है। भारत की धरोहरों में इतिहास पत्थरों में दर्ज है लेकिन उनका अर्थ जीवंत है। वे हमें हमारी पहचान, हमारी संस्कृति और हमारी सामूहिक चेतना से जोड़ती हैं। इन्हें संरक्षित करना केवल अतीत को बचाना नहीं बल्कि भविष्य को संवारना है। यह जिम्मेदारी जितनी सरकार की है, उतनी ही समाज की भी है। यही वह संवाद है, जो धरोहरों को अमर बनाता है। भारत की 44 विश्व धरोहरें इसी अमर संवाद की प्रतीक हैं, एक ऐसा संवाद, जो अतीत से वर्तमान और वर्तमान से भविष्य तक निरंतर प्रवाहित हो रहा है।

# भारत का फार्मा सेक्टर : युवाओं के लिए नया आकाश

**हम उद्योग-अकाद. मिक साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं। इसी दिशा में, शिक्षा और उद्योग के बीच तालमेल बिठाने के लिए नाईपर और उद्योग के बीच 356 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही स्किल डेवलपमेंट मिशनों के माध्यम से छात्रों को सीधे कंपनियों के साथ जुड़ने के मौके दिए जा रहे हैं। इससे न केवल युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी, बल्कि भारत एक ग्लोबल इना. ेवेशन हब बनेगा।**

भारत आज दुनिया की श्फार्मेसीश के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर चुका है, और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन के अनुरूप अब हम केवल जेनेरिक दवा बनाने वाले देश से आगे बढ़कर एक श्नवाचार-आधारितश वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर हैं। हमारी सरकार का उद्देश्य ऐसी नीतियां बनाना है जिससे देश के हर नागरिक कम कीमत में गुणवत्तापूर्ण दवाएं से मिल सकें। साथ ही सरकार निरंतर अनुसंधान और विकास को बढ़ावा दे रही है और भारतीय फार्मा उद्योग को वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए काम कर रही है। भारत की अब तक की सफलता उसकी उत्पादन क्षमता, लागत दक्षता और गुणवत्ता मानकों पर आधारित रही है। विश्व की लगभग 20 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं और 60 प्रतिशत वैक्सीन आपूर्ति के साथ देश ने वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसको देखते हुए भारत सरकार ने 8 से 10 वर्षों में देश को उच्च-मूल्य, नवाचार-आधारित बायोफार्मा और उन्नत चिकित्सीय उत्पादों का वैश्विक केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इसकी आधारशिला के रूप में हालिया केंद्रीय बजट में घोषित रुपये 10,000 करोड़ की 'बायोफार्मा शक्ति' पहल महत्वपूर्ण है। यह कार्यक्रम देश में वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार आधारित उद्योगों और अगली पीढ़ी की दवाओं के विकास को गति प्रदान करेगा। आर्थिक आंकड़े भी इस बात को दर्शाते हैं कि भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग वर्तमान में 50 अरब डॉलर का है। जिस रफ्तार से हम आगे बढ़ रहे हैं, 2030 तक इसके 130 अरब डॉलर तक पहुंचने की पूरी संभावना है। इसे केवल संख्या नहीं, बल्कि देश के लाखों युवाओं के लिए बेहतर भविष्य के रोडमैप के तौर पर भी देखने की जरूरत है। वर्तमान में फार्मास्युटिकल उद्योग प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 30 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे रहा है। 2030 तक हेल्थकेयर और फार्मा क्षेत्र में 20 से 25 लाख नए रोजगार सृजित होंने की उम्मीद है। बायोफार्मा, मेडटेक और क्लीनिकल रिसर्च जैसे उभरते क्षेत्रों ने संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं।

हमारी सरकार का मानना है कि युवाओं की सफलता की नींव एक मजबूत शैक्षणिक ढांचे पर टिकी होती है। इसी विजन को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय बजट में फार्मा सेक्टर के लिए और भी कई क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं। सरकार ने देश में तीन नए राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईपर) स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही, वर्तमान में कार्यरत सात नाईपर संस्थानों को अपग्रेड किया जा रहा है। इन सात संस्थानों में श्सेंटर ऑफ एक्सीलेंसश की स्थापना की गई है, जो अनुसंधान और विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से विशेष क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा रहा है, नाईपर मोहाली में एंटी-वायरल और एंटी-बैक्टीरियल दवाओं की खोज एवं विकास, नाईपर अहमदाबाद में मेडिकल डिवाइसेज, नाईपर हैदराबाद में बल्क ड्रग्स, नाईपर कोलकाता में फ्लो केमिस्ट्री और सतत विनिर्माण, नाईपर रायबरेली में नोबेल ड्रग डिलीवरी सिस्टम, नाईपर गुवाहाटी में फाइटोफार्मास्यूटिकल्स तथा नाईपर हाजीपुर में बायोलॉजिकल थेरैप्यूटिक्स पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए गए हैं। इन संस्थानों का सीधा लाभ हमारे विद्यार्थियों को मिलेगा। नाईपर केवल डिग्री देने वाले संस्थान नहीं रह जाएंगे, बल्कि वे ऐसे केंद्र बनेंगे जहां छात्र उद्योग की वास्तविक चुनौतियों पर काम करेंगे। इससे हमारे छात्र केवल जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब क्रिएटर और नवाचारी बनेंगे। बदलते दौर में काम करने के तरीके बदल रहे हैं। अनुमान है कि 2030 तक फार्मा सेक्टर के लगभग 30-35 प्रतिशत कार्यबल को री-स्किलिंग यानी नए कौशल सीखने की जरूरत होगी। केयर डिलीवरी, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग की परिभाषाएं बदल रही हैं। डेटा विश्लेषण, डिजिटल हेल्थ और नियामक मामलों में उच्च कौशल वाले युवाओं की मांग तेजी से बढ़ेगी। हमारी सरकार का ध्यान इसी स्किल गैप को भरने पर है। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र क्लीनिकल रिसर्च और अनुसंधान और विकास में विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करें। शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को कम करना हमारी प्राथमिकता है। जब तक हमारे कॉलेजों में पढ़ाया जाने वाला पाठ्यक्रम और उद्योग की जरूरतें एक समान नहीं होंगी।

**-अनुप्रिया पटेल**

**(लेखक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं)**

# नोएडा में अशांति : कारखाना मालिकों को सबक लेने की जरूरत

नोएडा के औद्योगिक क्षेत्र में बीते 13 अप्रैल को जो घटना घटी, वह केवल एक स्थानीय प्रदर्शन नहीं थी। फेज-2 के होजरी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 60, 62, 63 और आसपास के दर्जनों कारखानों के हजारों मजदूर वेतन वृद्धि, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, साप्ताहिक छुट्टी, बोनस और शिकायत निवारण समिति जैसी मांगों को लेकर सड़क पर उतरे। शुरू में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन था, लेकिन जल्द ही पथराव, वाहनों में आगजनी, संपत्ति तोड़फोड़ और पुलिस के साथ टकराव का रूप ले लिया। पुलिस को आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लेना पड़ा। सैकड़ों लोग घायल हुए, दर्जनों वाहन जलाए गए और सैकड़ों मजदूरों की गिरफ्तारी हुई। उत्तर प्रदेश सरकार ने तुरंत न्यूनतम मजदूरी में 21 प्रतिशत की अंतरिम वृद्धि की घोषणा कर दी, लेकिन आग बुझने में समय लगा।यह घटना मात्र नोएडा की नहीं है। यह पूरे देश के लिए एक बड़े संदेश की तरह है। आज भारत मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अगर श्रमिक-प्रबंधन संबंधों को नजरअंदाज किया गया तो नोएडा जैसी स्थिति कहीं भी दोहराई जा सकती है।



मुख्य वजह हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच न्यूनतम मजदूरी का बड़ा अंतर था। हरियाणा सरकार ने हाल ही में अनुभवी मजदूरों के वेतन में करीब 35 प्रतिशत की वृद्धि कर दी। अकुशल श्रमिकों के वेतन को 14,000 रूपए से बढ़ाकर 19,000 रूपए तक कर दिया गया। नोएडा के मजदूरों को यही खबर मिली और उन्होंने मांग की कि उनका वेतन भी उसी स्तर पर हो। वर्तमान में नोएडा में कई कारखानों में अनुभवी मजदूरों को 11-13 हजार रूपए मासिक मिल रहे थे, जबकि महंगाई, किराया, राशन, शिक्षा और स्वास्थ्य खर्च ने आसमान छू लिया है। साथ ही लंबे काम के घंटे, ओवरटाइम का सिंगल रेट, वेतन स्लिप न मिलना और यौन उत्पीड़न समिति जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी ने आक्रोश को भड़काया। सोशल मीडिया पर 'हरियाणा मॉडल' की खबरें तेजी से फैलीं। कुछ बाहरी तत्वों ने भी इसे भड़काने की कोशिश की, लेकिन मूल समस्या आर्थिक थी। तीन-चार दिन के शांत प्रदर्शन के बाद 13 अप्रैल को हिंसा भड़क गई। पुलिस ने न्यूनतम बल प्रयोग किया, लेकिन स्थिति बिगड़ चुकी थी। सरकार ने बाद में 1 अप्रैल से लागू होने वाली वेतन वृद्धि की घोषणा की, फिर भी कई मजदूर संतुष्ट नहीं हुए। यह अशांति अचानक नहीं आई है। पिछले कुछ वर्षों में देश भर में श्रमिकों के बीच असंतोष बढ़ा है। कारण कई हैं। महंगाई और वास्तविक आय में कमीरू खाने-पीने, आवास और परिवहन का खर्च तेजी से बढ़ा है, लेकिन वेतन वृद्धि धीमी रही। विशेषकर अनुबंधित और ठेकेदार मजदूर सबसे ज्यादा प्रभावित रहे।श्रम कानूनों का अधूरा कार्यान्वयनरू चार नए श्रम संहिताओं का उद्देश्य सुविधा देना था, लेकिन कई राज्यों में उन्हें पूरी तरह लागू नहीं किया गया। न्यूनतम मजदूरी की समीक्षा समय पर नहीं होती।प्रबंधन की उदासीनतारू कई कारखाने एमएसएमई क्षेत्र के हैं। मालिक लागत बचाने के चक्कर में वेतन, बोनस और सुरक्षा पर ध्यान नहीं देते। संवाद की कमी भी रहती है। जब हरियाणा में वेतन बढ़ा, तो नोएडा के मालिकों ने इसे 'स्थानीय मुद्दा' मानकर नजरअंदाज कर दिया। नोएडा जैसे क्षेत्रों में ज्यादातर मजदूर बिहार, उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों और पूर्वी राज्यों से आते हैं। वे परिवार को पैसा भेजने के लिए कम वेतन पर भी काम करते हैं, लेकिन महंगाई ने उनका सब्र तोड़ दिया। सोशल मीडिया और सूचना का प्रसार ऐसा होने लगा कि एक जिले की खबर दूसरे जिले में तुरंत पहुंचने लगी। जिस कारण तुलना

### कर्मचारियों के हक

**नोएडा से सबक लेकर देश भर के कारखाना मालिकों को तुरंत कुछ कदम उठाने चाहिए।**

- **हर साल महंगाई के आधार पर 10 से 20 फीसदी वेतन बढ़ोतरी का फॉर्मूला तय करें।**
- **वेतन समय पर और स्लिप के साथ दें।**
- **ग्रेविएंस कमेटी, वर्कर्स वेलफेयर कमेटी बनाएं।**
- **मासिक बैठकें रखें।**
- **ओवरटाइम, पीएफ, ईएसआई, बोनस, छुट्टियां जैसे सभी नियमों का पालन करें।**
- **मजदूरों को ट्रेनिंग दें ताकि वे ज्यादा उत्पादक बनें व बेहतर वेतन का हकदार हों।**
- **काम का माहौल सुरक्षित और सम्मानजनक बनाएं।**
- **यौन उत्पीड़न समिति अनिवार्य रूप से सक्रिय रखें।**
- **राज्य और केंद्र सरकार के साथ मिलकर लंबी अवधि की मजदूरी नीति बनाएं।**



रजनीश कपूर

आसान हो गई है। इसी तरह की घटनाएं पहले गुरुग्राम, चेन्नई, कोयंबटूर और अहमदाबाद में भी देखी गई हैं। सवाल उठता है कि क्या दोष किसी एक पक्ष का है? उल्लेखनीय है कि कई फैक्टरियां लाभ कमा रही हैं, लेकिन मजदूरों को न्यूनतम सुविधाएं भी नहीं दे पा रही। संवाद की जगह दमन का रवैया अपनाया जाता है। वहीं सरकार की बात करें तो उनके द्वारा न्यूनतम मजदूरी की समीक्षा में देरी करना। पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय की कमी।

श्रम विभाग की कमजोरनिगरानी, आदि जैसे कई कारण हैं जो सरकार को भी सवालों के घेरे में लाते हैं। वहीं मजदूरों की बात की जाए तो हिंसा कभी जायज नहीं होती। वाहनों में आग लगाना, पथराव और संपत्ति तोड़फोड़ से उनकी अपनी मांगें कमजोर होती हैं। ऐसे में कुछ बाहरी उकसावे वाले तत्व इन सब का फायदा उठा लेते हैं। कई जगह यूनियनें राजनीतिक रंग ले लेती हैं और संवाद की बजाय आंदोलन को बढ़ावा देती हैं। वास्तव में दोष 'व्यवस्था' का है, जिसमें त्रिपक्षीय संवाद (सरकार-प्रबंधन-श्रमिक) कमजोर हो गया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




प्रयागराज। भीषण गर्मी में पानी के टैंकर के ऊपर से पानी की बोतलें भरता व्यक्ति।

## मार्को रुबियों-एवेट कपूर के बीच युद्ध विराम व होर्मुज को लेकर चर्चा

**लंदन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर के साथ अमेरिकी-ईरान युद्ध विराम और होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बताया कि दोनों नेताओं ने युद्ध विराम के अगले कदमों की समीक्षा की और जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया, ताकि वाणिज्यिक जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और ईरान के बीच वर्तमान संघर्षविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उल्लेख किया कि यह अभी भी अनिश्चित है कि युद्ध विराम को आगे बढ़ाया जाएगा या नहीं, लेकिन उन्होंने चल रही बातचीत के बारे में आशा व्यक्त की।

## मैक्रों ने इजरायल व लेबनान युद्धविराम का समर्थन किया

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इजरायल और लेबनान के बीच दस दिनों के युद्धविराम का 'पूर्ण समर्थन' किया है। मैक्रों ने हालांकि इस समझौते को लेकर चिंता भी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं इस बात को लेकर चिंतित हूं कि सैन्य अभियानों के जारी रहने से यह युद्धविराम कमजोर पड़ सकता है। मैं सीमा के दोनों ओर नागरिक आबादी की सुरक्षा की अपील करता हूं। हिजबुल्लाह को अपने हथियारों का त्याग करना चाहिए और इजरायल को लेबनान की संप्रभुता का सम्मान करते हुए युद्ध रोकना चाहिए। इजरायल और लेबनान दोनों ने इस युद्धविराम का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे 'ऐतिहासिक शांति समझौता करने का अवसर' बताया है। यह समझौता फिलहाल दस दिनों के लिए है, जिसे बातचीत में प्रगति होने पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

# क्यूबा के राष्ट्रपति की ट्रम्प को दो टूक

### अमेरिका ने सैन्य आक्रामकता दिखाई, तो लड़ाई लड़ेगा देश, हमें एक बार फिर गंभीर खतरों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा

**हवाना।** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज-कैनेल ने कहा कि क्यूबा नहीं चाहता कि अमेरिका उस पर सैन्य कार्रवाई करे। उन्होंने कहा, अगर ऐसा होता है तो उनका देश लड़ने के लिए तैयार है। डियाज-कैनेल ने यह बात एक रैली में कही, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए थे।

यह रैली क्यूबा की क्रांति के 65 साल पूरे होने पर आयोजित की गई थी, जब क्यूबा ने खुद को समाजवादी देश घोषित किया था। डियाज-कैनेल ने कहा, यह बेहद चुनौतीपूर्ण समय है और हमें एक बार फिर गंभीर खतरों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा, जैसे 16 अप्रैल 1961 को थे। इन खतरों में (संभावित) सैन्य हमला भी शामिल है। हम यह नहीं चाहते, लेकिन इससे बचने के लिए तैयारी करना हमारा कर्तव्य है और अगर यह टालना संभव न हो, तो हमें इसे हराना होगा। उन्होंने यह बात ऐसे समय में कही, जब



■ डियाज कैनेल ने यह बात एक रैली में कही, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए थे

दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिका की ऊर्जा नाकेबंदी के कारण क्यूबा का संकट और गहरा गया है। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रम्प ने कहा था कि ईरान के साथ जंग खत्म होने के बाद उनका प्रशासन क्यूबा पर फोकस कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम इसे खत्म करने के बाद क्यूबा की ओर भी जा सकते हैं। उन्होंने क्यूबा को विफल देश बताया और कहा कि यह लंबे समय से खराब तरीके से चलाया जा रहा है। जनवरी के शुरुआत में ट्रम्प ने पहले भी क्यूबा में दखल की धमकी दी थी, जब अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला पर हमला किया और वहां से आने वाले तेल की आपूर्ति रोक दी। कुछ हफ्तों बाद ट्रम्प ने उन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी, जो क्यूबा को तेल बेचते हैं या उपलब्ध कराते हैं। ट्रम्प और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के माता-पिता 1950 के दशक में क्रांति से पहले क्यूबा से प्रवास कर गए थे। दोनों ने क्यूबा की सरकार को अक्षम और दमनकारी बताया है। डियाज-कैनेल ने उन पर आरोप लगाया कि वे एक ऐसा 'कहानी' बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा क्यूबा असफल देश नहीं है। क्यूबा एक घिरा हुआ देश है। क्यूबा एक ऐसा देश है, जो कई तरह के हमलों का सामना कर रहा है। इनमें आर्थिक युद्ध, कड़ी नाकेबंदी और ऊर्जा नाकेबंदी शामिल हैं। उन्होंने कहा क्यूबा एक ऐसा देश है जिसे धमकाया जाता रहा है, लेकिन वह झुकता नहीं है। हर चीज के बावजूद समाजवाद की वजह से क्यूबा एक ऐसा देश है, जो संघर्ष करता है, आगे बढ़ता है और याद रखिए, यह देश जीतकर रहेगा। क्यूबा और अमेरिका दोनों ने माना है कि तनाव कम करने के लिए बातचीत चल रही है, लेकिन इसके बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईडीएफ ने लेबनान में हिजबुल्लाह के 380 से अधिक ठिकानों को बनाया निशाना

**यरूशलेम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में लेबनानी शिया आंदोलन हिज्बुल्लाह के 380 से अधिक ठिकानों पर हमले किए। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि पिछले 24 घंटों में, आईडीएफ ने दक्षिणी लेबनान में सक्रिय जमीनी बलों के अभियानों का समर्थन करने के लिए हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन के 380 से अधिक ठिकानों पर हमले किए। आईडीएफ ने कहा कि हमलों में हिजबुल्लाह के सदस्यों, मुख्यालयों और लॉन्चरों को निशाना बनाया गया।

### इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर हेलीकॉप्टर क्रैश, आठ की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां पाम आयल के बागानों के बीच उड़ान भर रहा एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को इस घटना की जानकारी दी। यह हेलीकॉप्टर 'पीटी मैथ्यू एयर नुसंतारा' कंपनी का था और इसका माडल एयरबस एच130 था। इसने पश्चिमी कालीमंतन प्रांत के मेल्वी जिले से उड़ान भरी थी।

### लव एंड वॉर 21 जनवरी 2027 को होगी रिलीज

**मुंबई।** रणबीर कपूर, विक्की कौशल और आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म लव एंड वॉर 21 जनवरी 2027 को दुनियाभर में रिलीज होगी भव्य स्तर पर बनी लव एंड वॉर, संजय लीला भंसाली की अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। अपनी भव्य कहानी और इमोशनल गहराई के साथ, यह फिल्म भारत की सबसे बड़ी लव सागा और इंडियन सिनेमा की सबसे शानदार रोमांटिक फिल्मों में से एक बनकर उभर रही है।

# ईरान से समझौते को खुद पाक जाएंगे ट्रम्प!

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः ईरान के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं, टिप्पणी को उनके यू-टर्न की तरह भी पेश किया जा रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं। 40 दिनों से अधिक की जंग के बाद तनावपूर्ण शांति के बीच आई इस टिप्पणी को उनके यू-टर्न की तरह भी पेश किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों पर भी टिप्पणी की। ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना 'दोस्त' बताते हुए कहा कि मोदी के साथ फोन पर उनकी बातचीत 'बहुत अच्छी' रही।

पीएम मोदी ने भी ट्रम्प के फोन काल की पुष्टि की थी। गौरतलब है कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित रखने पर जोर दिया। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी दोनों नेताओं के बीच की बातचीत को सकारात्मक बताया। वहीं ट्रम्प ने यह भी कहा है कि अगर ईरान के साथ समझौता हो जाता है तो वह समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत और ईरान से इतर इजरायल और लेबनान के बीच युद्धविराम पर भी बयान दिया। उन्होंने लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ आउन और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी बात की। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल में 10वां युद्ध रोकने में सफलता हासिल की है। डोनरो सिद्धांत जुमले का इस्तेमाल ट्रम्प की 2026 की विदेश नीति के संदर्भ में किया जाता है। इस धारा के तहत सरकार 'अमेरिका सबसे पहले और केवल अमेरिका' जैसे रुख पर जोर देती है। डोनरो सिद्धांत पूर्व राष्ट्रपति के दौर में इस्तेमाल 'मोनरो सिद्धांत' से प्रेरित है। दरअसल, 1823 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जेम्स मुनरो ने यूरोपीय उपनिवेशीकरण बंद करने का एलान किया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका में किसी भी हस्तक्षेप को अमेरिका के खिलाफ दुश्मनी बढ़ाने जैसे कृत्य के रूप में देखा जाएगा। बीते करीब 200 साल से अधिक समय से इस नीति को डोनरो सिद्धांत की तरह पेश किया जा रहा है। अब गाहे-ब-गाहे ट्रम्प की नीतियों को भी इसी जुमले के आधार पर पेश किया जाता है।

वहीं ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ बहुत जल्द जीत का दावा किया। उन्होंने ईरान की सैन्य क्षमताओं में भारी गिरावट का उल्लेख किया। ट्रम्प ने ईरान को कठिन, स्मार्ट देश बताया, पर कहा उसकी नौसेना खत्म हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि ईरान के 158 जहाज समुद्र में डूब चुके हैं। ट्रम्प ने ईरानी कमांडर घोलमरेजा सुलेमानी को निशाना बनाने का भी जिक्र किया। उन्होंने सुलेमानी को 'सबसे बुरे आतंकवादियों में से एक' बताया, उस पर अमेरिकी सैनिकों पर हमलों का आरोप लगाया। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच, ट्रम्प ने ईरान के साथ युद्धविराम विस्तार पर अनिश्चितता जताई। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान के साथ जल्द ही एक समझौता हो सकता है। उन्होंने दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना मुख्य लक्ष्य है। अगले दौर की वार्ता सप्ताहांत में होने की संभावना है।




■ मोदी के साथ फोन पर उनकी बातचीत 'बहुत अच्छी' रही: ट्रम्प
■ दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की

## अमेरिका-ईरान के बीच पाकिस्तान में शांति वार्ता के दूसरे दौर की तैयारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अगले हफ्ते अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली दूसरे दौर की महत्वपूर्ण शांति वार्ता की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करना है। इस युद्ध ने दुनिया भर में ऊर्जा की आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है। पिछले हफ्ते हुई पहली सीधी बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई थी। हालांकि, दोनों पक्ष अभी दो हफ्ते के अस्थायी युद्धविराम का पालन कर रहे हैं। यह युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होगा। पाकिस्तान इस मौके का फायदा उठाकर दोनों देशों को फिर से बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश कर रहा है। अधिकारिक ने सूत्रों ने शुक्रवार को कहा, दोनों पक्षों को बातचीत की टेबल पर वापस लाने के लिए तेजी से डिप्लोमैटिक काम हुआ। इस शांति प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर काफी सक्रिय हैं।

# ट्रम्प ने अपनी आर्थिक नीतियों का बचाव किया

■ ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों पर अमेरिकी राष्ट्रपति दे रहे सफाई

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों के बीच गुरुवार को लास वेगास में एक कार्यक्रम के दौरान अपनी सरकार के आर्थिक रिकॉर्ड का बचाव किया। श्रम विभाग की हालिया रिपोर्ट में पिछले महीने महंगाई में 0.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाई गई है, जो पिछले चार वर्षों में सबसे बड़ी उछाल है। ट्रम्प ने इस रिपोर्ट की सत्यता पर संदेह जताते हुए इसे ईंधन और ऊर्जा की कीमतों में अस्थाई वृद्धि का परिणाम बताया।

उन्होंने कहा कि यह मत भूलिए कि ईंधन और ऊर्जा की कीमतों के कारण हमें कुछ 'फर्जी महंगाई' का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि ये बढ़ी हुई कीमतें 'अल्पकालिक' हैं और उन्होंने अमेरिकियों से आने वाले सप्ताह के घटनाक्रमों पर नजर रखने का आग्रह किया। गौरतलब है कि खाड़ी क्षेत्र में ईरान के जवाबी हमलों के बाद ईंधन की कीमतों में यह उछाल आया था, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाला तेल व्यापार प्रभावित हुआ था। हालांकि, ट्रम्प द्वारा शांति वार्ता के दौरान संघर्ष पर अस्थाई रोक लगाने की घोषणा के बाद ऊर्जा बाजारों में कुछ राहत देखी गई है। उल्लेखनीय है कि आम जनता के लिए खर्चों को वहन करने योग्य बनाना ट्रम्प के 2024 के राष्ट्रपति अभियान का मुख्य आधार था। आगामी मध्यावधि चुनावों में भी जीवन यापन की लागत से जुड़ी चिंताएं बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। लास वेगास के इस कार्यक्रम में सरकार की 'नो टैक्स ऑन टिप्स' नीति पर प्रकाश डाला गया। इसे पिछले साल के 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' के तहत लागू किया गया था, जो सेवा उद्योग की 60 से अधिक नौकरियों में मिलने वाली बख्शीश पर संघीय कर को समाप्त करता है। इस गोलमेज बैठक में वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट, सांसद टॉमी ट्यूबरविल और नेवादा के लेफ्टिनेंट गवर्नर स्टावरोस एंथोनी भी शामिल हुए।

## नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बड़ी जांच शुरू

■ सात पूर्व पीएम, तीन राष्ट्रपति, राजा की संपत्ति की जांच, 100 मंत्री और अधिकारी भी दायरे में

**काठमांडू।** नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने 5 सदस्यीय न्यायिक पैनल बनाया है, जो 2006 से लेकर 2025-26 तक सार्वजनिक पदों पर रहे लोगों की संपत्ति की जांच करेगा। जांच के दायरे में 2005-06 के बाद के सभी 7 प्रधानमंत्रियों को भी शामिल किया गया है।

इनमें सुशील कोईराला, पुष्प कमल दहल, माधव कुमार नेपाल, झलनाथ खनाल, बाबूराम भट्टराई, केपी शर्मा ओली और शेर बहादुर देउबा शामिल हैं। इसके साथ ही दो अंतरिम सरकारों के प्रमुख खिलराज रेग्मी और सुशीला कार्की भी जांच के दायरे में आएंगे। इसमें पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह भी आएंगे। इसके अलावा तीन राष्ट्रपति राम बरन यादव, विद्या देवी भंडारी और मौजूदा राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल भी जांच के घेरे में होंगे। यह जांच सिर्फ बड़े नेताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मंत्री, संवैधानिक पदों पर बैठे 100 से ज्यादा लोग और वरिष्ठ नौकरशाह भी शामिल होंगे। यह जांच नेपाल में राजशाही खत्म होने के बाद के पूरे दौर को कवर करेगी। इसका मतलब 2006 के बाद का लगभग पूरा राजनीतिक नेतृत्व अब जांच के दायरे में आ गया है। खास बात यह है कि यह जांच शाह सरकार के अपने राजनीतिक दायरे तक भी जा सकती है।

## अमेरिका में वैज्ञानिकों के लापता होने पर ट्रम्प बोलेः मामला गंभीर जांच का दिया आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संवेदनशील राष्ट्रीय सुरक्षा रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों के लापता या मृत होने की रिपोर्ट को लेकर चिंता बढ़ गई है। ट्रम्प ने इस मामले को 'गंभीर' बताया और जांच के आदेश दिए। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर बैठक की है और जल्द ही इसकी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ बेहद महत्वपूर्ण लोग इससे जुड़े हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2023 के बाद से कम से कम 10 वैज्ञानिक या सरकारी कर्मचारी, जो एडवांस डिफेंस और एयरोस्पेस रिसर्च में काम कर रहे थे, लापता हो गए हैं या उनकी मौत हो गई है। इन मामलों में लास एलामोस नेशनल लैबोरेटरी, नासा की जेट प्रोपल्शन लैब और डप्ज के प्लाज्मा साइंस एंड फ्यूजन सेंटर से जुड़े लोगों का जिक्र किया गया है।

# अमेरिकी सेना ने 12 साल बाद सीरिया छोड़ा

### जॉर्डन लौट रहे सैनिक, सरकार बोलीः अब देश में एक ही प्रशासन चलेगा

**दमिश्क।** करीब 12 साल की सैन्य मौजूदगी के बाद अमेरिका ने सीरिया से अपने सभी सैनिक निकाल लिए हैं और सैन्य ठिकाने खाली कर दिए हैं। अप्रैल 2026 में हसाका के कसराक एयरबेस से आखिरी अमेरिकी काफिला निकल गया। इसके बाद सीरियाई सरकार ने सभी बेस अपने कब्जे में ले लिए।

सीरियाई विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम देश को एकजुट करने और पूरे इलाके पर सरकार का नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में बड़ा मोड़ है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की कि करीब 2000 सैनिक जार्डन जा रहे है। अमेरिका ने हसाका, रुमैलान और देइर एज-जोर में मौजूद कम से कम सात बड़े ठिकाने खाली किए। आखिरी ठिकाना कसराक एयरबेस था। अब इस पर सीरियाई सेना का नियंत्रण है। हसाका प्रांत के ग्रामीण इलाके में स्थित कसरक



बेस है। अमेरिकी सेना की वापसी के बाद इसे सीरियाई सरकारी बलों को सौंप दिया गया। इस बीच, सीरिया सरकार और एसडीएफ के बीच हुए समझौते के बाद कुर्द लड़ाकों को राष्ट्रीय सेना में शामिल किया जा रहा है। हसाका और कामिशली जैसे शहरों में सरकारी बल तैनात हो चुके हैं और सीमाई इलाकों पर भी दमिश्क का नियंत्रण बढ़ा है। इसी साल दोनों पक्षों के बीच झड़पें भी हुई थीं, जिसके बाद मार्च में एक नया समझौता हुआ। इसके तहत एसडीएफ और कुर्द प्रशासनिक ढांचे को धीरे-धीरे राज्य में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हुई। सीरिया ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय एंटी-आईएसआईएल गठबंधन में शामिल होकर अपनी भूमिका बदली है। इससे अमेरिका के लिए सीरिया में सैन्य मौजूदगी का आधार कमजोर हुआ और अब वह क्षेत्र में अपनी रणनीति को नए सिरे से तय कर रहा है। एसडीएफ एक कुर्द-नेतृत्व वाला गठबंधन है, जिसे 2015 में बनाया गया था और इसमें कुर्द, अरब और दूसरे स्थानीय समूह शामिल हैं। सीरिया के गृहयुद्ध के दौरान जब सरकार कमजोर हुई, तब कुर्द लड़ाकों ने उत्तर-पूर्वी इलाकों पर कब्जा कर लिया। बाद में यही एसडीएफ के रूप में मजबूत ताकत बन गया। सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शारा और सीरिया के विदेश मंत्री असद हसन अल शैबानी दमिश्क में एसडीएफ के नेता मजलूम अब्दी से मिले। फोटो 16 अप्रैल की है।

# इजरायल-लेबनान के बीच युद्धविराम लागू

### आक्रामक सैन्य अभियानों को रोकने पर सहमत हुए दोनों देश

**तेल अवीव/बेरूत।** इजरायल और लेबनान 10 दिनों के लिए संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं, जो पूर्वी समय अनुसार 16 अप्रैल शाम पांच बजे (भारतीय समयानुसार 17 अप्रैल तड़के 3:30 बजे) से प्रभावी हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि लेबनान के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन हो सकता है।

अच्छी चीजें हो रही हैं। ट्रम्प ने फिर से दावा किया कि उन्होंने दुनिया भर में नौ युद्धों को सुलझाया है और यह दसवां होगा। उन्होंने कहा कि तो चलिए इसे पूरा करते हैं। इस अस्थाई युद्धविराम का उद्देश्य स्थाई शांति समझौते की दिशा में बातचीत के लिए अवसर प्रदान करना है। यह समझौता ट्रम्प द्वारा इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ चर्चा के बाद कराया गया था। समझौते के अनुसार, इजरायल और लेबनान आक्रामक सैन्य अभियानों को रोकने पर सहमत हुए हैं। लेबनान ने हिजबुल्लाह को हमले करने से रोकने के लिए सार्थक कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई है। इस अवधि के दौरान इजरायली बल दक्षिणी लेबनान में 10 किलोमीटर के 'सुरक्षा क्षेत्र' में बने रहेंगे। भले ही युद्धविराम आधिकारिक तौर पर प्रभावी है लेकिन लेबनानी सेना ने आज सुबह दक्षिणी गांवों में इजरायल द्वारा कई हमलों की सूचना दी। इस बीच, इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दावा किया कि उन्होंने पिछले 24 घंटों के दौरान लेबनान में हिजबुल्लाह के 380 से अधिक ठिकानों पर हमला किया। हिजबुल्लाह ने कहा कि वे तभी तक संघर्षविराम का 'पालन' करेंगे जब तक इजरायली हमले बंद रहेंगे। यह संघर्षविराम एक व्यापक क्षेत्रीय राजनयिक प्रयास का हिस्सा है जिसमें अमेरिका और ईरान के बीच अलग से चल रहा दो सप्ताह का युद्धविराम भी शामिल है।



■ लेबनान के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन हो सकता है: ट्रम्प

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)